रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 13 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 161, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 हम वैश्विक संकट के बीच आजीविका...

सेंसेक्स 80,519.34 +622.00

डॉलर 83.519 +0.011

रांची सर्राफा: 10 ग्राम 72,450 | 01 किलो 99,990

1,500 पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया ईमानदारी से दायित्व निभाने की सलाह भी दी

20,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं, यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा

60,000 से ज्यादा युवाओं को निजी संस्थानों और कंपनियों में नौकरी दिलाया जा चुका है

एचईसी हैंडओवर कर दे केंद्र, हम इसकी तस्वीर बदल देंगे : सीएम

संवाददाता/रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेंन ने शुक्रवार को प्रभात तारा मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में 1,500 नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया। ये नवनियुक्त शिक्षक झारखंड के 24 जिलो में अपनी सेवा देंगे। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आपके ऊपर बच्चों के भविष्य निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों को निभाएंगे और राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। सीएम ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे हैं। अब तक बीस हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं और यह सिलसिला जारी है। वहीं, निजी संस्थानों और कंपनियों में 60 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब दिलाया गया है। जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा। लगे हाथ मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र हमें एचईसी हैंडओवर कर दे हम इसकी तस्वीर बदल देंगे -शेष पेज 11 पर

सीएम के टिप्स : ऐसे बनें एक्सीलेंट टीचर

1. आप खुद को इस रूप में तैयार करें कि आपकी पहचान एक्सीलेंट टीचर के रूप में हो।
2. झारखंड में जनजातीय और स्थानीय भाषाओं की काफी अहमियत है ऐसे में एक बेहतर शिक्षक के रूप में स्थापित होने के लिए आपको स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
3. बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ स्थानीय भाषाओं में भी संवाद करें, जिससे आत्मीय लगाव पनपेगा।
4. इस राज्य की भाषा, संस्कृति परंपरा को अक्षुण्ण रखें और इन्हें आगे बढ़ाने में कारगरभूमिका निभाएं।
5. पढ़ाई की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न करें, अपने को रोज अपडेट करते रहें।

स्कूल ऑफ एक्सीलेंस दिया, एक्सीलेंट टीचर्स भी दे रहे हैं, रिजल्ट दें

यहां विभिन्न माध्यम से युवाओं के हुनर को निखारने के साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। आज झारखंड के हुनरमंद युवा देश के साथ विदेशों में भी अपने कार्यों से हर किसी का दिल जीत रहे हैं। समाज में बदलाव लाना है तो हर व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा से सोच बदलती है। यह आगे बढ़ने का राह दिखाती है। इसी वजह से हमारी सरकार शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बना रही है। हमारी सरकार ने 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले हैं। यहां निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था है। इन स्कूलों की संख्या और बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है। हमारी कोशिश है कि सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार का अंतर नहीं रहे। यहां के गरीब बच्चों को इन विद्यालयों में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिस तरह सरकारी विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं, उसी तरह यहां की आने वाली पीढ़ी को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी दे रहे हैं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी एक्सीलेंट रिजल्ट दे सके।

नवनियुक्त शिक्षकों ने कहा-

माता-पिता के हौसले से एक दिव्यांग बन गया मैथ का टीचर

गढ़वा जिला से नियुक्ति पत्र लेने आए दया शंकर शर्मा ने कहा कि मुझे मैथ विषय के लिए नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इसके लिए मै मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करता हूं। मै शारीरिक रूप से दिव्यांग हूं, लेकिन मेरे माता-पिता और घर वाले मुझे हौसल देते रहे। मजबूती देते रहे आज जो भी बन पाया हूं अपने माता पिता के कारण ही हूं।

-दया शंकर शर्मा

मुख्यमंत्री ने जो टिप्स दिये हैं उसपर तेजी से अमल करूंगा

देवघर जिले से आए सकलदेव कुमार ने कहा कि आज बहुत खुश हूं और अपने माता पिता को धन्यवाद देता हूं। गणित विषय में मेरी नियुक्ति हुई है। मैं छात्रों को पूरी इमानदारी से पढ़ाउंगा। मुख्यमंत्री ने जो टिप्स उसपर भी तेजी से अमल करूंगा।

-सकलदेव

लोगों के कपड़े धोता था, आज कॉमर्स का शिक्षक बन गया

गढ़वा जिला से नियुक्ति पत्र लेने आए अशर्फी कुमार ने बताया कि आज जो हो रहा है, वो मुझे सपना लग रहा है। मैं लोगो के कपड़े धोकर आयरन करता और उनके घरों तक पहुंचाता था। लेकिन माता पिता के आशिर्वाद और मेहनत से कॉमर्स का शिक्षक बन गया। मैं बहुत खूश हूं। मेहनत करने से सब संभव है।

-अशर्फी कुमार

एटीएस की बड़ी कार्रवाई

कुख्यात अमन साहू गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार

रांची। झारखंड के कुख्यात अमन साहू गैंग के खिलाफ एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने बड़ी कार्रवाई की है। जेल में बंद अमन साहू गिरोह के तीन शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस ने कहा है कि जेल से ही अमन साहू बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। सूचना मिलने पर एटीएस की टीम शुक्रवार को राजधानी रांची और उससे सटे जिले रामगढ़ एवं पतरातू में छापेमारी करके गिरोह के तीन शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस ने कहा है कि अमन साहू जेल में बंद है। वह जेल से ही अपराध की घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रचता रहता है। उसने एक बड़ी साजिश रची थी लेकिन एटीएस ने उसकी योजना पर पानी फेर दिया है।

अमन साहू को उस वक्त बड़ा झटका लगा था, जब गुरुवार की देर रात उसके एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया था। शूटर का पीछा करते हुए रांची की पुलिस गुमला पहुंची थी। वहां एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे अमन गिरोह के गुर्गे को गुमला पुलिस की मदद से रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। रात में उससे वहीं पर पूछताछ की गई। सूत्र बता रहे हैं कि गिरफ्तार शूटर से पूछताछ के आधार पर गुमला में कई और जगहों पर रांची पुलिस की टीम छापेमारी कर सकती है। शूटर के नाम का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

आज | कल

हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाएगी सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत सरकार अब से हर वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। केन्द्र सरकार ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि क्या हुआ था, जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। यह हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित हुए थे, जो भारतीय इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया काला दौर था।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया में कहा कि संविधान हत्या दिवस हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा, ताकि कांग्रेस जैसी कोई भी तानाशाही मानसिकता भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिये गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद। 25 जून 1975 वह काला दिवस था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही मानसिकता ने हमारे संविधान में निहित लोकतंत्र की हत्या कर देश पर 'आपातकाल' थोपा था। यह दिवस हमारे सभी महापुरुषों के त्याग व बलिदान का स्मरण कराएगा, जो कांग्रेस के इस तानाशाही मानसिकता के विरुद्ध संघर्ष करते हुए संविधान की रक्षा व लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए यातनाएं सहीं और दिवंगत हो गए।

-जगत प्रकाश नड्डा, *भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष*

सुर्खियां बटोरने की कवायद : कांग्रेस

यह सुर्खियां बटोरने की कवायद है। भारत के लोग 4 जून को मोदी मुक्ति दिवस के नाम जानेंगे। इस दिन मोदी को मिली निर्णायक व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार से पहले उन्होंने दस सालों तक अघोषित आपातकाल लगा रखा था। यह वही प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत के संविधान और उसके सिद्धांतों, मूल्यों एवं संस्थानों पर सुनियोजित ढंग से हमला किया है। यह वही प्रधानमंत्री हैं, जिनके लिए डेमोक्रेसी का मतलब केवल डेमो-कुर्सी है।

-जयराम रमेश, *वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रवक्ता*

अलर्ट जारी...

झारखंड में मानसून फिर सक्रिय आज भी होगी भारी बारिश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में मानसून फिर से सक्रिय है। रांची सहित राज्य के कई जिलों में शुक्रवार दोपहार बाद जमकर बारिश हुई। जगह-जगह पानी जम गए। ईस्ट-वेस्ट टर्फ नॉर्थ-ईस्ट उत्तर प्रदेश में सकुर्लेशन बन रहा है। डालटनगंज होते हुए पश्चिम बंगाल तक मॉनसून गुजर रहा है। मॉनसूनी हवाएं चल रही हैं। इससे आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की उम्मीद है। 13 जुलाई को कई जिलों में भारी बारिश होगी। तापमान में भी अपेक्षाकृत गिरावट दर्ज की जाएगी। राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में 13 जुलाई को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की उम्मीद है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, रांची जिलों में देखने को मिलेगा।

-शेष पेज 11 पर

बढ़ेगी सुरक्षा...

देवघर श्रावणी मेले में आठ हजार पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती

नवीन मेल संवाददाता

देवघर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू होगा। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देवघर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शहर की विधि-व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। देवघर के एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिसकर्मियों के ठहराव के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। इसके अलावा सभी पुलिसकर्मियों की किस जगह पर तैनाती होगी इसे लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि देवघर श्रावणी मेला के दौरान पूरे एक महीने अत्यधिक भीड़ होती है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं। ऐसे में जिले की यातायात व्यवस्था में भी कई बदलाव किए जाते हैं, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। -शेष पेज 11 पर

सबसे अधिक आबादी वाला देश अभी बना रहेगा भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत अगली सदी में भी दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। भारत की जनसंख्या 2060 के दशक के मध्य में चरम पर होगी, लेकिन इसके बाद इसमें धीरे-धीरे गिरावट शुरू होगी। इसके बाद भी भारत अगली सदी (2100) में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। वरिष्ठ जनसंख्या मामलों की अधिकारी क्लेयर मेनोजी ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की विश्व जनसंख्या संभावना 2024 रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत इस समय जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश है। अनुमान है कि यह पूरी शताब्दी में ऐसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक के आसपास चरम पर होगी। फिर इसमें थोड़ी गिरावट आनी शुरू होगी। सदी के अंत तक भारत की जनसंख्या लगभग 1.5 अरब रहने का अनुमान है। बावजूद इसके भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होगा। आंकड़ों के अनुसार, भारत की जनसंख्या वर्तमान 1.45 अरब से बढ़कर 2064 में 1.7 अरब हो जाएगी। इसके बाद 2100 में भारत की जनसंख्या घटकर 1.5 अरब होने का अनुमान है, जो 12 प्रतिशत की गिरावट होगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत उन देशों में शामिल है जहां 20 से 64 वर्ष की कामकाजी आयु वाली आबादी 2054 तक बढ़ेगी।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि इस अवसर को भुनाने के लिए विभिन्न देशों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा। ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे नई नौकरियों का सृजन हो सके। अनुमान है कि -शेष पेज 11 पर

इंडिया

विरासत की युवा राजनीति से सजेगा विधानसभा का चुनाव ?

सुनील बादल

निर्वाचन आयोग की रांची में की गई समीक्षा के साथ ही विधानसभा चुनाव की अघोषित गगनभेरी बज गई है। राजनीतिक दल भी अब विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। धीरे-धीरे राज्य में चुनावी माहौल बनता जा रहा है। इस बार के चुनाव में कुछ विशेष होने वाला है जब चुनाव के मैदान में युवा चेहरों के रूप में विधायकों,मंत्रियों और नेताओं की पुत्र-पुत्रियां भी उतरने वाले हैं। विभिन्न कारणों से नई पीढ़ी टिकट के जुगाड़ में भी लग गई है और उनके पिता भी उनके इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। इनमें से कुछ नेता उम्र के ढलान पर होने के कारण अपनी जगह पुत्र-पुत्रियों को स्थापित करना चाहते हैं तो कुछ स्वास्थ्य कारणों से। कुछ नेताओं के लिए परिस्थिति ऐसी बन गई है कि वे अपने बेटे-बेटी या बहू को विधानसभा चुनाव मैदान में उतारने को विवश हैं।रामेश्वर उरांव, नलिन सोरेन, आलमगीर आलम, स्टीफन, सीता सोरेन समेत इन नेताओं के पुत्र-पुत्रियां चुनाव लड़ सकते हैं। मंत्री सत्यानंद भोक्ता का मामला दिलचस्प है जो अब एससी से एसटी हो गए हैं। क्योंकि केंद्र सरकार ने भोक्ता समाज को एसटी में शामिल कर लिया है। भोक्ता चतरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। चतरा एससी के लिए रिजर्व सीट है। इस कारण भोक्ता अब चतरा से बहू रश्मि प्रकाश (एससी समुदाय) को चुनाव लड़ाने की तैयारी में हैं ।पलामू के विश्रामपुर से भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की उम्र 75 पार की है। वरिष्ठ नेता रामचंद्र चंद्रवंशी अपनी राजनीतिक विरासत पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी को सौंपने का मन बना चुके हैं। 77 पार कर चुके वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव कमजोर होने से पूर्व अपने पुत्र रोहित उरांव ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिलाने के प्रयास में हैं ।दुमका से नव निर्वाचित सांसद नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन शिकारीपाड़ा से विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।झामुमो के वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी की पुत्री उपासना भी चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में लगी हैं। महेशपुर के विधायक स्टीफन मरांडी अस्वस्थ चल रहे हैं। जिस कारण वे राजनीतिक कार्यक्रमों, व सम्मेलनों में जाने से बचते हैं।परिस्थिति उन्हें बेटी उपासना को राजनीति के मैदान में लाने के लिए प्रेरित कर रही है।पिता आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद पुत्र तनवीर आलम पाकुड़ का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी में हैं। कांग्रेस भी तनवीर को पाकुड़ से टिकट देने की तैयारी में बताई जाती है।इसी प्रकार ईचागढ़ की विधायक सविता महतो की पुत्री स्नेहा लगातार राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में लगी हुई हैं। क्षेत्र में वह मां से अधिक सक्रिय रहती है। लोकसभा चुनाव में भी वह जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से झामुमो की टिकट की दावेदार थी। अब विधानसभा चुनाव में मां की जगह ईचागढ़ से चुनाव लड़ने की कोशिश में लग गई हैं।ट्रेड यूनियन से जुड़े पूर्व मंत्री दिवंगत राजेंद्र सिंह के पुत्र गौरव सिंह भी चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। पिता की परंपरागत बेरमो विधानसभा सीट से उनके बड़े भाई अनूप सिंह विधायक बन चुके हैं। अब गौरव सिंह धनबाद या किसी दूसरे विधानसभा क्षेत्र से टिकट की जुगत में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल भी चुनाव लड़ने की कोशिश में लगे हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि चंपाई सोरेन अभी इसके लिए तैयार नहीं हैं।सीता सोरेन की पुत्री राजश्री राजनीति के क्षेत्र में लंबे अरसे से काम कर रही है। पिछले चुनाव में वे सोशल मीडिया में भी सक्रिय थीं ।भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ी सीता सोरेन के लोकसभा चुनाव हारने के बाद अब राजश्री का जामा से विधानसभा चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। सीता सोरेन जामा से ही तीन बार विधायक चुनी गई थीं।अब देखना है कि जनता जनार्दन विरासत संभालने वाले इन युवाओं को चुनती है या नहीं पर इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इनके अभिभावकों का टिकट का जुगाड़ अभियान सफल हो पाता है या नहीं ? इसमें सबसे दिलचस्प निर्णय भाजपा का होगा जो विरासत की राजनीति का विरोध करती रही है ।

केजरीवाल को शर्तों के साथ मिली जमानत लेकिन नहीं होगी रिहाई

-ब्यूरो

- बेल के दौरान सीएम के तौर पर कामकाज नहीं कर सकते
- 50 हजार रुपये का बेल बॉन्ड व 50 हजार रुपये की श्योरिटी देनी होगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी के मामले में अंतरिम जमानत दे दी लेकिन फिलहाल वह जेल से बाहर नहीं आएंगे। केजरीवाल सीबीआई के केस में भी हिरासत में हैं। इस इसके चलते वे सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक केस में जमानत मिलने के बावजूद सीबीआई वाले केस के चलते जेल से फिलहाल बाहर नहीं आ सकेंगे। सीबीआई केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी है। वहीं जमानत देते हुए एससी ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच में भेजने की भी सिफारिश की साथ ही कई और शर्तें भी लगा दी है। रिहाई जब भी हो केजरीवाल पर सबसे बड़ी शर्त है कि वह बेल अवधि के दौरान सीएम के तौर पर कामकाज नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल को 50 हजार रुपये का बेल बॉन्ड भी भरना होगा और 50 हजार रुपये की श्योरिटी भी देनी होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि अरविंद केजरीवाल को बेल तो मिल गई -शेष पेज 11 पर

एक नजर

बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान

सिल्ली। सिल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान है क्षेत्र में हल्की बारिश शुरू होते ही बिजली क्षेत्र से काट दी जाती है और कब आएगी ग्रामीणों को पता तक नहीं चलता है वही गुरुवार की सुबह 10:00 बजे से हल्की बारिश के कारण बिजली क्षेत्र से काट दी जाती है जिसके कारण ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है दूसरी 24 घंटा बाद शुक्रवार की सुबह 10:00 बजे बिजली क्षेत्र में बहाल की जाती है। ग्रामीणों के द्वारा पूछने पर अधिकारियों के द्वारा किसी न किसी बहाना बनाकर टाल मटोल करके जवाब दिया जाता है ग्रामीणों काका कहना है कि इस समस्या से हमें निजात कौन दिलाएगा। समझ से परे है क्योंकि यह समस्या नया नहीं है बिजली को लेकर हम जूझ रहे हैं क्षेत्र में बिजली 20 घंटा भी सही ढंग से सप्लाई नहीं मिल पाती है।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

चान्हो। मुहर्रम को लेकर चान्हो थाना परिसर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों व समाजसेवी के साथ शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी व थानाध्यक्ष अजिम अंसारी ने ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले जगहों की जानकारी ली और कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है। प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए ताजिया तय मार्ग से ही ले जाना अनिवार्य होगा।

किसानों के बीच मकई व अरहर के बीज वितरित

चान्हो। प्रखंड परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। इस दौरान कृषि आत्मा के बीटीएम जनक सिह , व चान्हो उप प्रमुख शिवचरण उरांव के द्वारा कई किसानों को बीज दी गई। जिसमें 4 केजी मक्का एवं 4 केजी अरहर दी गई एवं इफको खाद्य का भी वितरण गया। जिससे किसान खेती कर कृषि को बढ़ावा के साथ-साथ अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकें। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक विधि के माध्यम से मक्का एवं अरहर लगाकर अधिक मुनाफा कमाने की जानकारी दी गई।

पत्रकार को धमकी देने वाले ने थाने में मांगी माफी

सिल्ली/मुरी। मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार के दिन रात्रि 10 बजे कोचों निवासी समीर ठाकुर पिता स्वर्गीय जगदीश ठाकुर ने जामनीटाड़ निवासी सुशील कुमार महतो पिता स्वर्गीय नारायण महतो को मोबाइल नंबर 700 458 2027 से गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी। धमकी तब दी गई जब सुशील कुमार महतो रात्रि में खाना खाकर अपने परिवार संग घर में सो रहे थे। धमकी मिलने के बाद वह काफी डर गए और उनका परिवार भी काफी सहम गया एवं समाचार संकलण करने में भी वह डर रहे थे। तत्पश्चात उन्होंने धमकी के विरुद्ध मुरी ओपी में प्राथमिक दर्ज करने हेतु एक आवेदन दिया। उसके बाद पुलिस ने उनको फोन कर थाना बुलाया। इधर कार्रवाई में विलंब को लेकर एआईएसएम जेडब्ल्यूए के पदाधिकारी प्रदेश महासचिव प्रवीण पांडे, प्रमंडलीय सचिव दिनेश बनर्जी, ग्रामीण जिला महासचिव कमलेश दुबे के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। और प्रशासन द्वारा उचित न्याय के आश्वासन पर धारण प्रदर्शन को खत्म किया गया।

लुंडरी के जलमीनार का मोटर खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या, अधिकारियों का ध्यान नहीं

बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग, जलमीनार का मोटर 8 माह से खराब

नवीन मेल संवाददाता

चान्हों। चान्हो प्रखंड के लुंडरी गांव के मेरिया मुहल्ला के फिरोज अंसारी के घर के बगल में लगे जल मीनार में लगे मोटर 8 माह से खराब है लेकिन इसका कोई सुध लेने वाला नही। लोग पेयजल की समस्या से परेशान हैं। लाखों रुपए की लागत से बना जलमीनार को लोग बड़ी हसरत की नजर से देखे रहे थे। यहाँ के ग्रामीण सरकारी घोषणाओं को वास्तविक जीवन से जोड़ कर देखने लगे थे कि चलो कुछ हो या ना हो सरकार ने पेयजल की समस्या से तो निजात दिला दिया। लेकिन आज भी पेयजल की समस्या से निजात नहीं मिला। यहां के लोगों के सपने चकनाचूर हो गया। हालात यह है कि ग्रामीण प्रतिदिन आशा देखते हैं कि शायद आज पानी आ जाए, शायद आज पानी आ जाए। लेकिन अब लोगों की आशा निराशा में बदल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार का मोटर 8 माह पहले खराब हुआ है और बोरिंग से मोटर और स्टार्टर दोनो को बनाने के नाम से निकाल कर ले जाया गया है। लोगों को लगा कि जल्द ही बना कर चालु कर दिया जायगा लेकिन आज 8 माह से ज्यादा हो गया लेकिन अभी तक मशीन नही डाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द इस पर मोटर नहीं लगाया जाता है तो बाध्य होकर हम लोगों को आंदोलन करना पड़ेगा।

मनरेगा आयुक्त ने जलछाजन के तहत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक की

पानी के व्यर्थ बहाव को रोकना सबकी जिम्मेदारी : राजेश्वरी बी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड जलछाजन परियोजना व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अव्यय 2.0 के तहत शुक्रवार को विभागीय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने जलछाजन के तहत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर रांची, लोहरदगा सिमडेगा एवं गुमला जिले में संचालित परियोजनाओं की क्रियान्वयन एजेंसी के साथ बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि जिले में इस वर्ष अपेक्षाकृत वर्षा कम हुई है। इसलिए यहां जलछाजन के स्कीम की महत्ता बढ़ जाती है। जिलों में जल संरक्षण को लेकर हर स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं।

कम वर्षा में जलछाजन स्कीम का महत्व बढ़ जाता है

उन्होंने जल के एक-एक बूंद के संरक्षण और उसके महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाएं, पानी के व्यर्थ बहाव को रोकना सबकी जिम्मेदारी है। जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता जरूरी है। उन्होंने इन योजनाओं को आत्मसात करते हुए प्लानिंग के साथ कृषि करने की बात कही। कहा कि ड्रिप इरीगेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे जल संग्रहण के साथ-साथ फसल सिंचाई भी अच्छे से की जा सकती है।

राजेश्वरी बी ने कहा कि जल छाजन कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण में सही संतुलन को स्थापित करना। कहा कि मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित खेती तथा खेती की नई तकनीकों को बढ़ावा देना व टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़ावा देना जल छाजन का उद्देश्य है।

बैठक में पीपीटी के माध्यम से जलछाजन को लेकर आवश्यकताओं के अलावे जल संकट की स्थिति और आम आदमी की पहल के साथ जल संरक्षण के उपाय की जानकारी दी गई। इनमें जल, जंगल, तथा जमीन का उचित संरक्षण एवं विकास करना, पारिस्थितिकी में सही संतुलन स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक तथा वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण तथा भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित होती तथा खेती के नई तकनीकों को बढ़वा देना, टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़वा देना शामिल है। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव, जिला तकनीकी विशेषज्ञ समेत कई लोग उपस्थित थे।

खलारी के 5323 बच्चों के लिए आवंटित कर दिए पाठ्यपुस्तक

खलारी। खलारी प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 5323 बच्चों के लिए सभी 52 स्कूलों को पाठ्य पुस्तक आवंटित कर दिया गया। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा सरवरीनाथ चौरसिया ने बताया कि विगत चार दिनों से प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी से वाहन द्वारा प्रखंड के भिन्न-भिन्न स्कूलों को पाठ्य पुस्तक भेजवाया जा रहा था। संबंधित विद्यालय बच्चों को किताब वितरण कर रहे हैं।

आनंद महतो के अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड ग्राम फादिलमरचा पुरियो निवासी 34 वर्षीय मजदूर आंनद महतो पिता वीरन महतो जो पेशे से मजदूरी का काम करता था जिसका कल करमचंद भगत कॉलेज परिसर में बन रहे नवनिर्माणाधीन भवन के तीसरे मंजिल से काम करने के दौरान गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। डॉ परमेश्वर भगत उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए एंव मृतक के परिवार वालो से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

राज्य में खादी के उत्पादन और बिक्री को बढ़ाएं : मनोज सिंह

झारखंड प्रदेश की खादी संस्थाओं के साथ 'खादी संवाद' कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के अशोक नगर में स्थित खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य कार्यालय में शुक्रवार को मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश की खादी संस्थाओं के साथ 'खादी संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्य की अधिकतर खादी संस्थाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की खादी संस्थाओं के उत्पादन एवं बिक्री में आ रही कठिनाइयों पर सार्थक पहल करना था। कहा गया कि आज देश दुनिया में खादी वस्त्र की मांग काफी बढ़ी है, क्योंकि खादी वस्त्र के उत्पादन में पर्यावरण संतुलन भी रहता है और सतत विकास का लक्ष्य भी हासिल होता है। खादी वस्त्रों के उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार का भी सृजन होता है, इसलिए अधिक से अधिक खादी संस्थाएं झारखंड में बने और उनकी गतिविधि बढ़े यह भी इस खादी संवाद का उद्देश्य है।

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रथम और द्वितीय कार्यकाल के दौरान खादी और ग्रामोद्योग को प्राथमिकता पर रखते हुए अनेक प्रकार से बढ़ावा दिया है। इसी का परिणाम है कि आज सरकारी खरीद में भी खादी वस्त्र की मांग बढ़ी है। इसके परिणामस्वरुप खादी और ग्रामोद्योग आयोग की पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की कुल बिक्री लगभग डेढ़ लाख करोड़ के रिकार्ड स्तर तक पहुंच गई है। उन्होंने संस्थाओं से आग्रह किया कि आयोग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ लें और राज्य में खादी के उत्पादन और बिक्री को और आगे बढ़ाएं।

बीईईओ ने किया तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण, कहा

विद्यालय के शिक्षक गंभीरता से लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। प्रोजेक्ट इंपैक्ट और प्रयास कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षक गंभीरता से लें अन्यथा बड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहे उक्त बातें लापुंग प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरंदा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सारंगलोया का औचक निरीक्षण करने के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का पूरा महकमा प्रोजेक्ट इंपैक्ट को लेकर पूरी तरह गंभीर है। हम छात्र-छात्राओं के भविष्य खिलवाड़ नहीं कर सकते। स्कूल में प्रातः कालीन सभा पूरी नियम के अनुसार होने चाहिए, प्रत्येक हाउस को प्रातः कालीन सभा का संचालन के लिए जिम्मेवारी तय करने की जरूरत है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सारंगलोया में पाया कि विद्यालय में केवल 16 बच्चे नामांकित हैं और तीन शिक्षक कार्यरत हैं। यह देखकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दंग रह गईं। कई स्कूलों में विद्यालय के संचालन में खामियां देखकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भड़क उठीं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाठय योजना बनाकर नहीं पढ़ाने, रुटीन के अनुसार शिक्षकों द्वारा क्लास नहीं लेने, एसएमसी की बैठक में कमी पाई सहित रजिस्टर के संधारण में भी कमी देखा और नाराज हुईं। उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे के अंदर सुधार लाना सुनिश्चित करें। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में किचेन शेड नहीं होने और पूर्ववर्ती जर्जर भवन में किचन शेड चलते हुए पाया। उन्होंने रसोईया और संयोजिका को एप्रोन पहनकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया। वहीं बीपीओ लीलावती तिर्की ने कहा कि शिक्षक शिक्षिकाएं प्रोजेक्ट इंपैक्ट को हल्के में ना लें। सभी आवश्यक सुधार करें। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के साथ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की, बीआरपी लालकेश्वर यादव, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु सहित अन्य सीआरपी बीआरपी मौजूद थे।

संयुक्त श्रमिक संगठन का 16 को प्रस्तावित एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन स्थगित

खलारी। एनके एरिया के संयुक्त श्रमिक संगठन ने आगामी 16 जुलाई को प्रस्तावित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। एनके एरिया प्रबंधन व संयुक्त श्रमिक संगठन के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता में सहमति बनने के बाद यूनियन द्वारा आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं यूनियन द्वारा प्रबंधन को चेतावनी दिया गया है कि जल्द पूरे विस्तार से

बैठक का विवरण संयुक्त श्रमिक संगठन को दिया जाए, उसके बाद आगे का रणनीति पर विचार किया जाएगा। बैठक में अधिकतर मुद्दों पर सहमति बनने की बात कही जा रही है। मालूम हो कि संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा दिए गए 20 सूत्री मांग पत्र पर विगत 10 जून को संगठन के प्रतिनिधियों व एनके प्रबंधन के बीच वार्ता हुई थी। वार्ता के बाद प्रबंधन द्वारा यूनियन को बैठक का विवरण दिया गया था, जिससे असंतुष्ट होकर संयुक्त श्रमिक संगठन आगामी 16 जुलाई को एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा की थी।

सिल्ली प्रखंड में 15 को कांग्रेस पार्टी का जन सहायता शिविर

सिल्ली। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने जिला के प्रत्येक प्रखंड में जन सहायता शिविर का आयोजन इसी जुलाई माह में करने एवं पूरे प्रखंड क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है ताकि शिविर का लाभ ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मिल सके। निदेर्शानुसार सिल्ली प्रखंड में आगामी 15 जुलाई 2024 दिन सोमवार को सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय जन सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने जन सहायता शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के उपरांत पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है। पिछले चार वर्षो से राज्य सरकार द्वारा जनहित में सभी वर्ग के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। इसके बावजूद रांची जिला कांग्रेस ऐसा महसूस करती है कि राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों का अपेक्षित प्रचार-प्रसार नहीं हो पाने के कारण जनता को पुरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। गठबंधन सरकार का प्रमुख सहयोगी दल होने के कारण ये हमारी जिम्मेदारी है की हमारी पार्टी, जनता और सरकार बीच सेतु का काम करे।

कार्यक्रम | इटा पंचायत में हुआ आम उत्सव का आयोजन, बोलीं पुष्पलता जायसवाल

परिश्रम के अलावे तरक्की का कोई विकल्प नहीं

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। इस धरती में परिश्रम के अलावे विकास का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। ईमानदारी से की जाने वाली मेहनत एक दिन अवश्य अपना असर दिखाती है। उक्त बातें बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बेड़ो प्रखंड के इटा पंचायत भवन में आयोजित आम उत्सव में शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि मनरेगा लोकपाल पुष्प लता जायसवाल ने कही। उन्होंने आगे कहा कि आम बागवानी एक जीरो रिस्क कार्यक्रम है जहां आपकी लगन और मेहनत की बुनियाद पर फल मिलता है। यह जानकर मुझे हर्ष हो रहा है कि यहां के किसान 50 हजार से अधिक का फल प्रतिवर्ष बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि बागवानी के पौधे को समय पर दवा देकर रोगों से बचाए यह

आपकी औलाद की तरह है। जिस तरह से मां-बाप अपने बच्चों की देखभाल करते हैं यह जरूरी है कि इन पौधों की देखभाल भी उसी तरह से की जाए। उन्होंने इमारती पौधा के संबंध में बताया कि यह पौधे आपके भविष्य की पूंजी है। आपकी भविष्य का सहारा है। उन्होंने कहा कि निसंदेह मनरेगा योजना पलायन को रोका है लेकिन आम बागबानी किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। इनके अलावा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की और जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेश सिंहा ने बागवानी से संबंधित कई जानकारियां दी। इससे पूर्व इटा पंचायत के समाजसेवी बुधराम बाड़ा ने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रवि उरांव, गुलाम मुस्तफा चिश्ती, मोहन उरांव, नमिता कुमारी, रूथ खेस, बुद्ध लाल लोहार सहित अन्य किसानों ने बागवानी से होने वाले मुनाफे से संबंधित अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम के अंत में इन सब के अलावा ललिता तिर्की, बुदका उरांव, बिरसा उरांव, निर्मला बरला, सुरेश उरांव, कीतु उरांव, सविता कुमारी, पवन कुमार लिली मरियम बारा, रुखसाना खातून, इल्म देवी, कुंती देवी और रिमन देवी सहित उपस्थित अन्य किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया अनीता बाड़ा ने और संचालन पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने की। इस अवसर पर सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा टाना भगत, लेखा सहायक असादुल्लाह, पंचायत सचिव करमु कंडिर, निरोज लकड़ा, सखी मंडल की दीदी, किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

रिम्स में इलाजरत महिला की मौत ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

रांची। रांची के ओरमांझी के हरचंडा गांव की बुजुर्ग महिला ललिता उरांव की मौत के बाद सैकड़ों आदिवासियों ने ओरमांझी थाने का शुक्रवार को घेराव किया। मृतका के पति सिकंदर उरांव ने बताया कि गोतिया में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन पर धारा 144 लागू था। इसके बावजूद दूसरे पक्ष के लोगों ने खेत पर काम करना शुरू कर दिया। पहला पक्ष ने विरोध किया, तो दूसरे पक्ष ने जमकर मारपीट की। लाठी-डंडा से महिला पर हमला किया। इससे ललिता के सिर पर गंभीर चोट आई थी। उसका रिम्स चल रहा था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इसकी परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। लेकिन, जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो गुस्साए लोग थाना पहुंचे। लोगों ने थाना परिसर को घेर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, मामले में दूसरी ओर करण करकेट्टा ने एसएसपी, ग्रामीण एसपी और सिटी एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही, बंसत करमाली सहित अन्य छह नामदर्ज पर अवैध रूप से जमीन कब्जा करने और मारपीट कर हत्या करने का भी आरोप लगाया है।

रांची नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण मुक्ति अभियान

रांची। रांची नगर निगम के प्रशासक के आदेश पर नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने शुक्रवार को बिरसा चौक, हिनू चौक और लालपुर-कोकर मार्ग में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया। अभियान संयुक्त रूप से ट्रैफिक पुलिस के साथ चलाया गया। शहर की सड़कों को जाम मुक्त और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए निगम के जरिये लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अतिक्रमण मुक्ति अभियान के दौरान नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा को हटाया गया। साथ ही, तीन ठेला और तीन काउंटर जब्त किए गए। अतिक्रमण मुक्ति अभियान के बाद निगम की टीम के जरिये उन वेंडरों को भविष्य में सड़कों पर फिर से अतिक्रमण ना करने के लिए निर्देश भी दिया गया।

डीएवी हेहल की एनसीसी कैडेटों ने पेड़ लगाकर धरा को बचाने का दिया संदेश

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में 3 झारखंड गर्ल्स बटालियन की कैडेट्स ने धरा को बचाने एवं हरा-भरा बनाने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-'जे' एस के मिश्रा थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अगर हमें धरा को बचाना है तो ज्यादा से ज्यादा पोधरोपण करना होगा। हमारे धर्मग्रंथों में भी वर्णित है कि 'एक वृक्ष दस पुत्रियों के समान होता है'। अगर हम अब भी नहीं चेते और पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण नहीं किया तो हमारी आने वाली पीढ़ी कभी माफ नहीं करेगी। पेड़ हमें जीवनदायिनी हवा व छाया देते हैं। हमें पेड़ लगाने व उनकी हिफाजत करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर आर के सामल, मौसमी मजूमदार, अजंता कुमारी, सीमा सिंह आदि उपस्थित थे।

25 जून देश के लिए काला दिन : संजय सेठ

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 25 जून 1975 वह काला दिन है, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा था, लोकतंत्र की हत्या की थी। तानाशाही के उस दिन को मोदी सरकार ने संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन करता हूं। यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को आपातकाल की यातनाओं और उत्पीड़न के काले अध्याय के बारे में अवगत कराने वाला होगा। उन्होंने कहा कि आपातकाल और तानाशाही के विरुद्ध उठी हर आवाज को नमन करता हूं। प्रताड़ना का वह दौर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास से कभी भुलाया नहीं जा सकेगा, जब पत्रकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सभी अखबारों के संपादकों को जेल में डाला जा रहा था। उस वक्त सिर्फ तानाशाह की सरकार चल रही थी। उस काला अध्याय को देश कभी नहीं भुला सकता।

राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बनीं सोनी सिंह

रांची। राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीतारामशरण जी महाराज ने रांची निवासी सोनी सिंह को झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। झारखंड प्रदेश में संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, लगनशीलता, कर्मठता एवं ऊर्जा को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सोनी सिंह को प्रदेश में संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। स्वामी सीताराम शरण जी व सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सोनी सिंह को संगठन मे अनुशासन, मेहनत व संगठन के प्रति समर्पण भावना को देखकर केंद्रीय कमेटी ने उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंपी है। इधर, नवनिर्वाचित महिला प्रदेश अध्यक्ष सोनी सिंह ने कहा कि राष्ट्र सेवा फाउंडेशन संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने हमें जिस आशा, विश्वास एवं उम्मीद के साथ प्रदेश का कमान सौंपी है, उस पर मैं खरा उतरने की प्रयास करूंगी।

डीपीएस में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किए गए प्राइमरी विंग के बच्चे

रांची। दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के प्रागंण में शुक्रवार को सत्र 2023-24 में शत-प्रतिशत उपस्थित होने वाले कक्षा नर्सरी से पांच तक के बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दो, तीन और चार वर्षों से लगातार शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यार्थी मनुष्य जीवन की आधारशिला है, उसे आरंभ में जिस प्रकार का वातावरण मिलता है, वह उसी के अनुरूप हो जाता है। छात्र का जीवन तपस्या का जीवन है, इसी तपस्या का पुरस्कार शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को आज पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य प्रभार डॉ आरके झा ने शत-प्रतिशत उपस्थित होने वाले बच्चों को बधाई दी और कहा कि इस विद्यालय का सिद्धांत रहा है 'स्वयं से पहले सेवा।' डीपीएस रांची हमेशा ही छात्रों को वैश्विक नागरिक बनाने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर रहा है।

मारवाड़ी युवा मंच की रांची समर्पण शाखा ने 'कलम के योद्धा' पत्रकार सम्मान समारोह का किया आयोजन

सोशल मीडिया से मिथक समाचार फैलने का खतरा : ओम प्रकाश अग्रवाल

मनोज मिश्रा

रांची। मारवाड़ी युवा मंच की रांची समर्पण शाखा ने 'कलम के योद्धा' के रूप में पत्रकारों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथ पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल एवं उद्घाटनकर्ता झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता थे। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सभी समाचार पत्रों के संपादक व उनके प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

मारवाड़ी समाज के ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया से मिथक समाचार के फैलने का खतरा होता है, जिससे सामाजिक वैमनस्यता की स्थिति उत्पन्न होती है। आपलोगों में साहस, मेहनत और लगन है, जिससे समाज को सत्य की रोशनी प्रदान होती है। अरुण गुप्ता ने कहा कि समर्पण शाखा के समर्पणयुक्त कार्यों को देश-विदेश में सराहा जा रहा है।

विदित हो कि समर्पण शाखा ने अप्रैल माह में 22 कार्यक्रम आयोजित किए। अप्रैल महीने के कार्यक्रम में प्रत्येक एकादशी में गौसेवा करने, डॉ लाल पैथ लैब के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शुगर, कॉलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड आदि की जांच की गई। जीव मित्रता दिवस के अवसर पर पक्षियों को दाना-पानी की व्यवस्था की गई। निर्धन कन्या के विवाह के लिए कपड़े, गहने, चादर के साथ इक्कीस सौ रुपये नकद का सहयोग किया गया। मूक-बधिर एवं मंद बुद्धि बच्चों के बीच ताजे फल और जूस का वितरण किया गया। सेवा सदन अस्पताल में रक्तदान सिविर का आयोजन कर ग्यारह यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

इसी प्रकार, मई में 22 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर पैंतीस मजदूरों के बीच टीशर्ट का वितरण किया गया। अमृतधारा महोत्सव की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम के तहत किशोरगंज स्थित आरबी स्प्रिंगडेल स्कूल में स्थायी अमृतधारा लगाया गया। सर्जना चौक स्थित राम मंदिर में, गाड़ी खाना स्थित राम मंदिर में, जीपीवी सरस्वती विद्यालय स्कूल मोरहाबादी में, शिव मंदिर सेवा सदन पार्क में, रांची यूनिवर्सिटी कचहरी रोड में, न्यू मार्केट चौक स्थित राम जानकी मंदिर में, स्टेशन रोड मंदिर में, सेवा सदन अस्पताल में, श्री शिव नारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में अमृतधारा लगया गया। मोरहाबादी मैदान में ऑक्सीजन पार्क के सामने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 लोगों की जांच की गई। विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक सुनील सिंह बादल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरीवाल, पूजा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका सरिता बथवाल सहित सभी कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे।

समर्पण शाखा का कार्य सराहनीय : बादल

राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील सिंह बादल ने कहा कि व्यापार और नौकरी सभी लोग करते हैं, लेकिन समाज के लिए बहुत कम लोग ही काम कर पाते हैं। मारवाड़ी समाज न केवल समाज के विकास में अपना योगदान दे रहा है, बल्कि वंचितों के लिए भी व्यवस्था करता है। भारतीय संस्कृति की रक्षा में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण है। मारवाड़ी युवा मंच की समर्पण शाखा की महिलाओं ने घर के काम के साथ ही पिछले तीन महीने में लोगों की भलाई के करीब 60 कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इसमें अमृतधारा स्थापित करना, करीब कन्याओं की शादी कराना, स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आदि शामिल हैं।

समर्पण शाखा ने जून में चौदह कार्यक्रम किए

जून में चौदह कार्यक्रम किए गए, जिसके अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में चिल्ड्रेन पार्क के सामने तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन बिड़ला मैदान, मेट्रो गली, रातू रोड में डॉ लाल पैथलैब के सौजन्य से किया गया। निःशुल्क जांच शिविर के अंतर्गत 50 से अधिक लोगों को ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रातू रोड में योग का प्रशिक्षण दिया गया। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर ऑनलाइन संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रांची विश्वविद्यालय ने मनाया 65वां स्थापना दिवस

टीआरएल में 'मालतो' भाषा की पढ़ाई होगी : प्रो अजीत सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि थे। कांके विधायक समरीलाल भी मौके पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा, अब हम डिजिटल युग में प्रवेश कर गए हैं। रांची विश्वविद्यालय में हाल के दो वर्षों में सब कुछ डिजिटलाइज्ड कर दिया गया है और अब छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने, फीस देने से लेकर एडमिट कार्ड और रिजल्ट तक ऑनलाइन प्राप्त हो जाते हैं। कई विभागों को पूर्णतः डिजिटलाइज्ड कर दिया गया है। डाटा डिजिटलाइज्ड होने से जल्द ही कर्मियों की पेंशन भी खाते में आसानी से ट्रांसफर होने लगेगी।

कुलपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 को झारखंड में रांची विश्वइविद्यालय ने ही सबसे पहले लागू किया है। हमने अध्यापन के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत ही सफल प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि हमने फाइल ट्रैकिंग सिस्टम डेवलप किया है। यह रांची विश्वविद्यालय में कार्य शैली में बड़े सुधार के संकेत हैं। रांची विवि सबसे पुराना विश्वविद्यालय है और इससे बंट कर कई नए विश्वविद्यालय बन चुके हैं। ऐसे में फाइल ट्रैकिंग सिस्टम का होना आवश्यक था। उन्होंने कहा, टीआरएल विभाग में लुप्तप्राय हो रही पहाड़िया जनजाति की भाषा 'मालतो' की पढ़ाई होगी। कुलपति ने टीआरएल विभाग का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज विभाग में अभी नौ भाषाओं की पढ़ाई हो रही है और हम जल्द ही झारखंड की पहाड़िया जनजाति की लुप्त हो रही भाषा 'मालतो' के सरंक्षण के लिए इसकी पढ़ाई टीआरएल विभाग में प्रारंभ करने जा रहे हैं। इसके लिए 'मालतो' भाषा के व्याकरण और उसके अनुवाद पर काम कर रहे हैं। कुलपति ने विभिन्न खेलों और युवा महोत्सवों में रांची विश्वविद्यालय के छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन को बताया। साथ ही, कहा कि शिक्षकों की कमी से निबटने के लिए हमने पर्याप्त संख्या में कांट्रैक्ट पर एवं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की है। आज ही स्थापना दिवस के दिन बीआईटी के साथ हमने एमओयू किया है। इससे शोध, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम को गति दी जा सकेगी। 2016 के बाद किताबों की खरीद नहीं हुई थी, अब हम किताबों की खरीद भी करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेजों एवं विभागों के जीर्णोद्धार के लिए बड़ी राशि एचआरडी से प्राप्त की गई है। कुलपति ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों व विभागों के लिए हमने अथक परिश्रम से प्रपोजल बना कर एचआरडी को भेजा और एक बड़ी राशि स्वीकृत कराई है। जल्द ही विभिन्न विभागों का जीर्णोद्धार शुरू किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए सभी कॉलेजों एवं विभागों के नाम भी गिनाए। कहा कि नैक में ए+ ग्रेड के लिए विभागों से सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा, हमें डीयू और बीएचयू की कतार में खड़ा होना है। कुलपति ने कहा, जल्द ही विश्वविद्यालय में नैक विजिट होने को है। हम आप सभी विभागों, कर्मियों, शिक्षकों से सहयोग मांगते हैं कि अपने विभाग को बिल्कुल हर मायने में चाक चौबंद करें। भवन, लाइब्रेरी, लैब, पठन-पाठन सब कुछ उत्कृष्ट रखें। हमें नैक से ए+ ग्रेड प्राप्त करना है। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव बिनोद नारायण आदि उपस्थित थे।

रांची विश्वविद्यालय से पढ़ाई करना गर्व का विषय : संजय सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 65वें स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए 65 वर्ष बहुत लंबा समय होता है। रांची विश्वविद्यालय झारखंड का सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है और यह गर्व का विषय है कि कोई रांची विश्वविद्यालय से पढ़ाई करे। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय को अग्रणी बनाने में प्रयास करने के लिए कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रक्षा राज्य मंत्री हूं, पर आप सबों के लिए एक कार्यकर्ता की भांति उपलब्ध हूं। रांची विश्वविद्यालय और आप सबों के किसी कार्य के लिये सदैव उपलब्ध हूं। उन्होंने विभिन्न स्पर्द्धाओं में विजेता योग, खेल एवं एनएसएस छात्रों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

न्यूज बॉक्स

जेएसएफसी के कडरू-2 गोदाम के प्रभारी निलंबित

रांची। झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसएफसी) के कडरू-2 गोदाम के प्रबंधक के प्रभार से नीरज कुमार त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता के गुरुवार के औचक निरीक्षण के क्रम में पाई गई अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने नीरज कुमार त्रिपाठी को गोदाम प्रबंधक के प्रभार से निलंबित कर दिया। नीरज कुमार त्रिपाठी रातू में जनसेवक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन लिमिटेड के कडरू-2 गोदाम प्रबंधक का प्रभार दिया गया था। मंत्री बन्ना गुप्ता के औचक निरीक्षण के क्रम में गोदाम में कई प्रकार की अनियमितता पाई गई थी। चीनी, चना दाल के स्टॉक में कमी पाई गई। साथ ही, गोदाम का रख-रखाव भी सही नहीं पाया गया था।

बीआईटी मेसरा कल से मनाएगा अपना 70वां स्थापना दिवस

रांची। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) 14 और 15 जुलाई को अपने 70वें स्थापना दिवस का आयोजन करने जा रहा है। प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम हमारे संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो बीआईटी मेसरा की सात दशकों की शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को दर्शाता है। ये बातें बीआईटी के एलुमनाई एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध डीन प्रो श्रद्धा शिवानी ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। इसके अलावे, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष सीके बिड़ला, बीआईटी मेसरा कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना, रजिस्ट्रार प्रो संदीप दत्ता शामिल होंगे। पूर्ववर्ती छात्र और शिक्षकों को अवार्ड भी दिया जाएगा। यह प्रदर्शनी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में बीआईटी मेसरा के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच दिया जाएगा। 1984 और 1999 बैच के छात्रों को विशेष आमंत्रित किया गया है। इनका 40 और 25 वर्ष पूरा हो चुका है। इस प्रेस वार्ता में एसोसिएट डीन पूर्व छात्र एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विशाल एच शाह और बीआईटी के मीडिया सेल कोऑर्डिनेटर मृणाल पाठक उपस्थित थे।

स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई से हमारे अच्छे अंक नहीं आ पाएंगे, कोचिंग जाने वाले छात्रों ने कहा

मेरे दोस्त कोचिंग जाते है, इसलिए में भी जाता हूं

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कोचिंग आज केवल नीट या जेईई या सीयूईटी के लिए ही नहीं है। स्कूल में पढ़ाए जाने वाले विषयों की कोचिंग भी कोचिंग संस्थानों में दी जा रही है। रांची में ही स्कूली बच्चों के लिए कोचिंग संस्थान हजारों की संख्या में चल रहे हैं। छोटे-बड़े बच्चे, किशोर सभी कोचिंग संस्थान जाते दिख जाते हैं। जानकारों का कहना है कि देश में कोचिंग उद्योग आज 6000 करोड़ रुपये के ऊपर का हो गया है। साथ ही, देश में कोचिंग संस्थान प्रतिवर्ष करीब 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं।

कोचिंग के संबंध में जब किशोरों से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई से हमारे अच्छे अंक नहीं आ पाएंगे। मेरे सारे दोस्त किसी न किसी कोचिंग में जाते हैं, इसलिए मैंने भी कोचिंग ज्वाइन किया है। जब अभिवावक से बात की गई, तो उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा- हमारे पास समय नहीं होता है कि हम बच्चे की पढ़ाई पर ध्यान दे पाएं। आज-कल सभी बच्चे कोचिंग में पढ़ने के लिए जाते हैं, इसलिए बच्चे को कोचिंग भेज रहे हैं। स्कूल-कॉलेज में कंपटीशन की तैयारी कहां कराई जाती है। अच्छी नौकरी के लिए कंपटीशन तो निकालना ही होगा।

अब देखें कि कोचिंग का मुख्य उद्देश्य क्या है। कोचिंग का उद्देश्य है बच्चों में सीखने की क्षमता में वृद्धि करना। उनमें आत्मविश्वास बढ़ा कर उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास करना। माता-पिता, बड़े भाई-बहन, चाचा-मामा, शिक्षक में से कोई भी बच्चे को कोचिंग दे सकता है। इसके लिए किसी संस्थान में जाने की जरूरत नहीं है। लेकिन, आज वास्तविकता यह है कि माता-पिता दोनों काम करते हैं, वहीं स्कूल में बच्चों को सही ढंग से पढ़ाया नहीं जा रहा है। स्कूल के शिक्षक ही उन्हें ट्यूशन लेने के लिए प्रेरित करते हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि स्कूल से आते ही बच्चे कोचिंग के लिए चले जाते हैं। स्कूल छोड़कर भी कोचिंग संस्थान जा रहे हैं। इससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास दोनों पर असर पड़ रहा है। बेहतर करने का दबाव, अव्यवस्थित खानपान, ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण नींद में कमी बच्चों को इस स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि वे समझ नहीं पा रहे हैं कि वे क्या करें और अपनी पहचान कैसे बनाएं। यह स्थिति उन्हें आत्महत्या की ओर भी ले जा रही है।

वैसे, इस बात के अनगिनत उदाहरण हैं कि सफलता के लिए कोचिंग जरूरी नहीं है। बिना कोचिंग के भी कई लोग देश की नामी यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा पास कर जाते हैं। ऐसे अनेकों लोग हैं, जिन्होंने इतिहास रच दिया है, लेकिन कभी ट्यूशन या कोचिंग नहीं ली। वास्तव में हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को व्यवस्थित करना होगा, ताकि बच्चे कोचिंग पर आश्रित नहीं हों और स्कूल और कॉलेज से ही पढ़ कर अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकें।

बच्चे कोचिंग आना ज्यादा पसंद करते हैं : कोचिंग इंस्टीट्यूट

एक फेमस कोचिंग इंस्टीट्यूट की फैकल्टी से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने कहा- जो बच्चे नौवीं या दसवीं कक्षा में हैं, उनमें पढ़ाई को लेकर काफी तनाव होता है। इससे उनका मानसिक स्वास्थ्य भी खराब होता है। हमारे यहां बच्चों को सप्ताह में एक दिन गाइडेंस की क्लास दी जाती है। साथ ही, शिक्षकों के जरिए उनका हौसला बढ़ाया जाता है। जो बच्चे टेस्ट में अच्छा नहीं करते हैं, उनके ऊपर शिक्षक खास तौर पर ध्यान देते हैं। जब उनसे पूछा गया कि आज के कोचिंग इंस्टीट्यूट वाले कक्षा का समय इस प्रकार रखते हैं कि बच्चे स्कूल के बदले कोचिंग में जाएं, तो उन्होंने कहा कि बच्चे सुबह में कोचिंग आना चाहते हैं, इसलिए इंस्टीट्यूट वाले ऐसा समय रखते हैं। बच्चे स्कूल या कॉलेज की जगह कोचिंग आना ज्यादा पसंद करते हैं। अब इसका मतलब यह हुआ कि अभिभावकों को दोनों जगहों पर फीस देनी पड़ती है, जबकि बच्चे सिर्फ एक जगह पढ़ने जा पाते हैं।

केंद्र सरकार ने जारी की है कोचिंग संस्थानों के लिए नई गाइडलाइंस

देश के भविष्य बच्चों और किशारों की इस स्थिति को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2024 के शुरू में बच्चों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोचिंग संस्थानों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की है। यह गाइडलाइंस तेजी से बढ़ते निजी कोचिंग संस्थान और छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर आई है। इन गाइडलाइंस के अनुसार, कोई भी कोचिंग संस्थान अब 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का एडमिशन नहीं ले सकता है।

ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

रांची। रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तस्कर सित्ती राम को गिरफ्तार किया है। वह किशोरगंज का रहने वाला है। इसके पास से 11 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार की शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने घर में रखकर ब्राउन शुगर बेच रहा है। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरगंज स्थित आवास में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 1.85 ग्राम ब्राउन शुगर (11 पुड़िया) बरामद किया गया।

गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

रांची। रांची के हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने गांजा के साथ तस्कर मो. कैफ को गिरफ्तर किया है। गिरफ्तार तस्कर हिंदपीढ़ी के कुर्बान चौक का रहने वाला है। इसके पास से 750 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के कुछ लोग नाला बर्फ फैक्ट्री के पास गांजा बेचने का काम कर रहे हैं। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा गया।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आईपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डालटनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

संसाधनों के निजीकरण से कम हो रही नौकरियां : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत ने शुक्रवार को प्रभात तारा मैदान में 1,500 नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना बहुत ही जरूरी है। इसी से बेहतर अवसर बनेंगे। राज्य सरकार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और नौकरी देने के लिए हम हरसंभव कदम उठा रही है। मौके पर उन्होंने भाजपा और उसके सहयोगी दलों का नाम लिए बगैर कहा कि राज्य में इन्हीं लोगों ने सबसे अधिक समय तक राज किया। लेकिन, विकास और रोजगार के लिए उन्होंने कितना काम किया, इस पर हम डिबेट करने को तैयार हैं। हम अपने 5 साल का हिसाब देने के लिए तैयार हैं। उनके बड़े-बड़े षड्यंत्रों के बावजूद हमने राज्य का विकास किया। उन्होंने कहा कि आज देश के ज्यादातर हिस्सों में संसाधनों को कॉरपोरेट को सौंपा जा रहा है। निजीकरण का सिलसिला चल रहा है और इस वजह से नौकरियां कम हो रही हैं। केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से कई छोटे-मझोले उद्योग बंद हुए हैं और रोजगार के अवसर कम हुए हैं। एयरपोर्ट, रेल, उद्योग बेचे जा रहे हैं।

सीएम ने कहा, चाणक्य ने कहा था कि जिस देश का राजा व्यापारी होगा, उस देश की प्रजा हमेशा भिखारी होगी। आज देश की स्थिति कमोबेश यही है। जब हमने सत्ता संभाली तो दो साल तक कोविड की वजह से उत्पन्न चुनौतियों से जूझते रहे। उस दौरान भी हमने राज्य में अफरा-तफरी नहीं मचने दी। हमारे राज्य ने पूरे देश को ऑक्सीजन की सप्लाई दी। कोविड खत्म होने के बाद जब हमने काम करना शुरू किया तो हमारे विरोधियों ने हमारे खिलाफ साजिशें शुरू कर दी। अलग-अलग संस्थाओं की मदद से षड्यंत्र रचने लगे और हमें काम करने से रोकने की कोशिश की, लेकिन हम रुके नहीं।

ये रहे शामिल

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ,शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह , राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

नौकरी के आंकड़े कम करती जा रही है हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार नौकरियां कम करती जा रही है और राज्य के युवकों को धोखा दे रही है। युवा रोजगार न मिलने से, नौकरियों में धांधली से तथा वैकेंसी न आने से बहुत परेशान है। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि झारखंड के लोगों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। यह इसलिए हो रहा है क्योंकि, राज्य की मौजूदा सरकार लोगों के हितों में निर्णय नहीं ले रही है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने लिखा है कि एक नेता कुर्सी पर बैठकर कहता है कि 40 हजार नौकरियां दूंगा। उसी कुर्सी पर बैठने वाले दूसरा नेता कहता है कि 30 हजार नौकरियां दूंगा। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि अब अगले महीने यह बयान आयेगा कि 20 हजार युवकों को नौकरी देंगे। फिर सितंबर आ जायेगा और तब कहेंगे कि 10 हजार को नौकरी देंगे जबकि इस सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था। सरकार अपने वायदे को पूरा करने में विफल रही है। जनता विधानसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखायेगी।

नौकरी बांटने का दिखावा कर युवाओं को ठग रही हेमंत सरकार : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शुक्रवार को कहा कि आज का नियुक्ति पत्र समारोह सिर्फ मुख्यमंत्री के चेहरे को चमकाने के लिए आयोजित किया गया था। ये सस्ती लोकप्रियता के लिए नौकरी बांटने का दिखावा करने का कार्यक्रम था, जिसके जरिए युवाओं को ठगने का कार्य किया गया। प्रतुल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पीजीटी परीक्षा के विरोध में हजारों युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों परीक्षार्थी इंसाफ के इंतजार में थे। इसी बीच सरकार ने हड़बड़ी में नियुक्ति समारोह को आयोजित किया। पीजीटी परीक्षा में भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण मिले थे। 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत नियुक्तियां सिर्फ दो एग्जामिनेशन सेंटर के अभ्यर्थियों

की हो गई। बोकारो का श्रेया इन्फोटेक केंद्र से 500 से ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुए। भाजपा इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई या किसी सक्षम एजेंसी से कराने की करती रह गई लेकिन हड़बड़ी में यह सरकार गड़बड़ी करती चली गई। प्रतुल ने कहा राज्य सरकार ने उसी एजेंसी से पीजीटी परीक्षा का एग्जाम करवाया, जिसका पुराना ट्रैक रिकार्ड भी विवादित है। जिन परीक्षाओं को इस एजेंसी ने कराया है, सब में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। प्रतुल ने कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ रहती तो वह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यकाल में ही घोषित तिथि के दिन इस समारोह को कर सकती थी लेकिन जान बूझकर नियुक्ति समारोह को रोका गया। चंपाई सोरेन को पदमुक्त किया गया। प्रतुल ने कहा कि पौने पांच वर्षों तक ये सरकार सिर्फ युवाओं को ठगती रही। आज तक न स्थानीय नीति बनी ना नियोजन नीति बनी। सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि पिछले पांच वर्षों में घोषित 25 लाख नियुक्तियों की जगह सिर्फ 11,344 हुई है, जिसमें हजारों पंचायत सचिव अभ्यर्थी शामिल हैं, जिन्होंने सरकार के खिलाफ लड़कर सर्वोच्च न्यायालय से नियुक्ति पाई थी।

झारखंड विस चुनाव में युवा वोटरों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी गयी है। इसके मद्देनजर स्कूल और कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। युवा मतदाताओं को बताया जा रहा है कि कैसे मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ना है। इसके लिए कौन सा फार्म भरकर देना है। यदि किसी का नाम गलत हो गया है तो उसको कैसे सुधारा जा सकता है। युवाओं को बताया जा रहा है कि जिनकी उम्र एक जुलाई को 18 वर्ष पूरा हो गयी है, वह अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ सकते है। साथ ही बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन कर मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जाये। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्देश दिया है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कुछ मतदान केंद्रों पर नाम काटने में त्रुटि हो गयी थी और एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केंद्र कर दिया गया था। इसे दुरुस्त करने के लिए कहा गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता निबंधन कैंप जगह-जगह लगाया जा रहा है। कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं का नाम जोड़ने और उसमें बदलाव करने के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग हो सकता है।

पूर्व मंत्री आलमगीर सहित तीन के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर धन-शोधन निवारण अधियनियम (पीएमएलए) कोर्ट ने शुक्रवार को संज्ञान लिया। ईडी ने गत चार जुलाई को पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव कुमार लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने सही ठहराया है। संज्ञान लेने के साथ ही तीनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब मामले में आरोपितों को पुलिस पेपर सौंपा जाएगा। ईडी ने चार्जशीट में लिखा है कि संजीव लाल के नौकर के ठिकानों पर हुई छापेमारी में 32.20 करोड़ रुपये मिले। पूछताछ में यह बड़ी रकम टेंडर कमीशन का निकला है। यह रकम आलमगीर आलम के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल ने जमानत याचिका ली वापस

रांची। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल ने दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई निर्धारित थी। सुनवाई के दौरान संजीव लाल के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की गुहार लगाई। इस पर अदालत ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। बताया जा रहा है कि इस मामले में कोर्ट ने ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। अब संजीव कुमार लाल की ओर से कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों के साथ फिर से जमानत याचिका दाखिल की जाएगी। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई इंजीनियर, ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे जबकि संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इस मामले में ईडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है।

झारखंड हाई कोर्ट ने पारा मेडिकल कम्बाइंड परीक्षा के अभ्यर्थी की

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने पारा मेडिकल कम्बाइंड परीक्षा के अभ्यर्थी विजेंद्र उरांव की दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग में होने वाली नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। इससे झारखंड पारा मेडिकल कम्बाइंड परीक्षा का रास्ता साफ हो गया है। विजेंद्र उरांव ने नियुक्ति प्रक्रिया को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि जो अभ्यर्थी पहले से कॉन्ट्रैक्ट कर रहे हैं।

चेक बाउंस मामले में महिला को एक साल की सजा

रांची। रांची न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडेय की अदालत ने शुक्रवार को 8.25 लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में सोनी देवी को एक साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 12 लाख रुपये भुगतान करने आदेश दिया है। राशि भुगतान नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामला वर्ष 2023 का है। मामले में अधिवक्ता नाजिया परवीन ने वादी व्यवसायी शंकर वर्मा की ओर से बहस की। मामले में वादी की ओर से एक गवाह जबकि बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किया गया। सोनी देवी ने व्यवसायी शंकर वर्मा से 8.25 लाख दोस्ताना कर्ज लिया था। कर्ज लौटाने के लिए महिला ने जो चेक दिया था वह बाउंस कर गया। कई महीने तक रुपये नहीं लौटाने पर व्यवसायी शंकर वर्मा ने कोर्ट कंप्लेन किया था, जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने यहा सजा सुनाई है।

मोहर्रम को लेकर राज्य में रहेगा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मोहर्रम को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए है। राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं। उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय ने दिया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य में इको की 16 कंपनियां, रैप की कम्पनी, 2388 लाठीबल, 5 हजार होमगार्ड तैनात की गई हैं। जिलों में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए बलों की प्रतिनियुक्ति 15 से 17 जुलाई तक के लिए की गई है। डीजीपी के आदेश ओर आईजी अभियान ने इसको लेकर शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बाडी प्रोट्रेक्टर सहित अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ में लेकर चलने के निर्देश दिया गया है। असामाजिक तत्व सोशल मिडिया में अफवाह न फैलाये इसके लिए सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि वह इसकी

निगरानी करें। सोशल मीडिया पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का निर्देश दिया गया है। सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें हो चुकी हैं। शांति समिति के सदस्यों से कहा कि कोई भी फर्जी और भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन और अपने नजदीकी पुलिस थाने में अवश्य दें। ताकि समय रहते संज्ञान लेकर इस पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के चिन्हित स्थानों के बारे में सावधानी बरतने का निर्देश दिया। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि मोहर्रम को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस वालों की तैनाती की गई है। वहीं दूसरी और राजधानी रांची में लगभग 3000 जवानों को तैनात किया जाएगा। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मोहर्रम को लेकर सभी संवेदनशील स्थानों और अति संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है। सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में दंडाअधिकारी के साथ सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।

अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता को दी 60 लाख रुपये की चौथी किश्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची

फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने

चेक बाउंस मामले में शुक्रवार को चौथी किश्त शिकायकर्ता अजय सिंह को दे दी है। अमीषा पटेल की ओर से 62 लाख का सेल्फ चेक अजय सिंह को दिया गया। पूर्व में हुई सुनवाई में अमीषा पटेल बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गई थी और उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए अजय सिंह को देने की पेशकश की थी। इसके बाद अमीषा पटेल की ओर से पहले ही एक करोड़ 51 लाख रुपये का चेक दिया गया था। अमीषा पटेल ने अजय सिंह को दो करोड़ पचहतर लाख रुपए की राशि के भुगतान के लिए अलग-अलग तारीख के पांच चेक दिए हैं। रांची ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रहा था। अजय कुमार सिंह की अधिवक्ता विजयालक्ष्मी ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह से ढाई करोड़ रुपए ली थीऔर पैसा वापस मांगने पर इस राशि को अमीषा पटेल ने वापस नहीं किया था। पैसा मांगने पर अमीषा ने दो चेक शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को दिया था, जो बाउंस हो गया था। इसको लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ साल 2018 में धोखधड़ी और चेक बाउंस का केस दर्ज कराया था।

न्यूज बॉक्स

टाटानगर-हटिया स्पेशल ट्रेन कल रहेगी रद्द

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अंतर्गत मूरी-चांडिल रेलखंड पर विकास कार्य के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते आगामी 14 जुलाई को दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 08151 और 08152 टाटानगर-बरकाकाना-

टाटानगर मेमू पैसेंजर के साथ ट्रेन संख्या 08195 और 08196 टाटानगर-हटिया-टाटानगर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने ट्रेनों में कोच संयोजन में बदलाव किया है। इस दौरान रेलवे ने ट्रेन संख्या 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस की 14 जुलाई के कोच संयोजन में बदलाव किया है। इसके तहत जनरेटर यान का 01 कोच, एसएलआरडी का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 07 कोच, वातानुकूलित 3 टियर के 06 कोच, वातानुकूलित 2 टियर के 02 कोच एवं वीपीएच का 01 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

उमंग सावन एग्जिबिशन कम सेल 18 जुलाई से

रांची। उमंग सावन एग्जिबिशन कम सेल 2024 का शुभारंभ 18 जुलाई से माहेश्वरी भवन में होगा। इस तीन दिवसीय मेले का समापन 20 जुलाई को होगा। यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी गई। आयोजकों ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति त्योहारों से पूर्ण है। सावन की बारिश के साथ हमारे त्योहारों की शुरुआत हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुमन चितलांगिया, संगीता चितलांगिया, रेनू फलोर, शशि डागा द्वारा उमंग सावन एग्जिबिशन कम सेल 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह एग्जिबिशन स्टॉल धारक एवं ग्राहकों के डिमांड से किया जा रहा है। इस प्लेटफार्म में कई महिलाओ को अपनी पहचान मिली है और आगे भी मिलती रहेगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत आज

रांची। नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) के कैलेंडर और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्यभर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाई कोर्ट में दो बेंचों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के बाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में लोक अदालत के लिए बनाई गई बेंचों का निरीक्षण करेंगे। झालसा के अध्यक्ष और झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी व जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के साथ हाई कोर्ट के अन्य जस्टिस की मौजूदगी में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत की जाएगी। लोक अदालत में राज्य के दस लाख मामले निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्री-लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं।

- हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बेंचों का करेंगे निरीक्षण

जमीन घोटाले के आरोपित अंतू तिर्की की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 26 को

रांची। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता अंतू तिर्की की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। इसी मामले के दूसरे आरोपित अफसर अली की जमानत पर पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में 24 जुलाई को अगली सुनवाई की तिथि तय की है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी वर्ष 16 अप्रैल को अंतू तिर्की को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। गिरफ्तारी के लगभग 76 दिनों बाद अंतू तिर्की ने जमानत की गुहार लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन मामले से जुड़ा है।

झारखंड हाई कोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव

रांची। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव, झारखंड हाई कोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी की सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस एमएस रामचंद्र राव झारखंड हाई

कोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर झारखंड हाई कोर्ट करने की अनुशंसा की है। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव अभी हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में 30 मई 2023 से अपनी सेवा दे रहे हैं। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी 19 जुलाई 2024 को सेवानिवृत हो रहे हैं। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज के रूप में 29 जून 2012 को नियुक्त हुए थे।

बाबूलाल मरांडी को डेटा ऑपरेटर के रूप में करेंगे बहाल : डॉ इरफान अंसारी

दुमका। भाजपा के नेताओं द्वारा फर्जी केस में फसाया गया हैं इस संबंध में हाई कोर्ट से पूर्व ही जमानत मिल चुकी थी, लेकिन नियम के अनुरूप एक माह के अंदर नियमित जमानत लेना होता है। उक्त बातें शुक्रवार को एसटी-एससी केस में जमानत मिलने पर बेल बांड भरने दुमका पहुंच ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा पर मुद्दे की लड़ाई लड़े तो बेहतर है। फर्जी केस करके मेरा समय बर्बाद क्यों कर रहे हैं। मेरा समय बर्बाद होना मतलब जनता का समय बर्बाद होना है। उन्होंने कहा कि आज हम जनता का कितना काम कर लेते, लेकिन न्यायालय पहुंचने के कारण काम नहीं कर सका। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संथाल परगना प्रमंडल में आदिवासियों की संख्या घटने के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी डाटा के हेड मास्टर है।

झारखंड हाई कोर्ट ने गुमला के नम्रता अस्पताल का लाइसेंस रद्द करने का आदेश किया खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने गुमला के नम्रता आई हॉस्पिटल के लाइसेंस को रद्द करने के आदेश को खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट के इस आदेश से अस्पताल प्रबंधन को बड़ी राहत मिली है। एक ही मरीज के इलाज का दो अलग-अलग योजनाओं से क्लेम लेने के मामले में गुमला के सिविल सर्जन सह चीफ मेडिकल ऑफिसर ने 18 सितंबर, 2023 के आदेश को अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर दिया था। इस मामले में अस्पताल संचालक सूर्यमणि तिवारी के खिलाफ गुमला थाना में 14 सितंबर, 2023 को कांड संख्या 323/2023 दर्ज किया गया था। सिविल सर्जन के आदेश को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

एक नजर

बंडासिंगा के प्रवासी मजदूर रोहित का मुंबई में मौत

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलकपी पंचायत के बंडासिंगा निवासी रोहित कुमार 24 वर्ष ,पिता मधु साव कुछ दिन पूर्व रोजगार की तलाश में मुंबई गया था। जहां अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही घर में मातम छा गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। रोहित मुंबई ईस्ट में प्रवासी मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था। उसके पिता मधु साव विकलांग है और आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है।मृतक के भाई नारायण साव ने मुंबई से उनका शव लाने के लिए लोगों से आर्थिक सहयोग करने की अपील की है ।उन्होंने फोन पे नंबर 9326818792 दिया है जिस पर आर्थिक सहयोग किया जा सकता है।

भूमि विवाद में हुई मारपीट में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के बेड़ोकला में आपसी जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रेरणा देवी 40 वर्ष पति शैलेंद्र ठाकुर,मुन्नी देवी 35 वर्ष पति विनोद ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये।वहीं इनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। इस बाबत विनोद ठाकुर ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर हुए झगड़ा में कुल्हाड़ी से साथ आठ लोग मिलकर मेरे भाभी प्रेरणा देवी और पत्नी मुनी देवी पर जानलेवा हमला किया। वहीं प्राथमिक उपचार के पश्चात डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए दोनो को हजारीबाग रेफर कर दिया।

समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

हजारीबाग। ट्रांसफार्मर जलने के बाद बिजली की समस्या झेल रहे सदर प्रखंड के बहोरानपुर के बंगलवा गांव के लोगो ने इसकी जानकारी युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के कार्यालय को दी थी।कार्यालय के द्वारा तत्काल 24 घंटे के अंदर 100 केवीए ट्रांसफार्मर बिजली विभाग के सौजन्य से गांव वासियों के लिए उपलब्ध करा दिया गया।श्री अजमेरा ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया।कहा कि आपकी समस्याओं के निस्तारण के लिए मैं और मेरी टीम हमेशा उपलब्ध है,और रहेगी।

दीपाली देव की अंतिम यात्रा में कई लोग हुए शामिल

हजारीबाग। सयुंक्त बिहार के पूर्व मंत्री स्व तापेश्वर देव की 86 वर्षीय पत्नी दीपाली देव का निधन गुरूवार को हो गया। शुक्रवार को अंतिम संस्कार खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया । ज्ञात हो कि स्व दीपाली देव वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, अरविंद देव एवं गौतम देव की माता थीं । मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र गौतम देव ने दिया।

विधिक साक्षरता और नशे के खिलाफ डीएवी स्कूल में हुई कार्यशाला

रामगढ़। बरकाकाना डीएवी पब्लिक स्कूल के विधिक साक्षरता क्लब ने शुक्रवार को विधिक साक्षरता व मादक द्रव्य विरोधी अभियान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने डालसा सचिव अनिल कुमार, मुख्य एलएडीसी सुजीत कुमार सिंह, एलएडीसी अभिनव कुमार, अधिवक्ता मंजरी और विधिक इंटर्न अंकित कुमार का स्वागत किया।

डीसी ने किया मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना

यह सुविधा धीरे-धीरे पूरे जिले में शुरू कर दी जाएगी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ जिला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रामगढ़ के सहयोग से हंस फाउंडेशन द्वारा सीएसआर के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से चार मोबाइल मेडिकल यूनिट भैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं संबंधित अधिकारियों को वैन के सुचारू रूप से संचालन हेतु रूट चार्ट एवं रात्रि पड़ाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार के असुविधा होने पर जिला प्रशासन अथवा संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का निर्देश भैन संचालक को दिया। उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में यह भैन सिर्फ रामगढ़ प्रखंड को उपलब्ध कराई गई है जो रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत में घूम-घूम कर एक दिन में कम से कम दो गांव को ओपीडी की सुविधा मुहैया कराएगी एवं आने वाले दिनों में यह सुविधा धीरे-धीरे पूरे रामगढ़ जिले में शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, प्रोजेक्ट मैनेजर सैमुअल सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह एवं सुभाष मुखर्जी के साथ अन्य उपस्थित थे।

क्या है मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन

मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन एक चलंत मिनी स्वास्थ्य केंद्र की तरह कार्य करता है जिसमें एक डॉक्टर के साथ दो एएनएम की टीम होती है। भैन में ब्लड प्रेशर मापने की मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड शुगर मापने की मशीन, सतेथीस्कोप आदि के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों में दी जाने वाली जेनेरिक मेडिसिन आदि मौजूद है। जिससे आम लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्योहार : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में की गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता,थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, एएसआई निरंजन प्रकाश मौजूद थे। बैठक में उपस्थित सभी लाईसेंस धारकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बीडीओ ने लोगों से मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी गाइडलाइंस के तहत त्योहार मनायें।

मुहर्रम को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि अफवाहों से बचें। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी तथा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, शेर मोहम्मद, समीम अंसारी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

पौधरोपण कर नमामि गंगे योजना के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक: डीडीसी

रामगढ़। जिले में नमामि गंगे योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जुलाई माह में एक सप्ताह तक यह कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर होगा और लोगों को नमामि गंगे योजना के तहत होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह बात शुक्रवार को जिला गंगा समिति की बैठक में उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कही। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के प्रति जागरूक करने के लिए समिति के सदस्यों को इस माह में एक सप्ताह चयनित करते हुए पौधरोपण सप्ताह के रूप में मनाने का निर्देश दिया।

हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन

बच्चों के बीच बांटी पढ़ाई संबंधित साम्रगी

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

यूं तो लोग अपनों और जान पहचान वालों के साथ जन्मदिवस के मौके पर होटलों एवं घरों में खुशियां मना लेते हैं लेकिन शहर में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वालें हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष सह हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल ने हुरहुरू स्थित दिव्यांग,विकलांग विद्यालय में जन्मदिन का त्यौहार मना कर बच्चों के चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास किया बच्चों के संग के काटकर अपना जन्म दिवस मनाया। वही बच्चों के बीच 25 पीस स्टील प्लेट, दो पीस स्टील ड्राम, व्हाइट बोर्ड स्टैंड, टॉफी, बिस्कुट एवं एलईडी बल्ब दिया गया। इसके बाद हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बच्चों से कई मिनट तक वातार्लाप किया उनके चेहरे पर एक अलग खुशी और उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक स्वर से अध्यक्ष करण जायसवाल को

जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तालियों की गड़गड़ाहट, बच्चों के मुस्कुराहट भरें चेहरे खिल उठे। इसके उपरांत समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यालय का अनौपचारिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई अन्य चीज भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने में विशेष सहयोग करती है हम आग्रह करते हैं सभी कोई से की जन्मदिवस जैसे विभिन्न आयोजनों पर यहां आकर बच्चों के चेहरे पर एक अलग खुशी लाने का प्रयास करें। करण जायसवाल ने कहा की इन बच्चों के चेहरे पर खुशियां मेरे इस जीवन के लिए किसी भी पुरस्कार से कम नहीं है। शुक्रवार को इन बच्चों के संग जन्म दिवस मना कर अत्यंत खुशी मिली है।

धान, अरहर और मक्का के बीजों का होगा निःशुल्क वितरण

नवीन मेल संवाददाता। बरही

मंगलवार 16 जुलाई को प्रखंड कृषि तकनीकी केंद्र में नेशनल बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश कुमार ने दी । उन्होंने बताया कि कृषोन्नति योजना 2024-25 के तहत एच आई एल एवम एनएससी की ओर से शत प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज उपलब्ध करवाए जायेंगे । इसके लिए जिला से धान पीएनपीएच (हाइब्रिड) 225 किग्रा, अरहर बीज आइपीए-203 व मक्का बीज डीएचएम-121 के 160 किग्रा बीज प्राप्त हुए है। बीज पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर वितरित किए जायेंगे। परंतु इसके लिए किसानों का स्थानीय मुखिया और कृषक मित्र की अनुशंसा होना अनिवार्य है । इसके साथ ही बीज लेने वाले किसान को लाईन से लाईन

फसल लगाने और प्लॉट दिखाने में सक्षम होना अनिवार्य है । इस योजना का लाभ वैसे किसानों को नही मिलेगा जो पिछले तीन साल के अंदर प्रत्यक्षण का लाभ ले चुके हैं । किसान को ब्लॉक चेन मैनेजमेंट में पंजीकृत होना अनिवार्य है । बीज वितरण में क्लस्टर अप्रोच को प्राथमिकत दी जाएगी । इस वितरण कार्यक्रम में स्थानीय सांसद, विधायक, प्रमुख सहित सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है । कार्यक्रम बीडीओ सीआर इंदवार के निर्देशन में पूर्वाह्न 12 बजे से आयोजित की जायेगी । इस कार्यक्रम में आधिकाधिक किसानों की उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

पुल, सड़क, पेयजल समेत अन्य विकास कार्य को लेकर उपायुक्त से मिली जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया

नदियों के ऊपर पुल निर्माण की रखी मांग

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा

जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया क्षेत्र के लंबित विकास कार्यो यथा पुल,सड़क,पेयजल एवं अन्य मांग को ले कर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित से मिल कर मांग पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने सूर्यकुण्ड के तेतरिया नदी, झुरझुरी के बरसोती नदी, चिमना नदी, गोरहर के रामसगरा नदी, पाण्डेयडीह नदी, कुम्भीहर नदी, शिलाडीह के कारोंजवा नदी, डोंडहारा नदी, लगनवां नदी, चमुदोहर के तुर्कडीहा नदी, घंघरी के पंचघरवा नदी तथा बजुकोला के सूर्यकुण्ड नदी पर पुल निर्माण की मांग की है। वहीं जर्जर सड़क में गोरहर थाना से शिलाडीह नीचे टोला, गूँजरा से अलपिटो, सूर्यकुण्ड से पहाड़पुर जवाड कुशहन तक, परबत्ता , गोरहर, शिलाडीह, बेलकप्पी ,चेचकप्पी, डुमरियाटांड, घंघरी, मेरमगड्डा, झुरझुरी एवं गोरहर के बंधुवाडीह में सड़क बनवाने की मांग की हैं। मांग पत्र में लिखा है कि पेयजल में नल जल योजना लगभग फैल हो चुकी है।

सभी पंचायतों में काफी समस्या है। अतः तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाय। जिसमें प्रत्येक पंचायतों में 10 चापानल लगवाने की माँग की है। उन्होंने मंदिरों का सुंदरीकरण, बरकट्ठा क्षेत्रों में कुल 11 टावर लाइट, शेड निर्माण की माँग हेतु आवेदन दी है। वहीं उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने इस पर आवश्यकतानुसार कार्य करने का आश्वासन दिया।

कई दिनों से बिजली के लिए परेशान थे लोग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने स्थापि करवा नया ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत, नया टोंगरी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बिजली विभाग की मदद से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाया। यहाँ के ग्रामीण पिछले 20 दिनों से ट्रांसफार्मर जलने के कारण बिना बिजली के अंधेरे में जीवन बिता रहे थे। लोगों ने बताया कि वे कई दिनों से कई जन प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगा रहे थे, मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जब इस समस्या की जानकारी टीम मुन्ना सिंह के निजी प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को हुई, तब मुन्ना जी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के सहयोग से यह नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाया। इसके परिणामस्वरूप, नया टोंगरी के ग्रामीणों को अब

नियमित बिजली आपूर्ति प्राप्त हो सकेगी और उनका अंधकारमय जीवन समाप्त होगा। स्थानीय लोगों ने मुन्ना सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और सहयोग से ही यह संभव हो पाया है, और उन्होंने मुन्ना सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता के हित में कार्य करते रहेंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।

बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण वितरण समारोह का किया आयोजन

बरही । बैंक ऑफ इंडिया बरही के शाखा परिसर में शुक्रवार ऋण वितरण समारोह का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य रूप से अंचल कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक अमित भदानी, आंचलिक कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक अमित पॉल और शाखा प्रबंधक आकाश सिंह मौजूद रहे । कार्यक्रम में 14 ऋण धारकों के बीच 30 लख रुपए का ऋण वितरित किया गया । उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए सहायक महाप्रबंधक ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए संकल्पित है । ग्राहक बैंक से ज्यादा से ज्यादा लेन देन करे । आंचलिक प्रबंधक ने कहां की ऋण लेना और उसे समय से चुकता करना एक आदर्श ग्राहक का पहचान है । उन्होंने कहा कि ऋण अवश्य लेने पर उसे निर्धारित समय सीमा के अंदर ही जमा भी करे । जिससे आपकी साख बनी रहे और बैंक से ज्यादा लाभ मिल सके । शाखा प्रबंधक ने बताया कि शनिवार को व्यवहार न्यायालय हजारीबाग में राष्ट्रीय लोक अदालत सह समझौता शिवर का आयोजन किया जा रहा है ।

दस्तावेज व हेलमेट के साथ ही वाहन चलाएं : इंस्पेक्टर

सीओ व इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक बार फिर चला अतिक्रमण हटाओ सह जागरूकता अभियान, दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता। बरही

अतिक्रमण के खिलाफ बरही प्रशासन एक बार फिर सक्रिय हुआ। सीओ रामनारायण खलखो व इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने बरही चौक सहित विभिन्न मार्गो पर भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया. साथ ही सड़क किनारे लगे ठेला, दुकान और वाहन हटाने का निर्देश दिया गया. अतिक्रमित करने वालो को चेतावनी देते हुए अतिक्रमित स्थल को तत्काल खाली करने का निर्देश दिया. इंस्पेक्टर ने कहा कि अतिक्रमण के कारण यात्रियों सहित आमजनों को काफी परेशानी होती है. जिससे हमेशा अनहोनी की संभावना बनी रहती है. इसके साथ ही उन्होंने सभी दोपहिया वाहन चालकों से सुरक्षित वाहन चालन के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ हेलमेट प्रयोग करने का भी अपील किया. सीओ ने कहा कि अतिक्रमण को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे है. स्थानीय व्यवसायी भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें. इस दौरान राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, चौकीदार सुभाष कुमार, मो अताउल्लाह सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

रामगढ़। परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग

लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, जांच के दौरान कुल 22 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 12 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 418000 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 12 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 418000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभागों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे।

न्यूज बॉक्स

पाइप लदा टेलर वाहन गोरहर पुल के समीप दुर्घटनाग्रस्त

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड गोरहर पुल के समीप शुक्रवार सुबह 9 बजे बगोदर की ओर से आ रही टेलर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई।वाहन में जिसमें पाइप लोड था। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ड्राइवर का वाहन से नियंत्रण खोने की वजह से दुर्घटना हुई।जिससे वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया।घटना में ड्राइवर को मामूली चोट आई है। ग्रामीणों के सहयोग से ड्राइवर को बाहर निकल गया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया जहॉ डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलते हैं गोरहर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गई। बताते चलें कि एन एच ए आई के द्वारा रोड चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जिसमें गोरहर के पास आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। वहीं इस बारिश में जहां-तहां रोड के किनारे गड्ढे होने से पानी जम गया है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

35वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा बनी उप विजेता

रामगढ़। कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा की बहने विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 35 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो - खो प्रतियोगिता में खो-खो में उप विजेता बनी ।यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली,हजारीबाग में आयोजित हुई थी। जिसमे विद्यालय खेल आचार्य अक्षय कुमार सिंह एवं ममता कुमारी के नेतृत्व में 10 बहनें-परी कुमारी, करिश्मा कुमारी, प्रिया कुमारी, माही कुमारी, खुशी कुमारी, सबनम कुमारी,अन्नू कुमारी, रिया कुमारी,अंशु कुमारी,सोनम कुमारी सम्मलित हुई। बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए शानदार खेल प्रदर्शित किया। बहनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद,कोषाध्यक्ष आशीष झा सहित समिति के सभी सदस्य एवं आचार्य, दीदी जी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय लोक अदालत आज

हजारीबाग। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा के देखरेख में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जूलाई को किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि 11 मार्च से लेकर 12 जूलाई तक सुलहनीय लंबित मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों के बीच सुलह कराया गया था। वहीं 13 जूलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन कर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में बीमा, श्रम, बैंक, उत्पाद, परिवहन, बीएसएनएल, वन, चेक बाउंस, भू-अर्जन, माप-तौल व अन्य और आपराधिक सुलहनीय लंबित मामलों को निष्पादन के लिए रखा गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया है कि मामलों के त्वरित निष्पादन और पक्षकारों की सुविधा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है तथा इससे संबंधित पक्षकारों को नोटिस पूर्व में भेजा जा चुका है। उन्होंने पक्षकारों से अपील की है कि वैसे पक्षकार जो अपने लंबित वाद को नेशनल लोक अदालत में समाप्त कराना चाहते हैं वे शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्याय सदन में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते हैं। नेशनल लोक अदालत की कार्यवाही 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलेगी। उन्होंने इससे जुड़े सभी बीमा, बैंक, फायनांस, वन विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, भू-अर्जन विभाग, उत्पाद विभाग व अन्य विभाग के पदाधिकारियों, पक्षकारों और अधिवक्ताओं से अपील की है कि ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में भाग लेकर इस विशेष लोक अदालत को सफल बनाने का प्रयास करें।

एपीपीसीएफ कार्यक्रम को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

रामगढ़। सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार कक सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के सभागार मे नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ फ्लोरोसिस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एपीपीसीएफ प्रयोगशाला की स्थापना, एपीपीसीएफ के लिए प्रशिक्षित मानव बल की वस्तुस्थिति, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समन्वय, विद्यालयों का सर्वेक्षण, सामुदायिक सर्वेक्षण, पीएसएमए के दौरान गर्भवती महिलाओं की फ्लोरोसिस की जांच, ओपीडी मे फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग, विद्यालयों मे प्रचारझप्रसार, वार्षिक जिला स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन, जिले मे व्यापक आईईसी गतिविधियों का प्रचारझप्रसार, विशेष जांच शिविर का आयोजन, विटामिन सी, डी और कैल्सियम की गोलियों का वितरण तथा फ्लोरोसिस से बचाव हेतु सुधारात्मक उपाय आदि पर चर्चा की गयी। साथ ही सभी प्रखंडों से आए सीएचओ एवं एलटीएस को कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों मे शैम्पल एकत्रित एवं उसमे वृद्धि करने पर विशेष जोर दिया गया जिससे प्रभावित लोगों के बीच दवाओं का वितरण किया जा सके। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा विभिन्न क्षेत्रो के जल जांच और हर संभव सहयोग करने को कहा गया।

मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

बरही । जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया की अध्यक्षता में एसडीओ कार्यालय में एक महत्पूर्ण बैठक हुई. जिसमे मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित समीक्षात्मक चचाएं हुई. जिसमे अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी जोहन टुड्डू, एलआरडीवी अजय भगत सहित 21-बरही विधान सभा, 20-बरकट्ठा विधान सभा के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद थे. बैठक में घर घर सर्वे कर मतदाता सूची की मिलान और नए मतदाताओं के पंजीकरण, स्थानांतरित, रिपीटेड या मृत मतदाताओं के नाम हटाने तथा सुधार संबंधी कार्य के लिए प्रपत्र 6,7 और 8 के साथ ब्लैक एंड व्हाइट मतदाता पहचान पत्र को बदलकर कलरफुल लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करवाने पर चर्चा किया गया. सभी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी को अपने क्षेत्र के बीएलओ के कार्यों की निगरानी और निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया. जिससे कोई भी मतदाता छूटे नही और मतदाता सूची में वास्तविक पुनरीक्षण किया जा सके।

एक नजर

गिरदा में मोहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

बानो। प्रखंड के गिरदा थाना में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एएसआई मनोज महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोहर्रम का पर्व शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया ।एएसआई ने कहा कि पर्व को लेकर किसी तरह की अफवाह से दूर रहे फेसबुक व्हाट्सएप पर भ्रामक पोस्ट ना करें इसी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल थाना का सुचित करें। मौके पर शांति समिति के सदस्य व जनप्रतिनिधी उपस्थित थे ।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 25 जुलाई से होगा फुटबॉल टूर्नामेंट

बानो। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शहीद विद्यापति व तुराम बिरुली श्रद्धांजलि फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25जुलाई को एसएस हाई मैदान में आयोजित की गई हैं। प्रतियोगिता का उदघाटन 25 जुलाई व फाइनल मैच 30जुलाई को खेला जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमडेगा एसपी सौरव कुमार होंगे । प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इछुक टीम 9955096177, 7319827570व 9798426124 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।उक्त जानकारी थाना प्रभारी विकास कुमार ने दी।

विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

सिमडेगा। शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में प्रदीप टोप्पो की अध्यक्षता में हर वर्ष की भांति विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गई। जिसमें 09 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस समाज के सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मनाया जायेगा एवं वीर आदिवासी पुरखा नेताओं की जीवनी पर नाटक तथा झांकी प्रदर्शन के माध्यम से मनाने के लिए निर्णय हुआ। इस बैठक में मुख्य रुप से रोशन डुँगडुँग, अमन नियेल सोरेंग, अशोक बेसरा, जगमोहन भोय, रतन बड़ाईक, इग्नासियूस बा:, नवीन मिंज, मोक्शन कुजूर, असीम, आनन्द सोरेंग , फुलेश्वर बड़ाइक एवं अगुस्टीना सोरेंग उपस्थित रहे।

पिकअप वाहन की चोरी

डोमचांच। डोमचांच थाना क्षेत्र के जयनगर रोड से चोरों ने पिकअप वाहन की चोरी कर लिया है। घटना बुधवार रात की है। मामले को लेकर वाहन मालिक अजय राम ने थाना में मामला दर्ज कराया है। मामले में उन्होंने बताया है की बुधवार को मेरा पिकअप वाहन दिनभर घर के सामने खड़ी थी। जब हमलोग रात को सोने जा रहे थे,तब तक वहां घर के सामने खड़ी थी। लेकिन सुबह जब पांच बजे घर से निकले, तो वाहन नहीं थी। इसके बाद आसपास पूछताछ पर कोई पता नहीं चला। इसको लेकर थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

अवैध बालू लोड चार ट्रैक्टर जब्त



कोडरमा। झुमरी तिलैया थाना पुलिस ने गुरूवार को अवैध रूप से बालू लोड चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। जबकि चालक को भी हिरासत में लिया गया है। इस मामले में खनन विभाग ने इन चारों ट्रक्टरों पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि एनजीटी की रोक के बावजूद कोडरमा के विभिन्न बालू घाटों से बालू का अवैध उठाव हो रहा है और महंगे दामों पर बालू को बेचा जा रहा है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ होगी कड़ी कारवाई : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी 17 जुलाई 2024 को मुहर्रम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिले में मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्व में ही सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की जाती है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने मुहर्रम पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने की बात कहीं। तथा थाना स्तर पर किए जाने वाले शांति समिति की जानकारी ली गई एवं सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने अपने थाना में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का नये मार्ग एवं नई तिथि का चयन नहीं करेंगे इसे सुनिश्चित करें। इसके अलावे वैसे संवेदनशील स्थानों में जहां सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है वैसे स्थानों पर विशेष नजर बनाए रखने एवं शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध धारा 107 के तहत कारवाई कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने जुलूस के दौरान पदाधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने रूट डायवर्ट करने का निर्देश दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार के द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि मुहर्रम के अवसर पर जुलुस निकालने वाले सभी अखाड़ों की जानकारी लें तथा उन्हें पूर्व में ही सभी आवश्यक दिशानिर्देश दे दें। उन्होंने कहा कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलुस निकाला जाएगा।

सांसद कालीचरण मुंडा ने वृद्धा आश्रम जाकर वृद्धों से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
खूंटी लोकसभा के सांसद कालीचरण मुंडा सिमडेगा के डिप्टीटोली स्थित वृद्धाश्रम गये वंहा रह रहे वृद्धो से मुलाकात किए एवं फल वितरण भी किया। उन्होने सभी से उनका हाल चाल पूछा।अपने संबोधन मे कहा कि वृद्ध मां- बाप की सेवा भगवान की सेवा के बराबर होता है।आज कल बहुत से लोग अपने बुढ़े मां- बाप की सेवा करने के बजाय उसे बोझ समझते है और घर से भी निकाल देते है। जबकि उसी मां- बाप की कठिन तपस्या के कारण हमसब इस मुकाम तक पहुंच पाए है। इनके आगमन पर स्टरलाइट इन्टरनेशनल चैरिटेबल सोसाइटी के सचिव रिजॉइस एरिक ने सांसद का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप लकड़ा, शिशिर मिज, सुनील मिंज, विरेन्द्र तिर्की, कृष्णा नाग, फ्रांसिस बिलूंग आदि उपस्थित थे।

सप्तचंडी महायज्ञ सह एकादशी व्रत उद्यापन को लेकर हवन

डोमचांच। डोमचांच के नावाडीह में आयोजित सात दिनी श्रीश्री 108 सप्तचंडी महायज्ञ सह एकादशी व्रत उद्यापन को लेकर शुक्रवार को हवन और पूजा-पाठ के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा की गई। इस दौरान सुबह से ही हवन और यज्ञ की परिक्रमा के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर जयकारे लगाते रहे। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोंच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। महायज्ञ सह प्रवचन कार्यक्रम में 15 जुलाई तक हवन, पूजा पाठ, 16 जुलाई को हवन, रात्रि भजन संध्या के साथ महायज्ञ का समापन हो जाएगा।

न्यूज बॉक्स

25वां वीर शहीद थोमस सोरेंग फुटबॉल टूनामेंट को लेकर तैयारी जोरों पर

सिमडेगा। आगामी होने वाले वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट को को लेकर विशेष बैठक अध्यक्ष अमित डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खेल के आयोजक राजेश कु सिंह ने कहा कि खेल का शुभारंभ 25 जुलाई 2024 को होगी और खेल का फाइनल 15 अगस्त 2024 को होगी। साथ में ये भी कहा कि अभी इस खेल में चार राज्य की टीम भाग ले चुकी है। इस खेल में सभी कमेटी के सदस्यों को अलग अलग काम की जिम्मेदारी दी गई है ।जिससे खेल अच्छी तरह से हो। राजेश कुमार सिंह ने जिला प्रशासन ,जन प्रतिनिधि और सांसद से विशेष सहयोग करने की अपील की। और कहा कि पिछले वर्ष विधायक के वादा के अनुसार इस वर्ष पहला प्राइज 1,71000 रु और दूसरा प्राइज 1,31000 रु होगी। इस टूर्नामेंट में रेफरी झारखंड से ही रहेंगे और बहुत से टीम को फेरबदल की गई जिसके कारण खेल बहुत ज्यादा रोमांचक होगा। सभी खेल प्रेमियों से अनुरोध किया और कहा कि टूर्नामेंट में अधिक से अधिक भाग ले और अनुशासन में रहकर खेल का मजा ले।

इंडिया गठबंधन पुरी तरह से है एकजुट : नमन विक्सल कोनगाड़ी

जलडेगा। जलडेगा में शुक्रवार को एक बिशेष बैठक हुई। बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक में आदिवासी और ईसाई समाज के सामने भाजपा और झापा के द्वारा उत्पन्न की गई समस्याओं पर चर्चा की गई तथा विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार लोगों से साझा किया।विधायक ने कहा कि भाजपा के द्वारा एक नया षड्यंत्र रचा जा रहा है और गठबंधन के कुछ नेताओं के मुंह से बुलवाया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन में चुनाव नही लड़ा जाएगा।झामुमो,कांग्रेस अलग अलग चुनाव लड़ेगी।इस तरह का भ्रम भाजपा के कहने पर फैलाया जा रहा है।इनका एक उदाहरण पूर्व झामुमो नेता बसंत कुमार लोंगा के रूप में दिखा।जब बसंत लोंगा भाजपा को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से इंडिया गठबंधन के विरोध में निर्दलीय चुनाव लड़े। ऐसे समाज बिरोधी नेता जो कि हमारे ही बीच से होंगे, वैसे नेता जो भेड़िये हैं परंतु वो भेड़ की खाल ओढ़कर आयेंगें और हमारी एकता को खंडित करने की कोशिस करेंगें ताकि भाजपा को फायदा पहुंचा सके।हमें खुद और समाज के लोगों को भी वैसे लोगों से सावधान रखना होगा।मौके पर प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक जमीर खान, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया,जिला सचिव अल्पसंख्यक जमीर हसन,मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो, मंडल अध्यक्ष अनिल डांग, प्रखंड बिधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, शांतिएल बागे, कैथोलिक युथ अध्यक्ष अनमोल ,रहीम खान,मो मुमताज सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

झारखंड सरकार में जनप्रतिनिधियों को नही मिलता सम्मान : एनोस

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
सिमडेगा के कोचेडेगा में नवनिर्मित मुफस्सिल थाना भवन में संसद को दरकिनार कर शिलापट्ट में नाम गायब कर देने मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है उन्होंने कहा कि झारखंड में जो सरकार चल रही है वह सरकार नहीं सर्कस है । जहां पर प्रशासनिक अधिकारियों का मन पूरी तरह से बढ़ चुका है जो की साफ दशार्ता है । आज जो घटना घटी है इस इंकार नहीं किया जाता है की सोची समझी साजिश के साथ सांसद कालीचरण मुंडा को दरकिनार किया गया है ,जबकि सांसद सिमडेगा जिले के क्षेत्र में दौरे पर हैं। ऐसे में उनके द्वारा उद्घाटन नहीं करवाना प्रशासनिक मानसिकता को दिखाता है और शिलापट्ट पर सांसद का नाम गायब कर देना यह साजिश है । उन्होंने कहा कि यहां पर प्रशासन जनप्रतिनिधियों को तवज्जो नहीं दे रही है ।

नवनिर्मित मुफस्सिल थाना भवन का विधायक एवं डीआईजी ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा नवनिर्मित कोचेडगा में मुफस्सिल थाना भवन का उद्घाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, राँची के अनूप बिरथरे के द्वारा किया गया। मौके पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह एसपी सौरभ उपस्थित रहे। मौके पर विधायक एवं डीआईजी के द्वारा फीता काट कर और शिलापट्ट का अनावरण कर नव निर्मित मुफस्सिल थाना भवन का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक और डीआईजी सहित सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। थाना भवन उद्घाटन के बाद इस थाना भवन के लिए जमीन दान करने वाले परिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कोचेडेगा में थाना बन जाने से इस थाना क्षेत्र के लोगों को सहूलियत मिलेगी।

साथ हीं इस क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा और शांति बहाल होगी। विधायक ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तामड़ा गांव की समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि तामड़ा के लोगों को मुफस्सिल थाना आने के लिए 25 किलोमीटर का सफर तय करना होगा, जबकि तामड़ा से सदर थाना महज 07 किलोमीटर दूरी पर है, इसी तरह सेवई पंचायत जो सिमडेगा थाना में है उनके लिए मुफस्सिल थाना नजदीक होगा। विधायक ने कहा कि इन दोनो जगहों के थाना क्षेत्र का सीमांकन फिर से करवा कर तामड़ा को सदर थाना में और सेवई को मुफस्सिल थाना में शामिल करवाने के लिए वे प्रयास करेंगे।

शिलापट्ट में सांसद का नाम गायब शहर में चर्चा

थाना के उद्घाटन में बने शिलापट्ट में सांसद कालीचरण मुंडा का नाम गायब होने पर सिमडेगा शहर में कई जगहों पर चर्चा है। इधर इस मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल के द्वारा विधायक से सवाल किया गया तो विधायक ने कहा कि शिलापट्ट बनवाने वाले लोग ही जान सकेंगे कि उनका नाम क्यों नहीं है।

सहारा इंडिया में जमा पैसों की भुगतान की मांग को लेकर 15 को सिमडेगा में जनप्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत 15 जुलाई 2024 को जिला मुख्यालय सिमडेगा के नगर परिषद कार्यालय के पास में खून पसीने का जमा पैसे शुद सहित जल्द भुगतान करो नारे के साथ जनप्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। विदित हो कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 15 जुलाई 2024 को विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर सिमडेगा जिले में जनप्रदर्शन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। वहीं सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, साईं प्रकाश, एपीलाइन, विश्वामित्र, पल्स, बेसिल, इत्यादि विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में मैच्योरिटी तिथि बीत जाने के बावजूद कई वर्षों बाद भी जमा पैसे की भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे खून पसीने की कमाई को जमा करने वाले लोग परेशान हैं। जमा पैसे की भुगतान जल्द हो इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से जनप्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई है।

सप्तचंडी महायज्ञ सह एकादशी व्रत उद्यापन को लेकर हवन

डोमचांच। डोमचांच के नावाडीह में आयोजित सात दिनी श्रीश्री 108 सप्तचंडी महायज्ञ सह एकादशी व्रत उद्यापन को लेकर शुक्रवार को हवन और पूजा-पाठ के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा की गई। इस दौरान सुबह से ही हवन और यज्ञ की परिक्रमा के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर जयकारे लगाते रहे। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोंच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। इससे क्षेत्र में शांति और शुद्ध वातावरण का माहौल बना है। महायज्ञ सह प्रवचन कार्यक्रम में 15 जुलाई तक हवन, पूजा पाठ, 16 जुलाई को हवन, नगर भ्रमण, 17 जुलाई प्राण प्रतिष्ठा, एकादशी व्रत उद्यापन, 18 जुलाई को विसर्जन, ब्राह्मण भोजन, कन्या भोजन, महाभंडारा, रात्रि भजन संध्या के साथ महायज्ञ का समापन हो जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष दिलीप कुमार ,सचिव लक्ष्मण मेहता, उमेश मेहता समेत ग्रामीण लगे हुए हैं।

झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम से बिना निबंधित वाहन से हुआ गेंहू का उठाव

सिमडेगा। शहरी क्षेत्र स्थित गुलजार गली में झारखंड राज्य खाद्य निगम के भंडारण गृह से आपूर्ती शाखा में बिना निबंधित वाहन से अनाज का उठाव हो रहा है। लोडर की अनुपस्थिति में ओर विभाग में बिना रजिस्टर्ड वाहन से आनाज को गोदाम से निकलकर अन्यत्र जगह भेजा जाना कहीं ना कहीं अनाज की काला बाजारी होने का संकेत है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिक अप वाहन JH 07H 8970 में गेहूं लोड कर कहां भेजा गया इस बात की जानकारी किसी को नहीं है नियमानुसार खाद्य गोदाम से अनाज डीलर के स्थल तक विभाग में रजिस्टर्ड वाहन द्वारा ही अनाज भेजा जा सकता है । बिना रजिस्टर्ड वहां पर अनाज भेजे जाने के सम्बंध में जिले के आपूर्ति शाखा पदाधिकारी संदीप भगत ने कहा कि बिना रजिस्टर्ड वाहन में अनाज भेजे जाने की जानकारी मिली है। आवेदन भी प्राप्त हुआ इस संबंध में जांच की जा रही है। दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वीर शहीद तेलंगा खड़िया के प्रतिमा निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
विधायक भूषण बाड़ा ने प्रखंड के करंगागुड़ी में वीर शहीद तेलंगा खड़िया के प्रतिमा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए वीर शहीद तेलंगा खड़िया को नमन किया। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। विधायक ने कहा कि वीर शहीद तेलंगा खड़िया की विरता पीढ़ी दर पीढ़ी याद की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गांव के बहुत से बच्चे हमारे वीर योद्धा तेलंगा खड़िया को एवं उनकी वीर गाथा को नहीं जानते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में तेलंगा खड़िया की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। ताकि गांव के बच्चे भी तेलंगा खड़िया को जान सखे। साथ ही उनकी विरता को जानते हुए उनसे प्रेरणा ले सकें। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि आकाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, मुखिया मुंश खेस, जिला सचिव मनोहर प्रसाद, अनूप लकड़ा, अनिल केरकेट्टा, नोवेल मिंज, अजयदान कुजूर, मधुचंद खलखो आदि उपस्थित थे।

नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई

सिमडेगा। सीमा सीता एक्का को पांचवीं बार अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बधाई दी है। मौके पर विधायक ने कहा कि सीमा सीता एक्का के नेतृत्व में महिला मोर्चा जिला कमेटी काफी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। इस बार फिर से महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर महिला मोर्चा और अधिक मजबूत हुआ है। सीमा सीता एक्का के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एकतरफा जीत मिलेगी। विधायक ने कहा कि लगातार पांचवी बार जिलाध्यक्ष बनाया जाना सीमा सीता एक्का के पार्टी के प्रति समर्पित जीवन, ईमानदार एवं कर्मठता का नतीजा है। सीमा सीता एक्का ने हमेशा से महिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत बनाने का काम किया है। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का को बधाई दी है।

लोगों की समस्याओं को पूरी तरह दूर करना झारखंड पार्टी की प्राथमिकता : एनोस एक्का

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
झापा केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का शुक्रवार को कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक की मौके पर लोगों की समस्याओं को सुनी । इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड में ठगबंधन की सरकार बने 5 साल हो गई है ,लेकिन आज तक क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया आज भी समस्याओं की लंबी लिस्ट है।

लेकिन उन समस्याओं को दूर करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी लगातार सिर्फ धर्म के नाम पर लोगों को झूठ बोलकर बरगला कर वोट लेने का काम करती है ,लेकिन जब विकास करने की बारी आती है तब वह क्षेत्र में गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर झूठी दलील देने वाले नेताओं से हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। जिस प्रकार से इस क्षेत्र में आदिवासियों के साथ शोषण हो रहा है इस पर वर्तमान सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही लेकिन झारखंड पार्टी लोगों की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता मानती है, और आने वाले दिनों में सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा।

युवाओं के सोच को आगे बढ़ा रही है झारखंड पार्टी : सन्देश एक्का

झापा युवा नेता सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान समय युवाओं की है ऐसे में झारखंड पार्टी युवाओं के सोच को आगे बढ़ने का काम कर रही है ,आने वाले दिनों में सभी युवाओं को आवाहन करते हुए संगठन में शामिल कर इस क्षेत्र ही नहीं अपितु पूरे जिले का विकास करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया । मौके पर अमन खेस, नोवेल हेरेंज ,अंकित सुरीन रसाल खलखो, बिमल डांग संदीप डुंग डुंग, फुलजेंसीयां टोपनो,संजय केरकेट्टा उपस्थित थे।

इंटरमीडिएट संपूरक परीक्षा में 36 परीक्षार्थी शामिल

कोडरमा। इंटरमीडिएट संपूरक परीक्षा गुरुवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा में दो पालियों में ली गई। पहली पाली में 34 परीक्षार्थियों में 30 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि चार अनुपस्थित थे। दूसरी पाली में सात परीक्षार्थी में छः परीक्षाथी परीक्षा में शामिल हुए और एक अनुपस्थित रहा। कदाचार के आरोप में किसी परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित नहीं किया गया है।

घर में सो रहे युवक की ब्लेड से गला काटकर हत्या का प्रयास

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा
ओड़गा ओपी क्षेत्र अंतर्गत पतिअम्बा खरवागढ़ा के नायकटोली में शुक्रवार अहले सुबह करीब पांच बजे 25 वर्षीय राजू रजक पिता रामा रजक नामक युवक की ब्लेड से गला काटकर हत्या का प्रयास करने का मामला आया है। घटना को अंजाम देने के बाद परिजनों ने आनन फानन में खून से लथपथ राजू को जलडेगा अस्पताल ले गए जहां प्रारंभिक ईलाज के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए घायल राजू को बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

घटना के सम्बन्ध में राजू रजक के चचेरे भाई बचन नायक ने बताया कि घटना की रात वो बारात गया हुआ था एवं घर में पत्नी बच्चे तथा राजू एवं उसकी पत्नी उन्ही के घर में सोये थे चुंकि सुबह हो चली थी ऐसे में शौच आदि हेतु घर का दरवाजा खुला था। तभी सुबह पांच बजे के लगभग एक अनजान व्यक्ति घर में घुस आया उसने सर से पाँव तक काले रंग के कपड़े पहना हुआ था एवं चेहरे में काले रंग का नकाब भी लगाया हुआ था। उसने राजू के गले पर ब्लेड से हमला कर दिया इसी क्रम में राजू ने उसका हाथ पकड़कर शोर मचा दिया जिससे पास में सो रही महिलाओं ने शोर मचाना प्रारम्भ कर दिया जिससे घबराकर हमलावार तेजी से घर से निकला और बाहर से दरवाजा का कुंडी बंद कर दिया तभी आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे एवं हमलावर का पीछा भी किया।

एक नजर

उम विद्यालय बड़ामपुट को मिला कांस्य प्रमाण पत्र

जमशेदपुर। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ामपुट पोटका 2 को कांस्य प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । यह सम्मान ज्ञान सेतु कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों के 39 विद्यालय का विभागीय सत्यापन व बाद में बाहरी एजेंसी द्वारा पोटका के एक मात्र विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ामपुट पोटका 2 को भी कांस्य प्रमाण पत्र दिया गया । प्रमाण पत्र प्रधानाध्यापक अनुपम भगत ने ग्रहण किया । इधर विद्यालय को कांस्य प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्रधानाध्यापक अनुपम भगत ने कहा कि यह पुरस्कार पूरे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत का फल है । इसका श्रेय सभी शिक्षकों को जाता है ।

राजाराम गुप्ता मंत्री दीपक बिरूवा के प्रतिनिधि मनोनीत

जमशेदपुर। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण छोड़कर) एवं परिवहन विभाग झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरूवा ने राजा राम गुप्ता का अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है । राजा राम गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता और चाईबासा निवासी हैं । उन्हें चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा व परिवार कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं ऊर्जा विभाग का प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है । इस संबंध में मंत्री दीपक बिरूवा ने उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम व संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया है ।

21 को गुवा में मंत्री दीपक बिरुवा सेल प्रबंधन से करेंगे वार्ता

चाईबासा। 21 जुलाई को परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा गुवा जाएंगे । वहां ग्रामीणों की समस्या को लेकर सेल प्रबंधन के साथ बैठक करेंगे । वे बैठक में गुवा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के बेरोजगार युवकों की बहाली एवं विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करेंगे । यह जानकारी झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता वृंदावन गोप ने दी । उन्होंने बताया हमारे नेतृत्व में एक टीम बेरोजगार युवकों की समस्याओं को लेकर मंत्री दीपक बिरुवा के पैतृक आवास पर जाकर बैठक की थी । इस बैठक में नुईया गांव के मुंडा दुरसू चाम्पिया, ठाकुरा गांव के मुंडा दामु चाम्पिया, लिपुंगा गांव के मुंडा चरण चाम्पिया, तुफान घोष शामिल थे ।

जमुआ में सड़क पर जल जमाव नाला जाम, राहगीर परेशान

इंदिरा गांधी उच्च विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को पैदल आने-जाने में हो रही है काफी कठिनाई

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

पथ निर्माण विभाग ने जमुआ मेन रोड से इंदिरा गांधी उच्च विद्यालय तक सड़क के किनारे नाला का निर्माण किया था. बारिश शुरू होते ही दिख रहा है कि यह नाला किसी काम का नहीं है। नाला जाम हो गया है और इससे होकर निकलने वाला पानी सड़क पर बह रहा है । नाला से पानी निकासी के लिए सड़क पर बने पुलिया को एक-दूसरे से जोड़ने का काम भी पूरा नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक मूसलाधार बारिश के बाद सड़क पर जल जमाव की स्थिति है। इससे राहगीर परेशान हैं । शुक्रवार को सुबह से ही मूसलाधार बारिश हो रही है। इंदिरा गांधी मैदान में पानी भर गया है। पानी सड़क पर आने से राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। खासकर इंदिरा गांधी उच्च विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को पैदल आने जाने में कठिनाई हो रही है ।

स्थानीय ग्रामीण सह साहू समाज विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार साहू ने आरोप लगाया है कि नाला का निर्माण ठीक से नहीं हुआ है । इसी कारण पानी सड़क पर आ गया है । जब पानी की निकासी ही नहीं हो रही है, तो ऐसे नाले के निर्माण का कोई औचित्य नहीं बचता है । सिर्फ सरकारी पैसे का बंदरबाट किया गया है।

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता। तिसरी

थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - चंदौरी मुख्य मार्ग स्थित बघलोरवा में शुक्रवार की अहले सुबह बारात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई। घटना में कार पर सवार एक व्यक्ति को चोटें आई है। वहीं चालक समेत अन्य लोग दुर्घटना के बाद कार छोड़कर भाग खड़े हुए। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात गांवा से जमुई बारात गई थी। बारात से वापसी के दौरान चालक को आई नींद के कारण वाहन अनिययंत्रित होकर सड़क से 10 फुट दूर स्थित पेड़ से जा टकराई। जिससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि पेड़ के दोनों ओर घर थे, गनिमत रही कि कार घर में नहीं घुसी। इस दुर्घटना में कार में बैठे गांवा के बिरने के रहने वाले रामविलास चौधरी को चोटें आई है। उन्होंने बताया कि कार में उनके साथ और भी लोग थे जो दुर्घटना के बाद भाग गए। इधर घटना की सूचना मिलती है तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

न्यूज बॉक्स

मानगो में कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

जमशेदपुर। मानगो क्षेत्र में इन दिनों लावारिस कुत्तों का आतंक है. राह चलते लोगों पर हमला कर कई लोगों को जख्मी कर दिया है । इन कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए आजाद समाज पार्टी ने शुक्रवार को प्रदेश संगठन सचिव नईम खान के नेतृत्व में मानगो नगर निगम के नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा । उन्हें बताया कि आवारा कुत्तों के कारण आजादनगर, जवाहरनगर, जाकिरनगर, उलीडीह, शंकोसाई के लोगों में भय का माहौल है । कई छोटे बच्चों को कुत्ते काट चुके हैं । कई घटनाएं लोगों के घरों में लगे सीसीटीवी में भी कैद हुई हैं । नगर आयुक्त ने इस दिशा में जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया । प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जिब्रान आजाद, सरायकेला प्रभारी इम्तेयजुद्दीन, शाहिद रजा, कपाली नगर अध्यक्ष महमूद रजा, युवा मोर्चा जिला उपाद्यक्ष मुहम्मद फैय्याज आलम, युवा मोर्चा जिला सचिव हामिद रजा, फिरदौस आलम, युवा मोर्चा जिला सचिव मुहमद वसीम और कई कार्यकर्ता शामिल थे ।

यूरेनियम प्रोजेक्ट में दोस्ताना क्रिकेट मैच आयोजित

जमशेदपुर। परमाणु ऊर्जा विभाग 2024 में अपनी स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहा है । इस मौके को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम के दूसरे दिन तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया । जहां यूसिल सीएमडी संतोष कुमार सतपति की टीम विजेता बनी जबकि माइंस की टीम उपविजेता बनी । इसके पूर्व क्रिकेट मैच का उद्घाटन डॉ । एसके सतपति सीएमडी यूसिल, मनोज कुमार जीएम, बीसी गुप्ता सीएस और एमएस राव जीएम (ईएस) ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत मंच पर सभी मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ विपिन कुमार शर्मा ने की । सुमन सरकार, किशोर भगत, बी । श्रीकांत और सी । मथिवानन ने मुख्य अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया ।

दुष्कर्म समेत एक अन्य मामले में 2 गिरफ्तार, भेजा गया जेल

गिरिडीह। जिले के अलग- अलग थाना इलाकों से पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जमुआ थाना इलाके के ग्राम बलबला जीतपुर से दुष्कर्म कांड का आरोपी संजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक दूसरे मामले में फरार चल रहे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी हिरोडीह थाना इलाके के धुरेता का कुंदन यादव है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां प्रक्रिया के अनुसार सभी को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मेसर्स जय बाबा लोकनाथ को श्रम विभाग ने भेजा नोटिस

जमशेदपुर। मेसर्स आधुनिक पावर एंड नेचुर्ल रिसोर्स लिमिटेड की ठेका कंपनी मेसर्स जय बाबा लोकनाथ को श्रम अधीक्षक सरायकेला-खरसावां ने नोटिस जारी किया । उक्त नोटिस जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ की शिकायत पर किया है । जिसमें चार मजदूरों की कंपनी से छंटनी करने के बाद उनका फाइनल सेटलमेंट नहीं दिया । श्रम अधीक्षक ने कंपनी प्रबंधन अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को 16 जुलाई को सभी कागजातों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है । वार्ता के लिए उपस्थित नहीं होने पर श्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई की बात कही । जानकारी हो कि कंपनी के कर्मचारी चंदन गुप्ता, राजदेव मुंडा, बिनोद मुंडा, रघुनंदन सिंह को पांच वर्ष से अधिक समय तक काम कराने के बाद उनकी छंटनी कर दी ।

विधानसभा कमेटी ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

▸▸ 15 दिनों में त्रुटियों को दूर करने का दिया निर्देश

प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण समिति के सभापति मथुरा महतो शुक्रवार को अपनी टीम के साथ गिरिडीह पहुंचें। इस दौरान उनके साथ गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत प्रशासनिक अधिकारी उनके साथ मौजूद थे। दौरे के क्रम में विधायक सह सभापति ने सदर प्रखंड के टुंडी रोड स्थित दुःखहरणनाथ धाम के समीप लगे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा स्थित प्लांट का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों के मुखिया एवं ग्रामीणों से वार्ता की।

मौके पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अभी तक कई गांव और टोला में पानी नहीं पहुंचा है। साथ ही अन्य शिकायतें भी मिली है। कहा कि सभी स्थानों में प्राप्त शिकायतों को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि 15 दिन के अंदर गड़बड़ियों को दूर करने का आदेश दिया गया है।

23 दिनों से बच्चे के साथ लापता महिला को तिसरी पुलिस ने किया बरामद

तिसरी। प्रेम प्रसंग में बीतें 23 दिनों से लापता महिला और उसके बच्चे को तिसरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जलेसर से सकुशल बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि तिसरी थाना इलाके के पलमरुआ निवासी 22 वर्षीय पूजा कुमारी अपने 2 वर्ष के बच्चे के साथ बीते 19 जुलाई को घर छोड़कर चली गई थी। परिजनों ने तिसरी थाने में इसकी जानकारी दी। सूचना पर थाना प्रभारी संजय नायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सनहा दर्ज कर एक टीम को जांच के आदेश दिए। इसके बाद तकनीकी माध्यम से महिला को ट्रेस कर उत्तर प्रदेश के जलेसर कोतवाली क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। बताया गया कि उसे वापस लाने की प्रक्रिया की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूजा कुमारी के दो बच्चे हैं, जिसमें से एक को लेकर वह चली गई थी। मामला प्रेम - प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। बताया जाता है कि फेसबुक के माध्यम से महिला के किसी और के साथ जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

खनन विभाग ने अवैध रूप से बालू ले जाते एक ट्रैक्टर पकड़ा



नवीन मेल संवाददाता। चांडिल

सरायकेला-खरसावां जिला खनन विभाग ने बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है । इसी क्रम में शुक्रवार को अहले सुबह करीब चार बजे खनन विभाग की टीम कपाली ओपी अंतर्गत गौरी बालू घाट पर छापामारी अभियान चलाया । खनन विभाग की टीम द्वारा छापामारी किए जाने की भनक लगते ही नदी घाट खाली हो गया । नदी घाट से किसी को भी खनन करते हुए नहीं पाया गया । नदी घाट पर कोई ट्रैक्टर भी नहीं मिला । खनन विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे छापामारी अभियान से बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है । विदित हो कि फिलहाल नदी से बालू खनन के कार्य पर रोक लगाया गया है । वैसे भी जिले में बालू घाटों की निलामी नहीं हुई है । छापामारी के दौरान आसपास के क्षेत्र में अभियान चलाते हुए टीम ने नदी के पार केरला पब्लिक स्कूल मोड़ के पास बालू का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त किया । बालू लदे ट्रैक्टर में बालू से संबंधित किसी प्रकार का कागजात नहीं मिला । वहीं छापामारी टीम को देखकर ट्रैक्टर का चालक मौके से फरार हो गया । इसकी जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा । जिले के उपायुक्त के निदेर्शानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है । बालू समेत खनन से जुड़े किसी भी प्रकार के खनिज का अवैध कारोबार नहीं होने दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार करते पकड़े जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

गुड़ाबांदा बालू घाट में एसडीओ ने की छापेमारी

जमशेदपुर। गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के तारासपुर स्वर्णरेखा घाट में गुरुवार देर रात को एसडीओ सच्चिदानंद महतो ने खनन विभाग के अधिकारियों के साथ छापामारी अभियान चलाया । इस दौरान अवैध खनन में लगे जेसीबी मशीन और दो हाइवा को जब्त किया गया है । थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि जब्त वाहनों का जांच किया जा रहा है । जब्त वाहनों के मालिकों का पता लगाया साथ ही नदी घाट में अवैध खनन कर जमा किये गये बालू स्टॉक की मापी की जा रही है । गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र में देर रात को स्वर्णरेखा नदी घाट से अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन द्वारा कारवाई गई है । अनुमंडल पदाधिकारी के साथ खनन विभाग के अधिकारी भी छापेमारी के दौरान उपस्थित थे ।

जमीन मामले में पीड़ित पक्ष ने लागायी सुरक्षा की गुहार

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

जमीन संबंधित मुकदमा में गिरिडीह व्यवहार न्यायालय पैरवी के लिए पहुंचे बगोदर थाना क्षेत्र के बेको निवासी शंकर कमार को उसके विपक्षी आजम अंसारी हुसैनी मुंशी अंसारी, द्वारका अंसारी और इस्लाम अंसारी ने न्यायालय नहीं चढ़ने की धमकी दी है। शंकर कमार ने इस मामले को लेकर शुक्रवार को गिरिडीह उपायुक्त और एसपी को एक आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। दीपक कमार ने बताया की बगोदर में उनकी मां मुलिया देवी के नाम से रजिस्ट्री डिड से हासिल जमीन का अधिग्रहण हुआ है और बाकी बचे 88 डिसमिल जमीन ठल्ल के बगल में परती है। जिसको लेकर न्यायालय में मुकदमा लंबित है उस मुकदमे के सिलसिले में वह बीते 9 जुलाई को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय आए हुए थे। इस दौरान आजम अंसारी, हुसैनी मुंशी अंसारी द्वारका अंसारी,इस्लाम अंसारी आदि लोगों ने व्यवहार न्यायालय कैंपस में उनको घेर लिया और उनको जमीन से संबंधित मुकदमा में न्यायालय नहीं आने की धमकी दी, कहा कि न्यायालय पहुंचने पर उनके साथ बुरा होगा। जिससे वह सपरिवार भयभीत है। इसलिए उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है और पूरे मामले की जांच कर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

गुंडिचा मंदिर में महाप्रभु को लग रहा पुए पकवान का भोग

आदित्यपुर। आदित्यपुर के इच्छापुर दुर्गा मंदिर में बनाए गए गुंडिचा मंदिर (मौसीबाड़ी) में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा को हर दिन तीन समय आरती लग रही है और पुए पकवान का भोग लगाया जा रहा है । गुरुवार की शाम रेलवे कॉलोनी मंदिर से माता लक्ष्मी को भी पालकी यात्रा कर गुंडीचा मंदिर लाया गया । कमेटी के लोगों ने बताया कि भगवान का वापसी रथयात्रा 15 जुलाई सोमवार को शाम 04:00 बजे इच्छापुर दुर्गा मंदिर से रेलवे कॉलोनी आदित्यपुर-2 में लाई जाएगी । इस पालकी यात्रा पूजा में समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, सचिव राजू मुखी, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार,यश राज के साथ कीर्तन पार्टी एवं पंडित शर्मा जी शामिल रहे ।

नीट परीक्षा गड़बड़ी मामले में बहुजन मुक्ति पार्टी ने दिया राष्ट्रव्यापी धरना

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

नीट परीक्षा का मामला देशभर में तूल पकड़ा हुआ है। वहीं इसके विरोध में जगह जगह धरना प्रदर्शन आदि भी हो रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पपरवाटांड़ स्थित समाहरणालय परिसर में बहुजन मुक्ति पार्टी के बैनर तले राष्ट्रव्यापी धरना दिया गया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने किया। बताया गया कि परीक्षा में धांधली कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है इसे पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कहा कि धरना के बाद 7 सूत्री मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। कहा कि आज देशभर में पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

सेल व आंदोलनकारियों में समझौता, स्लो डाउन आंदोलन खत्म

सरायकेला। सेल प्रबंधन और आंदोलनकारियों में गुरुवार की रात वार्ता के बाद समझौता हो गया है । इसके बाद आंदोलनकारियों ने स्लो डाउन आंदोलन खत्म करने की घोषणा की । शुक्रवार से सेल गुवा के खदान में उत्पादन सामान्य रूप से शुरू हो गया है । सेल के सभी कर्मचारी और ठेका मजदूर ड्यूटी पर तैनात हैं । सेल, मेघाहातुबुरु के मेघालया गेस्ट हाउस में सेल, बीएसएल प्रबंधन और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में संयुक्त यूनियन, गुवा के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा मानकी-मुंडाओं के साथ गुरुवार की रात 9 बजे से वार्ता शुरू हुई, जो देर रात पौने दो बजे समाप्त हुई । लगभग 5 घंटे तक चली लंबी वार्ता के बाद गुवा खदान में 4 जुलाई से जारी अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन खत्म हो गया ।

सर्पदंश से 28 वर्षीय युवक की हालत गंभीर

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गुहियापाल पंचायत अंतर्गत मधुपुर गांव निवासी संजय मुंडा (28 वर्ष) को रात सोते वक्त जहरीला सांप काट लिया । उसका परिजनों ने झाड़फूंक कराया । वहीं स्थिति गंभीर होता देख शुक्रवार की सुबह आनन-फानन में परिवार वाले संजय को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा पहुंचे । जहां चिकित्सक ने जांच कर सांप काटने के लक्षण युवक में पाया गया । उसे जरूरी दवाई देकर तत्काल बेहतर इलाज के लिए पीआरएम मेडिकल कॉलेज बारीपदा रेफर कर दिया । परिवार वाले 108 एंबुलेंस द्वारा बारीपदा के लिए रवाना हो गए ।

एसपी ने किया थानों का औचक निरीक्षण, कहा- पारदर्शिता बनाए रखें

चांडिल। सरायकेला-खरसावां जिले के नये पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने देर शाम चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पांचों थाना चांडिल, चौका, ईचागढ़, तिरुलडीह और नीमडीह का औचक निरीक्षण किया । जिला में पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक का चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के थानों का यह पहला दौरा था । इस दौरान उन्होंने थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों से मिलने के साथ थाना क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी लिया और अपराध नियंत्रण पर बात किया । पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण के साथ गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, विधि-व्यवस्था संधारण, नक्सली गतिविधि पर निगरानी, अवैध खनन, मादक पदार्थों के खरीद-फरोख्त पर रोकथाम और लंबित कांड, वारंट, इश्तेहार, कुर्की आदि के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया ।

दो साल से द्वादश ज्योर्तिलिंग के दर्शन को पैदल निकला है शिव भक्त, कहा-

महादेव के नाम से मिट जाती है मुश्किले

नवीन मेल संवाददाता। तिसरी

कहते हैं भक्ति में बड़ी ही शक्ति होती है। ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था और विश्वास रखने वाले भक्तों के लिए दुनिया की बड़ी से बड़ी मुश्किलें तिनके के समान हो जाती है। ऐसे ही एक भक्त की कहानी आपको बता रहे हैं। यह शिव भक्त मध्यप्रदेश के सीपरी जिला अंतर्गत ग्राम कुल्हाड़ी के रहने वाला सोनू यादव है। यह ऑटो चलाने का काम करते थे, लेकिन इन्हे भगवान भोलेनाथ की भक्ति का ऐसा रस चढ़ा कि ये पिछले दो वर्षों से कावड़ लेके 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन के लिए पैदल ही नंगे पांव निकले हुए हैं।

सोनू बताते हैं कि वे वर्ष 2022 के श्रावण मास में ही 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन के लिए कावड़ लेकर पैदल ही निकले थे। सबसे पहले वे रामेश्वरम गए जहां उन्होंने ज्योतिलिंग का दर्शन किया फिर मल्लिकाअर्जुन ज्योतिलिंग, भीमाशंकर महादेव ज्योतिलिंग, घृनेश्वर महादेव, त्रंबकेश्वर महादेव, ओंकारेश्वर ज्योतिलिंग, उज्जैन के बाबा महाकाल ज्योतिलिंग, सोमनाथ ज्योतिलिंग और नागेश्वर ज्योतिलिंग के बाद बाबा झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ ज्योतिलिंग का दर्शन कर चुके हैं। जिसके बाद वे कावड़ लेकर पैदल गिरिडीह जिले के देवरी, तिसरी, गांवा होते हुए उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ ज्योतिलिंग के दर्शन के लिए निकल गए। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ के दर्शन के बाद अंतिम में केदारनाथ ज्योतिलिंग के दर्शन करने के बाद ही उनकी यात्रा सफल होगी। शिव भक्त सोनू ने बताया कि वे 2 वर्षों से फलाहार पर ही यात्रा कर रहें हैं, महादेव का नाम लेते ही सारी परेशानियां दूर हो जाती है।

जिला पशुपालन कार्यालय, राँची

जोड़ा बैल वितरण योजनान्तर्गत आवेदन का आमंत्रण

–: आम सूचना :–

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या – 09 रा०, (वि०), दिनांक – 24.06.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में जोड़ा बैल वितरण योजनान्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजनान्तर्गत राँची जिला के छोटे एवं सीमान्त किसानों को खेती करने के उद्देश्य से Castrated नर बाछाओं का जोड़ा बैल के रूप में वितरण की योजना है। इस योजना में अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/आदिम जनजाति के बी०पी०एल० श्रेणी के लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची के नाम से आमंत्रित किया जाता है :–

क्र०सं०	योजना का नाम	कुल लक्ष्य	योजना की लागत राशि	अनुदान	लाभुक वर्ग
01	जोड़ा बैल वितरण	77	40,000=00	90%	अनूसूचित जनजाति/अनूसूचित जाति/आदिम जनजाति के बी०पी०एल० श्रेणी

पशुपालन प्रक्षेत्र से संबंधित योजनाओं में लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता निम्नवत होगी।

1. इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा से कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा लाभुकों का अनुशंसा किया जायेगा।
2. योजना का लाभ राज्य के अनु०जा०/अनु०ज०जा०/आदिम जनजाति एवं दिव्यांग जनों को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो।
4. ऐसे लाभुक का चयन किया जाएगा जो पशुधन के गतिविधि से जुड़े है, लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो एवं बी०पी०एल० कोटि के श्रेणी में आते हो।
5. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन 90% अनुदान की राशि एवं लाभुक अंशदान 10% की राशि पर होगा।
6. जोड़ा बैल की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जायेगा।
7. आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा।
8. इच्छुक पशुपालक अपने आवेदन के साथ ग्राम सभा के रजिस्टर में अंकित आयोजित ग्राम सभा के बैठक की अनुशंसित सूची की छायाप्रति के साथ अपने–अपने प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास निर्धारित तिथि – 27.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विलम्ब से प्राप्त होने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिले के जिन प्रखण्डों में जोड़ा बैल वितरण योजना का लाभ नहीं दिया गया है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में लाभ दिया जायेगा।
10. सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुमोदित पत्र जिला पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय में दिनांक –31.07.2024 तक प्राप्त किया जायेगा।

निवेदक

PR 329467 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची

बजट पर है मध्यम वर्ग की नजर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पूर्ण बजट संसद में प्रस्तुत करने वाली हैं। कारोबार से जुड़े लोगों के बाद इसमें सबसे अधिक ध्यान मध्यवर्ग का ही है जिसे चुनाव पूर्व के अंतरिम बजट में वो राहत नहीं मिली थी जो चुनाव पूर्व होती है। यह वर्ग बड़े पैमाने पर खरीदारी करके अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनाए रखने में मदद करता है। वित्तमंत्री ने भी स्वीकार किया है कि देश में उत्पादों की बढ़ती खपत के कारण ही सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में तेजी दिख रही है। उन्होंने माना कि खपत बढ़ने से कारखानों की भी रफ्तार बढ़ जाती है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं , जो अंततः लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर खपत को बढ़ावा देता है। आज भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग भी इसी वर्ग के बूते फल-फूल रहा है। दूसरी ओर देश का उच्च मध्यवर्ग लग्जरी से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी करके भारी टैक्स भी दे रहा है। वह अच्छी शिक्षा पाने के लिए अपने बच्चों को विदेशी कॉलेज-यूनिवर्सिटी में भेजता है और भारतीय बैंकों को मोटा ब्याज देकर मालामाल करता है। जबकि बड़ी संख्या में मध्यवर्ग का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान उल्लेखनीय है, इसलिए वह सरकार से कुछ प्रोत्साहन की उम्मीद रखता है। इस बार सरकार की उम्मीदों से कहीं ज्यादा टैक्स की वसूली हुई है। प्रत्यक्ष और परोक्ष करों में आशातीत बढ़ोतरी हुई है। जीएसटी वसूली बढ़कर हर महीने औसतन पौने दो लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंची है। दूसरी ओर आयकर में वसूली भी बढ़ गई है। यानी सरकार के पास राहत देने के लिए काफी गुंजाइश बन सकती है। बड़े विकास कार्यों का दबाव ना हो और वित्तमंत्री चाहें तो आयकर दरों में कटौती कर नौकरीपेशा लोगों को खुश कर सकती हैं, जिसकी मांग लंबे समय से हो रही है। केंद्रीय कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग स्वीकृत कर बाजी मार सकती हैं अन्यथा कांग्रेस इसकी मांग कर सकती है। मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग के समक्ष आयकर एक बड़ी बाधा है, जो उसकी खर्च करने की क्षमता को सीमित कर रहा है। देश में महंगाई बढ़ने से लोगों को घर चलाने में समस्याएं आ रही हैं। जनता की मांग है कि पुरानी आयकर दर को घटाकर 5 से 20 फीसदी कर दिया जाए, क्योंकि आयकर देने वाला जीएसटी भी दे रहा है। कुछ मामलों में तो करदाता कुल मिलाकर 50 फीसदी टैक्स दे रहा है। फिर भी उसे अपने बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा या मुफ्त स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल रही है। टैक्स में कटौती करने से उनकी खपत करने की ताकत भी बढ़ेगी। कुछ कारोबारियों का सुझाव है कि सभी प्रकार के टैक्स हटाकर एक देश-एक टैक्स की व्यवस्था करनी चाहिए। यानी बैंक लेन-देन कर प्रणाली लागू करनी चाहिए, ताकि कर अनुपालन में लगने वाले समय को बचाकर उसे कारोबार में लगाया जा सके। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि वित्तमंत्री 80सी की सीमा बढ़ाएं। वर्ष 2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने इसे बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दिया था, जिससे करदाताओं को फायदा हुआ था। पिछले दस साल में महंगाई इतनी बढ़ गई कि अब इसका भी ज्यादा फायदा नहीं हो पा रहा है। इसलिए 80सी की सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर देना चाहिए। गौरतलब है कि 80 सी में लगाया गया धन सरकार के भी काम आता है। लोग पीपीएफ, एनएससी वगैरह में जो निवेश करते हैं, उसे सरकार अपने काम में लगाती है। सरकार को 80 डी की सीमा में भी बढ़ोतरी करनी चाहिए। यह मेडिकल खर्च से जुड़ा हुआ है, जिसकी सीमा लंबे समय से नहीं बढ़ी है, जबकि चिकित्सा लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही चिकित्सा बीमा पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी को भी कम करना चाहिए, क्योंकि बीमा कंपनियों ने अपने प्रीमियम अनाप-शनाप तरीके से बढ़ा दिए हैं। इस वजह से लाखों लोग बीच में ही स्वास्थ्य बीमा छोड़ देते हैं। बीमा को लोकप्रिय बनाने के लिए जरूरी है कि उसकी प्रीमियम पर टैक्स घटे। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होगा। अभी सरकार का खजाना भरा हुआ है और आने वाले समय में इसमें कुछ और बढ़ोतरी होगी। इसलिए वित्तमंत्री लोगों की मांगें पूरी कर सकती हैं। इतिहास गवाह है कि टैक्स दर घटाने से टैक्स वसूली नहीं घटती। जीडीपी बढ़ाने के लिए यह जरूरी है, क्योंकि मध्यवर्ग को दी गई टैक्स छूट, खरीदारी की शक्ल में बाजारों में आएगी और फिर खपत बढ़ेगी, जो जीडीपी में तेजी का कारण बनेगी।

इन दिनों

रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है। निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है। यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि

भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा।

दुनिया अब एक या दो ध्रुवीय नहीं रही। अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अनेक संकटों से घिरा होकर भी भारत अपनी बात बुलन्दी के साथ दुनिया के सामने रखता रहा है, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तीनों कार्यकाल में भारत ने अपने शक्तिशाली होने का भान कराया है। भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमरीका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारी रणनीति नहीं बदली है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है। भारत अहिंसा एवं शांति का हिमायती का देश है और मानता है कि युद्ध से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। युद्ध केवल बबार्दी और तबाही लेकर ही आता है। रूस व यूक्रेन के बीच जो सीमा विवाद है वह इन देशों के बीच का मामला है और भारत शुरू से ही कहता रहा है कि इस समस्या का हल केवल बातचीत से ही होना चाहिए। मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान भी भारत का यही रुख सामने रखा और स्पष्ट किया कि किसी भी झगड़े को निपटाने का रास्ता केवल वातार्लाप ही हो सकता है। श्री मोदी ने रूस से आस्ट्रिया पहुंच कर भी इस रुख को और खोला और कहा कि भोले-भाले लोगों की हत्या कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के सन्दर्भ में इस तथ्य को अमेरिका को ही सबसे पहले समझना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से क्या चीन की बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं पर असर पडेगा? क्योंकि रूस एवं चीन के बीच बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता समूची दुनिया के लिये एक चिन्ता का सबब है। भले ही अमरीका की ताकत को देखते हुए रूस ने चीन से निकटता बनाई हो, लेकिन भारत से उसकी दोस्ती इन सबसे ऊपर है। फिर भी चीन एवं पाकिस्तान भारत के दुश्मन ही रहे हैं। इन हालातों के बीच मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के भाग्य के लिए नये सूर्य का उदय कही जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की जितनी महत्वपूर्ण यात्रा रूस की रही, उतनी ही महत्वपूर्ण ऑस्ट्रिया की यात्रा भी रही। मोदी ने पाकिस्तान के साथ चीन को भी निशाने पर लेते हुए पुतिन से कहा कि चीन जहां पाकिस्तान के आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। अब मोदी की इन बातों का पुतिन पर क्या असर होगा, यह भविष्य के गर्भ में है। जहां तक रूस से मित्रता का सवाल है तो यह भारत का परखा हुआ सच्चा मित्र है और भारत यह दोस्ती कभी नहीं छोड़ सकता। पिछले दो दशकों में हमारे सम्बन्ध अमेरिका से भी मधुर हुए हैं परन्तु हमारी विदेश नीति पूरी तरह स्वतन्त्र है और दुनिया का कोई भी देश इसे प्रभावित नहीं कर सकता। भारत के द्विपक्षीय सम्बन्ध किस देश के साथ कैसे हैं यह केवल भारत ही तय करेगा। अमेरिका हमें रूस-यूक्रेन के बारे में क्या समझायेगा? भारत पर दुनिया का बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत शांति एवं अयुद्ध का हिमायती है। हम तो पहले ही यह कह चुके हैं कि भारत बुद्ध-महावीर-गांधी का देश है और इसकी विदेश नीति भी इनसे प्रेरणा लेकर ही तय होती रही है। बदलते वैश्विक सन्दर्भों के बावजूद भारत आपसी शान्ति, अहिंसा, युद्धमुक्त विश्व-संरचना व सह अस्तित्व पर ही विश्वास रखता है। दुनिया की महाशक्तियों द्वारा भारत को तवज्जो देने के पीछे जिन वजहों को देखा जा रहा है, उनमें व्यापारिक प्रगति के साथ शांति एवं अमन-चैन की दुनिया बनाना भी मुख्य है। निश्चित ही मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के लिये 'सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटना' एवं 'परिवर्तनकारी क्षण' साबित होगा।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

आपकी बात

डर

रेणु

असमंजस नहीं हकीकत में हूँ ,
जिंदगी में नहीं, मैं मौत के घेरे में हूँ'
पर मौत शब्द से इतना कतराना क्यों?
कैंसर से भय करना क्यों?
सांसें है तो वो कभी न कभी थमेंगी ही, जिंदगी है तो तय है कि मृत्यु होगी ही,
यह सोच सोच खुदको बहलाता हूँ
दर्द से कराहता हूँ,
खुद से खुद की मौत फर्माता हूँ'
आज मेरी जिंदगी में जिंदा रहने की जिद छोड़ दी,
अब मेरे इन आँखों ने इस जहां को ना देखने की मुझ से इलतजा कर ली, अब इन आँखों ने नींद को अपना लिया है उसी नींद की गहराई में, मेरे सांसों को हमेशा के लिए सुला दिया है, नींद तो पहले भी आती थी, मेरी आँखें बंद करने पर, फिर चली भी जाती थी ,मेरी आँखे खोलने पर पर पता नहीं आज कौन सी नींद आयी है मुझे
जिसने मेरी आँखों को पकड़ रखा है, पता नहीं कैसे मेरे पलकों को जकड़ रखा है जो मुझे जागने ही नहीं दे रहीं, मुझे मेरी आँखे खोलने ही नहीं दे रही सांसों ने अब एहसास करा दिया साथ न देने का मेरी रूह ने हुक्म फर्मा दिया इस शरीर में ना रहने का मेरी रूह ने हुक्म फर्मा दिया इस शरीर में ना रहने का''

नींद तो पहले भी आती थी, मेरी आँखें बंद करने पर, फिर चली भी जाती थी ,मेरी आँखे खोलने पर पर पता नहीं आज कौन सी नींद आयी है मुझे
जिसने मेरी आँखों को पकड़ रखा है,
पता नहीं कैसे मेरे पलकों को जकड़ रखा है जो मुझे जागने ही नहीं दे रहीं, मुझे मेरी आँखे खोलने ही नहीं दे रही सांसों ने अब एहसास करा दिया साथ न देने का मेरी रूह ने हुक्म फर्मा दिया इस शरीर में ना रहने का मेरी रूह ने हुक्म फर्मा दिया इस शरीर में ना रहने क

-रेणु
(पत्रकारिता विभाग ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय)

अर्थव्यवस्था

वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन और भारत की वित्तीय प्रणाली

प्रहलाद सबनानी

जून 2024 के अंतिम सप्ताह में 27 जून 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है जो अपने आप में

भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है। भारत में कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है।

रिकॉर्ड है। न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आश्य यह है कि इन बैकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आश्य यह है कि बैकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है। परंतु, भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

फेसबुक वॉल से



X - से



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

परीक्षा व्यवस्था की प्रामाणिकता की चुनौती

गिरीश्वर मिश्र

प्रतिष्ठित 'नीट' की परीक्षा पेपर लीक की घटना से अधर में लटकी है और उसकी प्रामाणिकता खतरे में है। ऐसे ही यूजीसी की शोधवृत्ति और अध्यापकी की पात्रता दिलाने वाली 'नेट' की ताजा परीक्षा रद्द कर दी गई है कारण कि परीक्षा का प्रश्नपत्र छात्रों तक परीक्षा शुरू होने के पहले ही पहुँच गया था। जानकारी के हिसाब से कुछ खास स्थानों पर ही इस शैक्षिक हादसे के किरदार सक्रिय थे। यह सांस्कृतिक परिवर्तन को भी बता रहा है। ताजा घटनाओं से परीक्षा की प्रक्रिया में बाधा आई। अपने परिश्रम का प्रतिसाद न पाने के कारण परीक्षार्थियों में घोर निराशा पैदा हुई है। इन संवेदनशील मामलों को लेकर अब तक की हुई तहकीकात से खबर यही आ रही है कि हादसा स्थानीय था और उसका प्रभाव सीमित था। इन परीक्षाओं के षड्यंत्र में परीक्षार्थी, उद्यमी और नेता आदि अनेक किस्म के लोगों की मिलीभगत का धीरे-धीरे पर्दाफाश हो रहा है। लापरवाही, बेईमानी और भ्रष्टाचार की तमाम कहानियाँ सामने आ रही हैं। गिरफ़्तारी हो रही है, जाँच जारी है और अदालती कारवाई भी चल रही है। यह सब पूरा कानूनी है, यानी पर्याप्त समयसाध्य है और आगे भी अनंत काल तक चलता रहेगा। इतिहास बताता है कि इस तरह के मामलों का परिणाम अनिश्चित रहता है। पर यह कथा किसी भी तरह नयी नहीं है। पहले भी ऐसी घटनाएँ ज्ञात और अज्ञात रूप से होती रही हैं परंतु जरूरी सुधार नहीं हो सके हैं। इन सबका सम्मिलित परिणाम युवा वर्ग में कुंठा को बढ़ाने वाला है और उनके कैरियर बनाने में बाधक है। दरअसल परीक्षा और उसके परिणाम भारतीय जीवन के ऐसे प्रमुख स्तम्भ के रूप में स्वीकृत हो चुके हैं जो पूरे आदमी पर जन्म भर अपना प्रभाव बनाए रखते हैं। वे अपरिवर्तनीय ब्रह्म रेख जैसे होते हैं जिनको ढोते ही रहना होता है। परिणाम देने वाले होने के कारण आकर्षण और प्रलोभन के अनिवार्य केंद्र बन कर परीक्षा का भूत विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन-मस्तिष्क पर बुरी तरह से छाया रहता है। चूँकि परीक्षा के ताले में ही भविष्य कैद हो छिपा रहता है और सभी उसकी कुंजी की तलाश में रहते हैं। यह हमारी शिक्षा व्यवस्था का कष्टदायी पक्ष है जिधर अभी तक कोई खास ध्यान नहीं दिया जा सका है। सत्य यही है कि आज जीवन में परीक्षा का प्रभुत्व इतना बढ़ चुका है कि येन केन प्रकारेण परीक्षा की कुंजी हासिल कर लेना सबके लिए जीवन मरण का प्रश्न बन चुका है। इस पार या उस पार जैसी स्थिति के होने कारण साधारण विद्यार्थी अपने अध्ययन-अध्यवसाय का आधार लेते हैं और परिश्रम करते हैं। दूसरी तरफ धन और शक्तिसम्पन्न ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है जो बिना पढ़े-लिखे परीक्षा पास करने की गैर कानूनी और अनैतिक जगत लगाने की फि राक में रहते हैं और सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो सफल भी हो जाते हैं। परीक्षा के निर्णायक महत्व को देख कर परीक्षा में सफलता को सुरक्षित कराने की ललक सबके मन में होती है। ऐसी स्थिति में नकल करा कर बिना पढ़े परीक्षार्थी को परीक्षा में सही उत्तर लिखने-लिखाने तथा अंकों में हेराफेरी करने आदि द्वारा परीक्षा परिणाम को अपने पक्ष में करने का धंधा देश में बड़े पैमाने पर फैल रहा है। लाइन तोड़ कर आगे बढ़ने-बढ़ाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है।

(ये लेखकर के निजी विचार है।)

बोधि वृक्ष

सूर्य देवता के 7 बड़े मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद

जानें प्रसिद्ध मंदिरों में होती है सूर्य देव की पूजा?

कोणार्क का सूर्य मंदिर

भगवान सूर्यदेव के फेमस मंदिरों में कोणार्क का नाम सबसे पहले आता है। वहीं, ओडिशा में स्थित कोणार्क के सूर्य मंदिर देशभर में जाना जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना भगवान श्री कृष्ण के बेटे साम्ब ने की थी। उसके बाद इस सूर्य मंदिर का निर्माण राजा नरसिंहदेव ने 13वीं शताब्दी में करवाया था। वहीं, मंदिर अपने विशिष्ट आकार और शिल्पकला के लिए दुनिया भर में मशहूर है। हालांकि, इस मंदिर की खासियत है कि सूर्योदय की पहली किरण मंदिर के मेन गेट से टकराती है।

औरंगाबाद का देव सूर्य मंदिर

बिहार के औरंगाबाद जिले में भगवान सूर्यदेव का एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जिसके द्वार पूर्व की बजाय

पश्चिम की ओर है। जहां पर सात रथों पर सवार भगवान सूर्यदेव के तीन स्वरूप के दर्शन होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस सूर्य मंदिर का गेट एक रात में अपने आप दूसरी दिशा की ओर बदल गया था। **मोढेरा का सूर्य मंदिर** : वहीं, गुजरात में स्थित मोढेरा सूर्य मंदिर अपनी स्थापत्य कला का बेजोड़ उदाहरण है।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

ऑनलाइन Passport बनवाने वाले हो जाएं सावधान! जान लें ये जरुरी बात

अगर आप भी पासपोर्ट के बनवाने की सोच रहे हैं तो यह खबर सिर्फ आपके लिए ही है। ऑनलाइन अप्लाई करने से पहले जान लें ये जरुरी बातें। पासपोर्ट एक ऐसा जरुरी दस्तावेज जब हम अंतरराष्ट्रीय ट्रिप पर जाते हैं तो बेहद काम आता है। अगर आप भी पासपोर्ट बनवाने के बारे में सोच रहे हैं तो हम कुछ चीजों की जानकारी आपको देने जा रहे हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन प्रोसेस की भी पूरी जानकारी बताते हैं। इस दौरान ऑनलाइन प्रोसेस लोगों के लिए चिंता का विषय बन चुका है। चलिए आपको जानकारी देते हैं। **नकली वेबसाइट :** पासपोर्ट बनवाने के लिए सरकारी वेबसाइट उपलब्ध है। हालांकि, स्कैमर्स की नजर इस वेबसाइट पर पड़ चुकी है और वह इससे जुड़ी नकली वेबसाइट बना रहे हैं। बता दें कि ये वेबसाइट भी देखने में बिल्कुल असली वेबसाइट की तरह ही होती है।

किस वेबसाइट पर अप्लाई करें : ऑनलाइन पासपोर्ट बनवाने के लिए आप पासपोर्ट सेवा की वेबसाइट पर ही

जाना चाहिए। यह सरकारी वेबसाइट है और इसके अंत में.gov.in जरुर चेक कर लें। इस वेबसाइट पर 1500 रुपए नॉर्मल पासपोर्ट की फीस ली जाएगी।

नकली वेबसाइट पर ज्यादा लेते हैं फीस : अगर आप नकली वेबसाइट पर जाएंगे तो यहां पर आपसे फीस बहुत ज्यादा ली जाती है। खास बात है कि इस फीस को लेने के बाद स्कैमर्स एप्लीकेशन बंद कर देते हैं। सीधे तौर पर आपके साथ धोखाधड़ी कर ली जाती है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

एससी ने बढ़ाई महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम जमानत दो सप्ताह के लिए और बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम मेडिकल जमानत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री बी नागेंद्र हिरासत में

बेंगलुरु। ईडी ने शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को हिरासत में लिया। पूर्व मंत्री पर कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में कथित अनियमितताओं को लेकर आरोप है।

बंद बद्रीनाथ नेशनल हाईवे के अब जल्द खुलने की संभावना

जोशीमठ। जोशीमठ के पास जोगी धारा के ठीक करीब में बीते मंगलवार को बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया। 60 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक रास्ता नहीं खुल पाया है। रोड के दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की लंबी-लंबी कतार लगी हुई है। दोनों ओर तीर्थ यात्री फंसे हैं और संबंधित विभाग की मशीनें लगातार दिन-रात बद्रीनाथ नेशनल हाईवे को खोलने में लगी हैं। इससे लगता है कि अब हाईवे जल्द खुल सकता है।

विवाह के ठीक पहले पिता मुकेश अंबानी, मां नीता अंबानी व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अनंत अंबानी।

नेपाल में भूस्खलन से 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें नदी में बहीं

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में खराब मौसम लोगों के लिए आफत बना हुआ है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह मध्य नेपाल में मदन-आश्रित राजमार्ग पर भूस्खलन की वजह से लगभग 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। दोनों चालकों समेत सभी लापता बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें सात भारतीय भी शामिल थे। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बसों में चालकों सहित कुल 63 लोग सवार थे। हादसा सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। हम घटनास्थल पर हैं और तलाशी अभियान चल रहा है। लगातार बारिश के कारण लापता बसों की तलाश में हमें दिक्कत आ रही है। घटना चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग रोड पर सिमलताल इलाके में हुई। इस बीच मौसम खराब रहने के कारण काठमांडू से भरतपुर, चितवन तक की सभी उड़ानें आज के लिए रद्द कर दी गई हैं।

जानकारी के मुताबिक, काठमांडू जाने वाली एक बस और राजधानी से गौर जाने वाली दूसरी बस सुबह करीब साढ़े तीन बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। काठमांडू जाने वाली बस में 24 लोग और गौर जाने वाली बस में 41 लोग सवार थे। बताया यह भी जा रहा है कि दूसरी बस में सवार तीन यात्री कूदकर भागने में सफल रहे। बीरगंज से काठमांडू जा रहे 21 यात्रियों के बारे में जानकारी मिली है। हालांकि, पुलिस ने बताया है कि बस में सवार यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी थे। त्रिशूली नदी में बस के लापता होने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने तत्काल खोज और बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक भावेश रिमल ने कहा कि नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवान बचाव अभियान के लिए घटनास्थल की ओर बढ़ रहे हैं। नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड पर विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण मलबा आने से यातायात बाधित हुआ है।

इस बीच एक अलग घटना में गुरुवार को कास्की जिले में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। नेपाल में मानसून आपदाओं की वजह से एक दशक में 1,800 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस दौरान लगभग 400 लोग लापता हो गए तथा 1,500 से अधिक लोग आपदा में घायल हो गए। इस बीच नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने ट्वीट किया कि नारायणगढ़-मुग्लिन सड़क खंड पर भूस्खलन में बस के बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट और देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्तियों के नुकसान से मैं बहुत दुखी हूं। मैं गृह प्रशासन सहित सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और प्रभावी बचाव के निर्देश देता हूं।

सात भारतीयों समेत 63 लोग लापता

खराब मौसम के कारण राहत-बचाव कार्य में अड़चन

जिलाधिकारी ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव कर्मी घटनास्थल पर हैं और तलाशी अभियान चल रहा है। लगातार बारिश के कारण लापता बसों की तलाश में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिहार : नालंदा में आकाशीय बिजली का कहर, एक बच्ची समेत तीन की मौत

नालंदा। बिहार के नालंदा जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति झुलस गया। बिहार के नालंदा जिले में लगातार बारिश हो रही है। गुरुवार रात अलग अलग स्थानों में गरज के साथ बौछार संग वज्रपात भी हुआ। जिसमें 4 साल की बच्ची समेत 3 लोगों की मौत हो गई। पहला मामला अस्थावां थाना क्षेत्र के चकदिन गांव में सामने आया। यहां इंद्रदेव यादव की चार वर्षीय पुत्री सुष्मिता कुमारी बारिश के दौरान अपने छत पर नहा रही थी, तभी आकाशीय बिजली गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा मामला गोकुलपुर थाना क्षेत्र का है। यहां पकड़िया बीघा में जानवर देखने जा रही पिंकी देवी के ऊपर वज्रपात हो गया, जिससे उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कौशल्या देवी झुलस गईं। उनका इलाज बिहार शरीफ सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, तीसरा मामला कतरीसराय थाना क्षेत्र के बरांदी गांव का है। यहां खेत में काम करने के दौरान सचित सिंह नामक अधेड़ व्यक्ति की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

न्यूज बॉक्स

सैन्य इंजीनियर सेवाओं के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

नई दिल्ली। सैन्य इंजीनियर सेवा (एमईएस) के प्रोबेशनर्स ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एमईएस भारतीय सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण इकाइयों में से एक है, क्योंकि यह न केवल भारतीय सेना की तीनों सेनाओं की सेवा करती है बल्कि रक्षा मंत्रालय की कई अन्य इकाइयों को भी अपनी सेवाएं प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि एमईएस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे रक्षा बलों के पास मजबूत बुनियादी ढांचा और अच्छी सुविधाएं बनी रहें।

हज यात्रा का समापन : अंतिम उड़ान के साथ 317 हाजी श्रीनगर पहुंचे

श्रीनगर। हज-2024 के लिए भारत से गए श्रद्धालुओं को लेकर अंतिम उड़ान शुक्रवार सुबह श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। इसमें 317 हाजी सवार थे। इसके साथ ही जम्मू और कश्मीर के लिए इस साल की हज यात्रा का समापन हो गया। इस बार की हज यात्रा दुःखद यादे छोड़ गई है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के 11 हाजियों की हज यात्रा के दौरान 'हीट स्ट्रोक' से मौत हो गई। जम्मू और कश्मीर हज समिति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. शुजात कुरैशी ने बताया कि शुक्रवार सुबह हज यात्रियों का अंतिम जत्था आ गया है। इस साल जम्मू और कश्मीर से कुल 7008 हाजी पवित्र यात्रा पर निकले थे लेकिन दुख की बात है कि उनमें से 11 की हीट स्ट्रोक के कारण मृत्यु हो गई। डॉ. कुरैशी ने कहा कि इस साल सुविधाएं पिछले साल की तुलना में बेहतर थीं हालांकि उन्होंने कहा कि अराफात के दिन चिलचिलाती गर्मी और मशायर क्षेत्र में आवाजाही के दौरान ट्रैफिक जाम हज 2024 के लिए चुनौतीपूर्ण थे। उन्होंने कहा कि मक्का में परिवहन सुविधाएं पिछले साल की तुलना में बेहतर थीं। मशायर क्षेत्र में सभी को मीना में ठहरने के दौरान मीना की पारंपरिक सीमाओं के भीतर ठहराया गया था।

लोकसभा सांसद अमृतपाल सिंह का भाई जालंधर से गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर देहात पुलिस ने श्री खडूर साहिब से लोकसभा सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह को ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने हरप्रीत सिंह के पास से करीब पांच ग्राम आइस (ड्रग) बरामद की। जालंधर देहात पुलिस के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एसएसपी ने कहा कि हम जल्दी ही इसकी जानकारी मीडिया को देंगे। उन्होंने कहा है कि हमने हरप्रीत को गिरफ्तार किया है। नशा (ड्रग) कितना पकड़ा गया है, इस बारे में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, देहात पुलिस ने हरप्रीत सिंह को जालंधर के फिल्लौर से गिरफ्तार किया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्लौर के डीएसपी ने गुरुवार (11 जुलाई) रात हरप्रीत को गिरफ्तार किया। वह नशे की हालत में था या नहीं अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। बता दें कि अमृतपाल सिंह ने जेल में रहते हुए श्री खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। अमृतपाल सिंह ने कांग्रेस के कुलदीप सिंह जीरा को 1,97,120 वोटों हराया था। अमृतपाल को कुल चार लाख चार हजार 430 वोट मिले थी, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को दो लाख सात हजार 310 वोट मिले थे। सिंह ने पांच जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ ली। अमृतपाल को असम की डिब्रूगढ़ जेल से दिल्ली संसद लाया गया था। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसद पद की शपथ दिलाई थी।

प्रशिक्षु आईएएस पूजा की मां ने किसान को पिस्तौल दिखाकर धमकाया, जांच की मांग

पुणे (महाराष्ट्र)। वाशिम जिले की विवादित सहायक जिलाधीश और आईएएस-प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) पूजा दिलीप खेडकर की मुसीबतें और बढ़ गई हैं। उनकी मां का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह कथित तौर पर पुणे के किसान को पिस्तौल का डर दिखाकर जमीन बेचने के लिए मजबूर करने का प्रयास करती दिख रही हैं। मुलशी क्षेत्र में यह घटना करीब दो महीने पहले हुई थी, लेकिन इसका वीडियो अब सामने आया है। वीडियो में पूजा की मां मनोरमा डी. खेडकर को पिस्तौल दिखाकर एक किसान को धमकाते देखा जा सकता है। पुरुष बाउंसरों और महिला सुरक्षाकर्मियों की एक पेशेवर टीम के साथ मनोरमा खेडकर ने किसानों के साथ तीखी बहस की और इस दौरान उन पर पिस्तौल भी तान दी। बाद में इलाके के पीड़ित किसानों ने दावा किया कि वे इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। अब उन्होंने घटना की गहन जांच की मांग की है। उनकी संपत्ति के रिकॉर्ड के अनुसार, खेडकर परिवार के पास पुणे में 25 एकड़ से अधिक जमीन है। उन्होंने पड़ोसी किसानों को अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर करके वहां अपनी जमीन बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन ज्यादातर ने इस कोशिश का विरोध किया।

दिल्ली विवि में मनुस्मृति पढ़ाने का प्रस्ताव खारिज, मायावती ने किया फैसले का स्वागत

लखनऊ। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाये जाने के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारतीय संविधान के मान-सम्मान व मयार्दा तथा इसके समतामूलक एवं कल्याणकारी उद्देश्यों के विरुद्ध जाकर दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का तीव्र विरोध स्वाभाविक है। इस प्रस्ताव को रद्द किए जाने का फैसला स्वागतयोग्य है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने खासकर उपेक्षितों व महिलाओं के आत्मसम्मान व स्वाभिमान के साथ ही मानवतावाद एवं धर्मनिरपेक्षता को मूल में रखकर भारतीय संविधान की संरचना की, जो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है। अतः ऐसा कोई प्रयास कतई उचित नहीं। हरियाणा में इनेलो के साथ बसपा के गठबंधन पर मायावती ने कहा कि लोग बसपा-इनेलो गठबंधन को तीसरे मोर्चे के रूप में स्वीकार कर रहे हैं क्योंकि भाजपा व कांग्रेस का जातिवादी, साम्प्रदायिक, आरक्षण व संविधान-विरोधी चाल-चरित्र-चेहरे को लोगों ने देख लिया है।

आज का राशिफल

मेष — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

वृषभ — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

मिथुन — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

कर्क — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

सिंह — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

कन्या — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

तुला — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

वृश्चिक — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

धनु — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

मकर — मनोरथ सिद्ध होंगे। पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

कुम्भ — स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

मीन — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

पीएम मोदी ने नहीं रखा बिहार के लोगों का ख्याल : मीरा कुमार

एजेंसी

पटना। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग ने जोर पकड़ा हुआ है। इस बीच कांग्रेस नेता मीरा कुमार ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भाजपा गठबंधन की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बिहार के लोगों का ख्याल नहीं है।

मीरा कुमार ने कहा कि इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है कि भाजपा के साथ होने के बावजूद जदयू को अपनी मांग पूरी करवाने के लिए मेहनत करनी पड़ रही है। जैसे ही चुनाव हुआ था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी घोषणा कर देनी चाहिए थी। अभी तक उन्होंने कुछ नहीं किया है। उन्हें बिहार के लोगों का ख्याल नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ चले गए, लेकिन उन्होंने उनका भी ख्याल नहीं रखा, यह बहुत दुःख की बात है। मीरा कुमार ने बिहार में लगातार पुल गिरने की घटनाओं पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये बहुत बड़े हादसे हैं। इसमें बहुत लोगों की जान भी जा सकती थी, लेकिन संयोग से ऐसा कुछ नहीं हुआ। इन हादसों की जांच होनी चाहिए। एक के बाद एक पुल गिर रहे हैं। चाहे बिहार सरकार की बात हो या फिर केंद्र सरकार की, वे बिहार को ध्वस्त करने का काम कर रही हैं।

लगातार गिर रहे पूलों पर नीतीश सरकार के मंत्री बोले

दोषियों की नौकरी जाएगी ठेकेदार भी होंगे ब्लैकलिस्ट

एजेंसी

पटना। बिहार में लगातार पुल गिरने के मामलों पर सीएम नीतीश कुमार के करीबी मंत्री अशोक चौधरी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले के लिए जांच टीम का गठन किया जा चुका है। आईआईटी रुड़की की जांच टीम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। अब तक इस मामले में छह इंजीनियर सस्पेंड हुए हैं। जो भी दोषी होंगे उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर जाएगा। इतना ही नहीं संवेदक (संवेदक) को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

सभी पुराने पुलों के हेल्थ कार्ड बनाने का निर्देश : मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि ज्यादातर पुलिया सांसद के फंड से बने हैं। इनकी भी जांच चल रही है। उन्होंने सभी पुराने पुलों के हेल्थ कार्ड बनाने का निर्देश भी दिया है।

कहां कब हुआ पुल हादसा

- 18 जून- अररिया में बकरा नदी पर बना पुल ध्वस्त
- 22 जून- सीवान में गंडक नदी पर बना पुल ध्वस्त
- 23 जून- पूर्वी चंपारण में निमार्णाधीन पुल गिरा
- 27 और 30 जून- किशनगंज में पुल हादसा
- 29 जून - मधुबनी में भूतही बलान नदी पर निर्माणाधीन पुल की साइड बीम गिर गई
- 3 जुलाई- सीवान और सारण में एक दिन में पांच-पांच पुल गिरे
- 4 जुलाई- सारण में पुल गिरा
- 7 जुलाई- पूर्वी चंपारण बाढ़ के पानी में दो पुलिया बह गई
- 12 जुलाई- सहरसा में पुलिया बाढ़ की पानी के दबाव में बुधवार को ध्वस्त हो गई

उम्मीद / मेट्रो-एयरपोर्ट की मिलेगी सौगात, विशेष राज्य के दर्जे की मांग

बिहार के लिए पिटारा खोलेगी केंद्र

एजेंसी

नई दिल्ली। आम बजट में मोदी सरकार अपनी दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी जदयू और बिहार का विशेष ख्याल रखेगी। जदयू की मांग के अनुरूप बजट में राज्य के कुछ शहरों में मेट्रो परियोजना, कम से कम आधा दर्जन नए एयरपोर्ट और मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की जाएगी। जदयू की बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर नए साल में विचार किया जाएगा, जबकि थर्मल प्लांट की स्थापना की मांग पर फिलहाल विचार विमर्श जारी है। जदयू के वरिष्ठ नेता के आम बजट में बिहार का विशेष ख्याल रखे जाने की संभावना को पार्टी की दबाव की रणनीति से जोड़ना उचित नहीं है। दरअसल राज्य की सत्ता में भाजपा भी साझेदार है और अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राजनीतिक कारणों से भी राज्य को प्राथमिकता मिलनी तय है। फिर नीति आयोग से लेकर आर्थिक जगत की दूसरी रिपोर्ट भी बताती है कि बिहार का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है।

विशेष राज्य के दर्जे की मांग हुई तेज

बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग पिछले कई वर्षों से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक मुद्दा बनी हुई है। केंद्रीय बजट के करीब आने के साथ, एक बार फिर से यह मांग जोर पकड़ने लगी है। नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इस मांग को अपनी पार्टी और एनडीए के घटक दलों के सुर में सुर मिलाते हुए मजबूती से उठाया है। इससे पहले एनडीए में शामिल चिराग पासवान और जीतन राम मांझी ने भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की वकालत कर चुके हैं।

जदयू ने बीते दिनों बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने, थर्मल प्लांट की स्थापना करने, नौ नए एयरपोर्ट, चार मेट्रो लाइन और सात नए मेडिकल कॉलेज की मांग की थी।

पार्टी ने 20 हजार किमी की सड़क की मरम्मत के लिए अलग से राशि उपलब्ध कराने की भी मांग की थी। इनमें आधा दर्जन नए एयरपोर्ट, दो शहरों में मेट्रो, चार से पांच नए मेडिकल कॉलेज खोलने पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक विशेष राज्य का दर्जा और थर्मल प्लांट की स्थापना पर संभवतः नए साल में विचार विमर्श होगा।

मानहानि मामले में राहुल को राहत

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मजिस्ट्रेट का आदेश किया रद्द

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता द्वारा दाखिल याचिका में सबूत के तौर पर नए दस्तावेज प्रस्तुत करने के भिवंडी अदालत के मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया। राहुल गांधी ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 2014 में आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने ठाणे जिले की भिवंडी मजिस्ट्रेट की अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि राहुल गांधी ने भिवंडी में अपने भाषण के दौरान महात्मा गांधी की मौत के लिए आरएसएस को जिम्मेदार ठहराया था। 2023 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कुंटे को राहुल गांधी के भाषण के प्रतिलेख समेत कुछ नए दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया। राहुल गांधी ने मजिस्ट्रेट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी।

भारतीय क्रिकेट युवा ब्रिगेड की नजरें टी20 श्रृंखला जीतने पर

शुभमन की कप्तानी में भारत ने दूसरा और तीसरा मैच जीतकर 2.1 से बनाई बढ़त

मैच शाम 4.30 से

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिये श्रृंखला अपने नाम करके एक नये दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2.1 से बढत बना ली है। मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जायेगी लेकिन इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। टी20 क्रिकेट से रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 4.5 की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट लिए। श्रीलंका दौरे के लिये सफेद गेंद की टीम चुनते समय उनके नाम पर विचार जरूर होगा। उपयोगी स्पिन गेंदबाज होने के साथ वह निचले क्रम के अच्छे बल्लेबाज भी हैं। वहीं अभिषेक ने दूसरे टी20 में 47 गेंद में शतक लगाकर अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की। भारत के पास अब इस प्रारूप में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं हैं लिहाजा वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत का विकल्प हो सकते हैं। वह एक और अच्छी पारी खेलकर अपना दावा पक्का करना चाहेंगे। संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिये भी इस श्रृंखला में बहुत कुछ दांव पर है। टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद मुंबई में विजय परेड में भाग लेकर यहां आये दुबे और सैमसन बाकी दोनों मैचों में उम्दा प्रदर्शन करना चाहेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं। बिश्नोई, आवेश खान और वॉशिंगटन छह-छह विकेट ले चुके हैं। मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था जो आवेश की जगह खेल सकते हैं। दूसरी ओर पहला मैच जीतने के अलावा जिम्बाब्वे ने इस श्रृंखला में कुछ उल्लेखनीय नहीं किया है। उसके तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी और अर्धशतक जमाने वाले डियोन मायर्स के अलावा कोई खिलाड़ी छाप नहीं छोड़ सका है।

दोनो टीमों का प्लेइंग ग्यारह

भारत
शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

जिम्बाब्वे
सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप मैच के लिए तैयार हरमनप्रीत कौर

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप मैच से पहले हर मैच में जीत के लिए प्रयास करने की अपनी रणनीति पर अडिग हैं।

भारत को 19 जुलाई को दांबुला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करनी है। भारत ने हाल ही में घरेलू वनडे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। उन्होंने तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से बराबर करने

से पहले एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से जीत अपने नाम की थी। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले हरमनप्रीत ने कहा कि एक टीम के तौर पर उन्हें मुकाबले के अन्य मापदंडों के बजाय अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। हरमनप्रीत ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जब आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं, तो दोनों देशों में अलग-अलग माहौल होता है। दोनों देश चाहते हैं कि उनकी टीम जीते। एक खिलाड़ी के तौर पर हम पर बहुत दबाव होता है। लेकिन एक लीडर के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी टीम को उस माहौल में हल्का महसूस कराऊं, ताकि उन्हें ऐसा न लगे कि हम पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं या यह दबाव वाला मैच है।

यूरो 2024 अब तक का सर्वश्रेष्ठ संस्करण : सेफरिन

बर्लिन। यूरोपीय चैम्पियनशिप का 2024 संस्करण पूरा होने वाला है और ओलंपियास्टेडियन में स्पेन और इंग्लैंड के बीच बहुप्रतीक्षित फाइनल से पहले, यूएफा अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन ने इसकी सराहना करते हुए कहा है कि टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे अच्छा यूरो' रहा है। सेफरिन ने शिन्हुआ समाचार एजेंसी से कहा, सबकुछ अद्भुत है। मेरी राय में, यह शायद अब तक का सबसे अच्छा यूरो है।

जियोसिनेमा पर सबसे व्यापक ओलंपिक कवरेज

एजेंसी। मुंबई

पेरिस 2024 के आधिकारिक प्रसारण और डिजिटल पार्टनर वायकॉम18 ने भारत में अब तक की सबसे बड़ी और सबसे इमर्सिव ओलंपिक प्रेजेंटेशन की घोषणा की है। 20 कंकररेंट फीड और चैंपियन ओलंपियनों के साथ व्यापक कवरेज 26 जुलाई, 2024 से स्पोर्ट्स18 नेटवर्क पर और जियोसिनेमा पर निःशुल्क शुरू होगा। नेटवर्क ने अपनी कैम्पेन फिल्म दम लगा के हईशा भी लॉन्च किया है, जिसमें ओलंपिक को बिल्कुल अलग तरह से पेश किया गया है। पहली बार, भारत में ओलंपिक कवरेज को जियोसिनेमा पर 20 कंकररेंट फीड्स में निःशुल्क प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे प्रशंसक अपने पसंदीदा डिवाइस पर कभी भी, कहीं भी ओलंपिक खेलों में अपने पसंदीदा एक्शन और भारतीय खिलाड़ियों के परफार्मेंस को देख सकेंगे।

श्रीलंका दौरे के लिए शेड्यूल का ऐलान, 26 को होगा पहला मैच

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ इस महीने से शुरू हो रहे दौरे के लिए पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई और अगस्त में श्रीलंका दौरे के दौरान तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच सभी टी20 मैच मैच श्रीलंका के पल्लेकेले में खेले जाएंगे जबकि वनडे मैचों का आयोजन कोलंबो में किया जाएगा।

26 जुलाई से टी20

पहला टी20 मुकाबला 26 जुलाई को पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। जबकि दूसरा टी20 मैच 27 जुलाई और तीसरा 29 जुलाई को खेला जाएगा।

वनडे मैच एक अगस्त से

दोनों टीम के बीच वनडे मैच आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहले वनडे मैच एक अगस्त को खेला जाएगा जबकि दूसरा 4 अगस्त और तीसरा वनडे मैच 7 अगस्त को होगा।

कोच के रूप में गंभीर का होगा पहला दौरा

भारत की कमान नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर संभालेंगे, जबकि श्रीलंका के पास सनथ जयसूर्या के रूप में नया कोच होगा। गंभीर ने हाल ही में राहुल द्रविड़ की जगह ली है, जिन्होंने भारत को अमेरिका में दूसरा टी20 विश्व कप खिताब दिलाया था, जबकि जयसूर्या क्रिस सिल्वरवुड की जगह आए हैं।

टेस्ट मैच में क्रेग होंगे जिम्बाब्वे के कप्तान

एजेंसी। हरारे

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज क्रेग एर्विन को अपनी 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। यह मैच 25-29 जुलाई को बेलफास्ट के स्टॉमान्ट में खेला जाएगा। दौरे के लिए जिम्बाब्वे की टीम में चार अनकैप्ड खिलाड़ी ब्रायन बेनेट और जॉनथन कैंपबेल के साथ-साथ विकेटकीपर-बल्लेबाज क्लाइव मंडाडे और जॉयलॉर्ड गम्बी शामिल हैं। मंडाडे, बेनेट और

कैंपबेल वर्तमान में भारत के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे की टीम का हिस्सा हैं, जो 14 जुलाई को समाप्त होगी। सीन विलियम्स, तेंदई चतारा, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जिम्बाब्वे टीम के आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में टीम के अनुभवी खिलाड़ी होंगे। पिछले साल फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की सीरीज के बाद यह जिम्बाब्वे का पहला टेस्ट मैच होगा।

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जून में तीन प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री जून में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 3,37,757 इकाई हो गई। मोटर वाहन उद्योग के संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जून 2023 में यात्री वाहन (पीवी) की थोक बिक्री 3,27,788 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 16,14,154 इकाई हो गई, जबकि जून 2023 में यह 13,30,826 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले साल जून में 12 प्रतिशत बढ़कर 59,544 इकाई हो गई। जून 2023 में यह 53,025 इकाई थी।

एक दशक में भारत में विकास के बड़े अवसर मौजूद : पेप्सिको सीईओ

मुंबई। दुनिया की दिग्गज बेवरेज कंपनी पेप्सिको के सीईओ रेमन लैगुआर्टा ने कहा कि भारत में कंपनी के लिए विकास की काफी संभावनाएं हैं और कंपनी इसके लिए निवेश भी करेगी।
2024 की दूसरी तिमाही के नतीजों पर एनालिस्ट से बात करते हुए कि कहा कि अगर हम दशक के नजरिए से देखते हैं, तो भारत में कंपनी के पास बड़े अवसर मौजूद हैं।
कैलेंडर वर्ष 2024 की जून तिमाही में कंपनी ने मिले जुले नतीजे पेश किए हैं। पेप्सिको इंडिया की आय वृद्धि दर एकल अंक में रही है।
रेमन लैगुआर्टा ने कहा कि भारत में हमारे लिए विकास के लिए काफी जगह है। साथ ही यहां हम निवेश भी करेंगे और इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रहे हैं। अगर हम एक दशक के नजरिए से देखें तो यह एक काफी बड़ा अवसर है। हम ब्रांड में निवेश करेंगे जिससे कि हम ऊंची मांग को पूरा कर सकें। पेप्सिको के सीईओ ने कहा कि हम ऐसे प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए निवेश कर रहे हैं जो कि तेजी से उभर रहे हैं।

महंगाई ने दिया झटका मगर इंडस्ट्रियल फ्रंट पर आई खुशखबरी

देश का औद्योगिक उत्पादन 5.9% बढ़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

आर्थिक मोर्च पर देश के लिए खुशखबरी है। माइनिंग और बिजली सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन के दम पर इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन 5.9 प्रतिशत बढ़ गया। पिछले महीने अप्रैल में यह 5 प्रतिशत पर था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संदर्भ में मापा गया कारखाना उत्पादन में मई 2023 में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन मई 2024 में घटकर 4.6 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 6.3 प्रतिशत था। इस साल मई में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत बढ़ा और बिजली उत्पादन

13.7 प्रतिशत बढ़ा। इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान आईआईपी में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 5.1 प्रतिशत थी। वहीं, दूसरी तरफ महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को झटका लगा है। रसोई के सामान महंगे होने से जुलाई में खुदरा मंहगाई 0.28 फीसदी बढ़कर 5.08 फीसदी पर पहुंच गई। पिछले महीने जून में यह 4.8 फीसदी पर थी। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई मई 2024 में 4.8 प्रतिशत और जून 2023 में 4.87 प्रतिशत (पिछला निचला स्तर) थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, फूड बॉस्केट में महंगाई जून में 9.36 प्रतिशत थी, जो मई में 8.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि खुदरा महंगाई दोनों तरफ 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए उढक आधारित खुदरा महंगाई 4.5 प्रतिशत, क्यू1 में 4.9 प्रतिशत, क्यू2 में 3.8 प्रतिशत, क्यू3 में 4.6 प्रतिशत और क्यू4 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

सब्जी, दाल, अनाज के दाम बढ़ने से खुदरा महंगाई दर फिर 5% के ऊपर

एजेंसी। नई दिल्ली

सब्जियों, दालों, फलों और अनाजों के दाम बढ़ने से खुदरा महंगाई की दर जून में बढ़कर एक बार फिर पांच प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई। खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जून में 5.08 प्रतिशत रही। फरवरी के बाद यह पहली बार पांच प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई है। मई में खुदरा महंगाई 4.80 फीसदी, अप्रैल में 4.83 फीसदी और मार्च में 4.85 फीसदी रही थी। जून में खाद्य महंगाई की दर मई के 8.69 प्रतिशत से बढ़कर जून में 9.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसमें मुख्य रूप से सब्जियों, दालों, फलों और अनाज के दाम में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया है कि जून में सब्जियों

की खुदरा महंगाई दर 29.32 प्रतिशत रही। इसी प्रकार पिछले साल जून के मुकाबले दालों और उनके उत्पादों के दाम 16.07 प्रतिशत बढ़े। अनाजों के दाम में 8.75 प्रतिशत और फलों के दाम में 7.15 प्रतिशत की वृद्धि रही। वहीं, तेल एवं वसायुक्त उत्पादों की महंगाई दर शून्य से 2.68 प्रतिशत कम रही। ईंधन और बिजली की कीमतों में भी राहत मिली। इस वर्ग की महंगाई दर शून्य से 3.66 प्रतिशत कम रही। पर्सनल केयर उत्पादों के दाम में 8.18 प्रतिशत की तेज गिरावट देखी गई। देश के विभिन्न हिस्सों में तेज गर्मी के कारण सब्जियों की फसल खराब होने का असर खुदरा महंगाई पर दिखा है। सरकार ने रिजर्व बैंक को मध्यम अवधि में महंगाई दर चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है।

साल की बाकी अवधि में कैसी रहेगी शेयर बाजार की चाल, जानें ब्रोकरों का अनुमान

एजेंसी। नई दिल्ली

नोमूरा का कहना है कि साल की बाकी अवधि में भारतीय इक्विटी से रिटर्न सुस्त रहने की संभावना है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि बेंचमार्क निफ्टी साल 2024 की समाप्ति 24,860 पर कर सकता है जो मौजूदा स्तर से 2.2 फीसदी की बढ़ोतरी दशार्ता है। निफ्टी ने गुरुवार को 24,316 पर कारोबार की समाप्ति की जो इस साल अब तक करीब 12 फीसदी चढ़ा है। जापानी ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि देसी म्युचुअल फंडों में पिछले वर्षों में खुदरा निवेश में हुई बढ़ोतरी का कारण ढांचागत हैं। जैसे इक्विटी में कम आवंटन, पारंपरिक परिसंपत्ति वर्ग से दूसरी ओर बढ़ना और सूचनाओं व निवेश तक आसान पहुंच होना है। ब्रोकरेज ने हालिया नोट में कहा है कि एम्फी के आंकड़े बताते हैं कि स्थानीय निवेशकों ने देसी इक्विटी म्युचुअल फंडों में साल 2014 की शुरूआत से अब तक 155 अरब डॉलर का निवेश किया है। हम लंबे समय से तर्क देते रहे हैं कि प्रतिशत के लिहाज से भारत में कम विदेशी इक्विटी निवेश की वजह यह है कि देसी निवेशकों ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश को कम कर दिया क्योंकि मूल्यांकन को लेकर उनमें ज्यादा संवेदनशीलता है।

जेम पोर्टल पर ही मिल जाएंगे सड़क, इमारत बनाने के ठेके

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार 100 दिन के काम के एजेंडे के तहत सार्वजनिक खरीद पोर्टल, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पर कार्य अनुबंधों की अनुमति देने के प्रस्ताव पर काम कर रही है। कार्य अनुबंध में सेवाओं के साथ वस्तुओं का स्थानांतरण शामिल हैं। उदाहरण के लिए भवनों, सड़कों का निर्माण, संयंत्र स्थापित करने व इस तरह की अन्य गतिविधियां शामिल होंगी। इस समय केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय व विभाग पंजीकृत वस्तु एवं सेवा प्रदाताओं से सिर्फ जीईएम पोर्टल से ही वस्तुओं व सेवाओं को खरीद सकते हैं। जीईएम प्रस्ताव को अंतिम रूप देने और इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को भेजने की प्रक्रिया में है। इसके बाद इसे मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। जीईएम के मुख्य कार्याधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने गुरुवार को कहा, हमने 100 दिन के भीतर जीईएम कार्य अनुबंधों पर अनुमोदन मांगा है।

ऑइल इंडिया के शेयरों में तेजी

मार्केट कैप 1 लाख करोड़ रुपये के करीब

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑइल इंडिया के शेयर शुक्रवार के कारोबार में बीएसई पर लगभग 9 प्रतिशत की बढ़त के साथ 598.50 के नए उच्च स्तर पर पहुंच गए। यह तेजी दो दिनों में कंपनी के शेयरों में 17 प्रतिशत की बढ़त और पिछले एक महीने में 36 प्रतिशत की बढ़त के बाद आई है। कुल मिलाकर, 2024 में अब तक, इंडिया स्टॉक 141 प्रतिशत बढ़ चुका है। इसका मतलब है कि हर दो मौजूदा शेयर के लिए, निवेशकों को 1 बोनस शेयर मिला। तेजी से बढ़ती हुई शेयर की कीमतों की वजह से, ऑइल इंडिया का बाजार पूंजीकरण 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े के करीब पहुंच गया है। आज दोपहर 2:28 बजे, 95,189 करोड़ के बाजार पूंजीकरण के साथ, डक्छ, इरए सेंसेक्स में 1% की बढ़त के मुकाबले 6% अधिक ?586 पर कारोबार कर रहा था। एनएसई और बीएसई पर कुल मिलाकर 19.32 मिलियन शेयरों का लेन-देन हुआ, जो कंपनी के कुल बकाया शेयरों का 2.7% है। एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने इंडिया पर अपनी

दो दिन में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी

ओवरवेट रेटिंग बरकरार रखी है और इसके लक्ष्य मूल्य को 496 से बढ़ाकर 663 कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी के गैस उत्पादन में हाल के दिनों में दोगुना से ज्यादा वृद्धि हुई है, जिससे उनकी राय और मजबूत हुई है। इसके अलावा, मई के महीने में इंडिया और उसकी महत्वपूर्ण सहायक कंपनी, न्यूमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने एनआरएल विस्तार परियोजना के चालू होने के बाद ऑइल की न्यूमालीगढ़-सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन के माध्यम से अतिरिक्त पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए एक नए दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज अब होगी कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी

एजेंसी। नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी की फाइनैंशियल सेक्टर की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज अब गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनी से बदलकर कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी बन जाएगी। कंपनी को इसके लिए केंद्रीय बैंक फ्इक से मंजूरी मिल गई है। जियो फाइनेंशियल ने एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में बताया कि कंपनी को 11 जुलाई को आरबीआई ने एनबीएफसी से कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी में कन्वर्ट होने की मंजूरी दे दी है। जियो फाइनेंशियल ने 23

नवंबर 2023 को एनबीएफसी से खुद को सीआइसी में कनवर्ट होने के लिए अप्लाई किया था। कंपनी ने यह कदम तब उठाया था जब कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग होकर एक स्वतंत्र एंटिटी बनी थी और आरबीआइ ने निर्देश दिया था कि इसे एनबीएफसी से सीआइसी में कनवर्ट किया जाए।

क्या है कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी का मतलब

कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी एक स्पेशलाइज्ड एनबीएफसी है जिसका एसेट साइज 100 करोड़ रुपये से ज्यादा होता है। आबीआई की परिभाषा के मुताबिक, एक कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी की एसेट की साइज 100 करोड़ रुपये से ज्यादा होनी चाहिए और उसे अपनी नेट एसेट का कम से कम 90 फीसदी इक्विटी शेयर, तरहीजी शेयर बॉन्ड, डिबेंचर या ग्रुप कंपनियों में लोन जैसे निवेश में के तौर पर रखना होता है। यह स्ट्रक्चर सब्सिडियरी कंपनियों में जरूरी पूंजी के निवेश को मंजूरी देता है।

ईईटी हाइड्रोजन पावर के लॉन्च की घोषणा

नई दिल्ली। एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) ने शुक्रवार को ईईटी हाइड्रोजन पावर के लॉन्च की घोषणा की। यह यूरोप का पहला हाइड्रोजन रेडी कॉम्बाइंड हीट एंड पावर प्लांट (सीएचपी) है जो कंपनी के स्टेनलो रिफाइनरी में बन रहा है। इसका निर्माण 2027 में पूरा होने की उम्मीद है। इस निवेश से ईईटी फ्यूल्स के वैश्विक स्तर पर न्यूनतम कार्बन उत्सर्जक रिफाइनरी बनने तथा ईईटी हाइड्रोजन के ब्रिटेन में लो-कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन में अग्रणी बनने की महत्वाकांक्षाओं को समर्थन मिलेगा।

एक नजर

प्रखंड परिसर मे छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

उंटारी रोड। पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा के 82 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरित शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ आशा साहु, बीईईओ महेन्द्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ आशा साहु ने कहा की साइकिल मिल जाने से ग्रामीण छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में अब काफी सहुलियत होगी। इसके अलावा ग्रामीण इलाके के छात्र छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा की सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। वही बीईईओ महेंद्र प्रजापति ने सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम का विस्तृत जानकारी दिया।

मुहर्रम का पहलाम 17 को, कर्बला में चादरपोशी

लातेहार। चंदवा में मुहर्रम की पहलाम 17 जुलाई को होगी। इसे लेकर मुस्लिम समुदाय की ओर से जोर शोर से तैयारी की जा रही है। 14 जुलाई सप्तमी को कामता स्थित कर्बला में चादरपोशी की जाएगी। इस आशय की जानकारी शुक्रबाजार के सदर असगर खान तथा समाजसेवी ग्यास खान ने दी है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को रविवार को शुक्रबाजार, परसाही, कामता, कुजरी, बेलवाही व चंदवा के अकीदतमंद जुलूस निकालकर कामता स्थित कर्बला में चादरपोशी की जाएगी। 15 जुलाई सोमवार को इमामबाड़ों से निशान और झंडों के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जो टोरी रेलवे क्रॉसिंग से वापस हो जाएगी। 16 जुलाई, मंगलवार को छोटकी चौकी का जुलूस मुख्य शहर होते इंदिरा गांधी चौक से वापस होगी। 17 जुलाई को पहलाम का ताजिया जुलूस निकाला जाएगा।

कर्ज से परेशान पिता ने बेटे से झड़प के बाद खाया जहरीला पदार्थ, मौत

पलामू। कर्ज से परेशान छतरपुर के केरकीकला के स्थायी निवासी और वर्तमान में छतरपुर-सरइडीह रोड में रहने वाले रमेश गुप्ता (52) ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रमेश गुप्ता पहले क्रशर चलाते थे। फिलवक्त उन्होंने टिपर गाड़ी रखी थी और उसी से छर्री ढोया करते थे। गाड़ी लोन पर रहने के कारण बकाया राशि काफी बढ गयी थी। फाइनेंस वाले जल्द भुगतान करने के लिए दबाव बना रहे थे। इस बीच उनके बेटे से किसी मामले में झड़प हुई, जिससे परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उसकी हालत खराब हुई तो पहले अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक शरारती तत्वों पर नजर रखने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था बनाये रकने को लेकर समाहरणालय में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुहर्रम को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्व में ही आवश्यक तैयारी पूरी कर लेने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही गयी।

मुहर्रम पर जुलूस निकालने वाले सभी अखाड़ों की सूची तैयार करने का निर्देश

बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मुहर्रम के अवसर पर जुलूस निकालने वाले सभी अखाड़ों की सूची तैयार कर लें तथा उन्हें पूर्व में ही सभी आवश्यक दिशानिर्देश दे दें। आगे उन्होंने कहा कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा उसका पूर्व में निर्धारण एवं सत्यापन कर लें।

संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से वीडियोग्राफी करने की व्यवस्था रखने का निर्देश

सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह पोस्ट किया जाता है तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारी को दें। उन्होने संवेदनशील स्थानों पर वीडियो कैमरा एवं ड्रोन से वीडियोग्राफी करने की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता व सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी व गश्ती करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक समेत कई अधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे।

अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी

रविदास ने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड स्तर पर की जाने वाले शांति समिति की बैठकों की जानकारी ली गयी। वैसे संवेदनशील स्थानों में जहां सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है, उन स्थानों पर विशेष नजर बनाए रखने व शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जुलूस निकाले जाने के दौरान बिजली से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को बिजली आपूर्ति बंद रखने का निर्देश दिया गया।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

इतिहास कायम रखने की जरूरत : ओपी प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। मुहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को देवरी ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी बब्लू कुमार ने की ,जबकि संचालन एएसआई प्रवीन बिलुंग ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति पूर्वक और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर ओपी प्रभारी ने कहा की देवरी ओपी क्षेत्र के दोनों संप्रदाय के लोगों के द्वारा जो आपसी भाईचारा और और सहयोग के साथ सभी पर्वो का मनाने का इतिहास रहा है, उसे कायम रखने की जररूत है। पर्व के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही उन्होंने जुलूस के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। वहीं ताजिया जुलूस के कमिटी के लोगों को लाइसेंस लेने होंगे और निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकालने की बात कही। इस मौके पर देवरी कला पंचायत के मुखिया मनोज भारती, बड़ेपुर पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव,देवरी मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष आरजू खान, संरक्षक इरफान आजाद, निजाम खान, यासीन अंसारी, सिराजुद्दीन, मो. असलम अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

15 तक वार्ता नहीं तो 16 से भूख हड़ताल पर जाएंगे ट्रक मालिक : राम

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित-प्रभावित ट्रक ऑनर एशोसिएशन का धरना पांचवें दिन भी जारी रही। ट्रक मालिकों एव ट्रांसपोर्टरों के बीच हुई वार्ता विफल रही। मगध परियोजना पदाधिकारी एस। सत्यनारायण के द्वारा पत्र जारी कर सभी ट्रांसपोर्टर को कहा गया था कि ट्रक मालिकों के साथ वार्ता करे। लेकिन विभिन्न कंपनियों के ट्रांसपोर्टर की जगह लिफ्टर वार्ता के लिए पहुंचे। जिस कारण वार्ता विफल रही। मौके पर बोलते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ में उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि अगर कंपनियों के डीओ होल्डर और ट्रांसपोर्टर आगामी 15 जुलाई तक वार्ता के लिए नहीं आते हैं तो सभी ट्रक मालिक 16 जुलाई से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। 10 नम्बर बैरियर के पास टेंट लगाकर धरना में बैठ जाएंगे। कहा कि इसके अलावा एसोसिएशन वर्ष 2018 का भाड़ा के अलावा पेपर खर्च नहीं लेने, अनलोडिंग के नाम पर अधिकतम 700, 500 रुपया ऑफिस खर्च, टीडीएस का पैसा ऑनलाइन काटने, भाड़ा चिट्ठी में भाड़ा दर्ज करने करने का निर्णय लिया गया।

पेपर खर्च के नाम पर अवैध उगाही बंद हो : संजीव

बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि अगर ट्रांसपोर्टर पेपर खर्च के नाम पर अवैध उगाही बंद नहीं करते है तो इसकी शिकायत ईडी से किया जाएगा और हाइकोर्ट में पीआईएल दाखिल किया जाएगा। इसके अलावा शंभू साव, मिथुन कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, त्रिवेणी साव, राजेश राम और पाली महतो समेत कई लोगो ने अपना-अपना विचार रखा और ट्रक मालिको अपने हक की लड़ाई में एकजुट रहने की बात कही। मौके पर कुलदीप सुनील यादव,राजेन्द्र राम, रंजीत यादव, संजय साव, पंकज केसरी, पंकज सिन्हा, अरुण केसरी मो। शमीम, कमलेश सिंह, राहुल अग्रवाल, नीरज कुमार, मो। शाहिद, मो।सद्दाम, गोविंद यादव, सोनू कुमार, गिरेन्द्र यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

पलामू में मनरेगा का खराब हाल

डीसी ने 4 प्रखंडों के बीडीओ और बीपीओ का वेतन रोका

नवीन मेल संवाददाता

पलामू। पलामू में मनरेगा का हाल बहुत बुरा है। यह तथ्य जब जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में सामने आया तो पलामू डीसी शशिरंजन ने पलामू के हैदरनगर, बिश्रामपुर, मोहम्मदगंज और मेदिनीनगर सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के वेतन रोकने के आदेश दे दिये।

प्रत्येक कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय खुला रखने का निर्देश

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने सभी पंचायत कार्यालय को प्रत्येक कार्य दिवस पर खुला रखने का निर्देश दिया। जिसमें पंचायत स्तरीय सभी कर्मी, मुखिया, पंचायत सचिव, जन सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, कृषि मित्र, वीएलई आदि प्रतिदिन पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे।

बरसात पूर्व मनरेगा से दर्जनों योजनाओं की स्वीकृति दी गयी

बताया जा रहा है कि बरसात पूर्व मनरेगा से दर्जनों योजनाओं की स्वीकृति दी गयी थी ताकि मजदूरों को रोजगार मिल सके, पलायन को रोका जा सके और बारिश का पानी संग्रहित किया जा सके। लेकिन इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में उक्त बीपीओ और बीडीओ ने रुचि नहीं दिखाई जिसके कारण डीसी ने उनके वेतन रोकने के आदेश दिये।

आईजी-डीआईजी ने की गोलीबारी आगजनी की कई घटनाओं की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। बोकारो जोनल आईजी माइकल राज एस और हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर शुक्रवार को चतरा पहुंचे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जिला के एसपी विकास पांडेय और सभी डीएसपी और कांड के आईओ के साथ समीक्षा बैठक की। इस क्रम में जिले के आगजनी मामलों, गोलीबारी की घटनाओं की समीक्षा की। साथ ईआरएसएस (डायल 112), सीपीएमएस, पीओसीएसओ आईटीएसएसओ आदि पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

अपराधियों और उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का निर्देश

डीआईजी सुनील भास्कर ने जिला के सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला में सक्रिय अपराधी और उग्रवादी संगठन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। जितने भी लंबित मामले हैं, इसका जल्द निष्पादन करें, साथ ही अफीम की खेती और गौ तस्करी पर लगाम लगाने का निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री से मिला वित्त रहित शिक्षकों का जत्था

शिक्षाकर्मियों की समस्याओं से हूं अवगत समाधान का शीघ्र होगा प्रयास : शिक्षा मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। वित्त रहित सैकड़ों शिक्षक और कर्मियों ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैजनाथ राम के आवास पर मिलकर उन्हें सम्मानित करने के बाद मांग पत्र दिया।इस संबंध में प्रेस को जानकारी देते हुए प्रतिनिधिमंडल में शामिल मनीष कुमार एवं अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने उन्हें विधिवत वार्ता के लिए अगले हफ्ते आमंत्रित किया है। शिक्षकों ने मांग पत्र में बताया है कि राज्य भर के इंटरमीडिएट कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मियों के हित में अब तक उनका प्रयास अनुसरणीय रहा है। दोगुना अनुदान हो या प्रस्वीकृति का मामला सहित अन्य समस्या का समाधान भी किया। उनके प्रयास से ही अनुदान राशि में 75 % बढ़ाने का अनुशंसा किया गया है। पर अनुमोदन प्राप्त यह संचिका आज तक मंत्री परिषद को नहीं भेजा गया। जबकि मुख्यमंत्री ने सदन में वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त करने और नियमावली बनाकर सरकारी कर्मियों के समान वेतन देने का आश्वासन भी दिया था। उन्होंने मंत्री को बताया कि सूबे के 25 से अधिक स्कूल, कॉलेज की प्रस्वीकृति स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 30 जनवरी को ही दिए जाने के बाद आज तक विभागीय मंत्री का अनुमोदन नहीं हो सका है। मंत्री ने उनकी मांगों पर गहनता से अध्ययन करने के बाद कहा कि उनके स्तर से प्राथमिकता देकर समाधान करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। इसके बाद मोर्चा के प्रतिनिधियों ने 31 जुलाई को पलामू में आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में शामिल होने का न्योता दिए जाने पर उन्होंने स्वीकार कर लिया है। सीएनटी ,एसपीटी एक्ट में संशोधन के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मामला को भी प्राथमिकता से लिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, देवनाथ सिंह, गणेश महतो, संजय कुमार, नरोत्तम सिंह, राजनंदन महतो, मनोज कुमार तिर्की, रघु विश्वकर्मा, अर्जुन पांडे,नविनय उराव, वीरेंद्र उराव, लोचन राम महतो, गुंजन कुमार, डालेश चौधरी, अशोक प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिका शामिल थी।

करंट की चपेट मे आने से मां -बेटे की मौत, परिवार में मचा कोहराम

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत में मां- बेटे की दर्दनाक मौत की घटना सामने आयी है। घटना गुरूवार की देर रात देवरी ओपी क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के बलिबिगहा गांव की बताई जाती है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बलीबिगहा गांव निवासी ओमप्रकाश कुमार की पत्नी किरण कुमारी 21वर्ष, घर में स्टैंड पंखा चल रहा था और उसमें नंगे तार की करंट प्रवाहित होने के कारण उसकी चपेट में आ गईं । मां को वहां देख उसका तीन वर्षीय पुत्र आर्दश कुमार भी बिजली की चपेट में आ गया। घर के अन्य सदस्यों ने मां- बेटे को लेकर तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने देखने के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार और समाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र मेहता अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। देवरी ओपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया, वहीं परिजनों व ग्रामीणों के अनुरोध पर दोनों मृत मां बेटे का बिना पोस्टमार्टम कराये शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में उदासी फैल गई। दो दिन पूर्व भी थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में बिजली की चपेट में आने से एक युवती की भी मौत की घटना हो चुकी है।

पेज एक का शेष

एचईसी हैंडओवर कर...

इसकी पुरानी रौनक वापस लाएंगे और यहां बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार देंगे। उन्होंने कहा उद्योगों की जननी के रूप में प्रसिद्ध रहा यह कारखाना बंद होने की कगार पर है। कभी यहां 30 से 35 हजार लोग काम करते थे और आज तीन हजार कर्मी भी नहीं हैं। हमारे निर्णय राज्य के लिए मील के पत्थर : हमारी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐसे निर्णय लिए हैं, जो इस राज्य के लिए आज मील का पत्थर साबित हो रहा है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जो आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा का पूरा खर्च दे रही है। हमारी सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की है। 10वीं और 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को यह कार्ड दिया जाएगा। इसके जरिए वे 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन आसानी से ले सकेंगे। बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। इंजीनियरिंग मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने और विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग सरकार दे रही है। हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना का तोहफा सरकारी कर्मियों को दिया है। वहीं, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर समाज के कमजोर और वंचित लोगों को मजबूत बनाने का कार्य क्या है। सभी वर्गों के प्रति हमारी सरकार की संवेदनाएं हैं। हम बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए योजनाएं लेकर आपके बीच आए हैं। इन योजनाओं का मकसद आपको बेहतर जीवन देने के साथ बेहतर राज्य का निर्माण करना है। हमारी सरकार सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

देवघर श्रावणी मेले में...

एसडीपीओ ने कहा कि देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। किस पुलिसकर्मी और पदाधिकारी की कहां ड्यूटी लगेगी इस बाबत जल्द ही सूचना दे दी जाएगी। जिले में आठ हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए उच्च पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है ताकि जल्द ही बाहर के जिले से आए पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया जा सके। एसडीपीओ ने कहा कि बाहर से आए जवानों को जल्द ही इस संबंध में ब्रीफ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सावन के महीने में देवघर जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखना पुलिस प्रशासन के लिए एक चुनौती होती है। इस कारण देवघर पुलिस श्रावणी मेला से पहले सारी व्यवस्था सुदृढ़ करने में जुटी है।विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू होगा। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देवघर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शहर की विधि-व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। देवघर के एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिसकर्मियों के ठहराव के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। इसके अलावा सभी पुलिसकर्मियों की किस जगह पर तैनाती होगी इसे लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि देवघर श्रावणी मेला के दौरान पूरे एक महीने अत्यधिक भीड़ होती है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं। ऐसे में जिले की यातायात व्यवस्था में भी कई बदलाव किए जाते हैं, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

एसडीपीओ ने कहा कि देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। किस पुलिसकर्मी और पदाधिकारी की कहां ड्यूटी लगेगी इस बाबत जल्द ही सूचना दे दी जाएगी। जिले में आठ हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए उच्च पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है ताकि जल्द ही बाहर के जिले से आए पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया जा सके। एसडीपीओ ने कहा कि बाहर से आए जवानों को जल्द ही इस संबंध में ब्रीफ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सावन के महीने में देवघर जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखना पुलिस प्रशासन के लिए एक चुनौती होती है। इस कारण देवघर पुलिस श्रावणी मेला से पहले सारी व्यवस्था सुदृढ़ करने में जुटी है।

झारखंड में मानसून फिर...

14 जुलाई को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। केंद्र के अनुसार 15 जुलाई से 18 जुलाई तक राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। रांची में बारिश होने से एकतरफ तो गर्मी से राहत मिली। बारिश से लोगों को ऑफिस खत्म करने के बाद घर जाने में देरी और परेशानी हुई लेकिन बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी लौट आई। बारिश होने से किसानों को खेती में मदद मिलेगी। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि बादल गरजने के दौरान आसमानी बिजली गिर सकती है। इसलिए बारिश को दौरान किसान अपने-अपने खेतों से किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। बारिश के दौरान ऐसा देखा गया है कि बारिश के दौरान बच्चे बाहर खेलने निकलते हैं और वज्रपात की वजह से उनकी मौत हो जाती है। इसलिए जब बारिश हो तो बाहर न निकलें।

सबसे अधिक आबादी...

भारतीयों की जीने की उम्मीद वर्तमान 72.24 वर्ष से बढ़कर 2100 तक 83.3 वर्ष हो जाएगी। रिपोर्ट ये भी दावा करती है कि, अगले 30 वर्षों में पाकिस्तान दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाएगा। पाकिस्तान की वर्तमान जनसंख्या 251 मिलियन से बढ़कर 2054 में 389 मिलियन हो जाएगी। यानि पाक की जनसंख्या संयुक्त राज्य अमेरिका और इंडोनेशिया से आगे निकल जाएगी। तब भारत की जनसंख्या 1.69 अरब और चीन की 1.21 अरब होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विकास के सहायक महासचिव नवीद हनीफ के अनुसार, विश्व की जनसंख्या 2080 के दशक के मध्य में अपने चरम पर होगी, जो अगले 60 वर्षों में वर्तमान 8.2 अरब से बढ़कर लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। यह सदी के अंत तक घटकर करीब 10.2 अरब हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बच्चों से ज्यादा होगी।

केजरीवाल को शर्तों...

लेकिन वह मुख्यमंत्री के तौर पर कामकाज नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री दफ्तर या दिल्ली सचिवालय भी नहीं जा सकते हैं। इसके अलावा किसी फाइल पर साइन भी नहीं कर सकते हैं। वहीं अरविंद केजरीवाल इस मामले में अपनी भूमिका को लेकर मीडिया में बयानबाजी भी नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल किसी गवाह से बात नहीं कर सकते हैं और ना ही इस केस से जुड़े किसी आधिकारिक फाइल को वह देख सकते हैं। यदि वह इनमें से कोई भी शर्त का उल्लंघन करते हैं तो उनकी अंतरिम जमानत खत्म हो जाएगी और उन्हें फिर से जेल जाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर 17 मई को ही सुनवाई पूरी हो चुकी थी। उसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया और कहा कि अरविंद केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से जेल में बंद हैं और जब तक बड़ी बेंच मामले पर सुनवाई नहीं कर लेती है, तब तक उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री पद को लेकर कोर्ट ने कहा कि उन्हें इसे छोड़ना है या इस पर बने रहना है, इसका फैसला उन्हें खुद करना है। इस पर हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

ब्रीफ न्यूज

कर्नाटक में एससी-एसटी फंड से पूरी की जा रही पांच गारंटियां : कानून मंत्री

नई दिल्ली। कर्नाटक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण फंड के गलत इस्तेमाल को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति उप-योजना की धनराशि का इस्तेमाल पांच गारंटियों के लिए कर रही है। यह दलित समुदाय के लोगों के साथ धोखा है। यह राशि उनके कल्याण के लिए खर्च की जानी थी। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि एससी-एसटी कल्याण फंड की 14730.53 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल पांच गारंटियों को पूरा करने में लगाया जा रहा है। कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी जहां संविधान की प्रतियां लेकर घूमते रहते हैं।

यूकेएचएसए का दावा : ब्रिटेन में काली खांसी से नौ शिशुओं की मौत

लंदन । ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने काली खांसी से अब तक नौ शिशुओं की मौत की पुष्टि की है। 2023 नवंबर की शुरुआत में ये बीमारी फैलनी शुरू हुई थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 2024 के पहले पांच महीनों में 7,599 बच्चे और वयस्क इस बीमारी से संक्रमित हुए। यह बीमारी फेफड़ों और श्वास नलियों को प्रभावित करती है और आसानी से फैल जाती है।

इजराइल के रक्षा मंत्री ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले की जांच की मांग की

यरूशलेम। इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच समिति गठित करने की मांग की है। उनके मुताबिक ये समिति सरकार, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के काम करने के तरीकों की जांच करेगी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय जांच आयोग एक स्वतंत्र निकाय होगा, जिसकी अध्यक्षता एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे, जिसके पास व्यापक शक्तियां होंगी।

हम वैश्विक संकट के बीच आजीविका संरक्षण को दे रहे प्राथमिकता : ओम

10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं लोकसभा अध्यक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली । लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक संकट के बीच आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दे रहा है। वह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने और वैश्विक संकट के परिणामों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में संसदों की भूमिका विषय पर पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि प्रौद्योगिकीय व्यवधान तथा नियोजन और कौशल पर इसके प्रभाव की वैश्विक चुनौती को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि हम अल्पावधि और मध्यम अवधि में आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दें। उन्होंने सदस्य देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों से निपटने और सभी के लिए एक बेहतर और समृद्ध भविष्य के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

पर्यावरण लक्ष्य को न्यायसंगत तरीके से प्राप्त करना महत्वपूर्ण

इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि सतत विकास में पर्यावरण संरक्षण शामिल है, तथापि विभिन्न देशों के अलग-अलग आर्थिक विकास स्तरों को ध्यान में रखते हुए इस लक्ष्य को न्यायसंगत तरीके से प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा कि पर्यावरण संबंधी कार्रवाईयों के रूप में उचित ठहराए जाने वाले एकतरफा उपायों से व्यापार प्रभावित हो रहा है, विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

जो करेगा जाति की बात, उसको मारूंगा कसकर लात

कोई भी जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता : नितिन गडकरी

-ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री व पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी ने जात-पात करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की राजनीति हो रही है। मैं किसी भी तरह के जात-पात को नहीं मानता हूं और जो इसकी बात करेगा तो मैं उसको कसकर लात मारूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 40 प्रतिशत मुसलमान हैं। मैंने उनको पहले ही बता दिया था कि मैं आरएसएस वाला हूं, हाफ चड्डी वाला हूं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना ना पड़े। गडकरी ने कहा कि जो मुझे वोट देगा, उनका भी काम होगा और जो वोट नहीं देगा उनका काम भी मैं करूंगा। गडकरी ने कहा कि कोई भी शख्स जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता है। गरीबी, भुखमरी व रोजगार सबके लिए है। सिलेंडर हो या कोई अन्य चीज अगड़ी व पिछड़ी जाति के लोग एक ही रेट पर खरीदते हैं। पेट्रोल हिंदू व मुसलमान एक ही कीमत पर खरीदते हैं। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र में जातिवाद बढ़ रहा है और यह विकास को खत्म करने वाला है। सभी राजनीतिक नेताओं को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिए बिना जनसेवा व विकास की राजनीति करनी चाहिए। महाराष्ट्र में 6 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रिंग रोड बनाए जाएंगे।। नेताओं और कार्यकतार्ओं को जनता की जरूरतों को समझना चाहिए और उन्हें पूरा करना चाहिए। तब ही जनता वोट के रूप में अपना आशीर्वाद देगी।

पुजारी का बेटा शिवम मिश्रा बना सीए टॉपर

पिता ने कथा बांचकर दी फीस

-ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली के शिवम मिश्रा ने सीए फाइनल 2024 में टॉप किया है। वह पहले प्रयास में ही दोनों समूहों वन और टू में सीए फाइनल परीक्षा में सफल रहे। शिवम को सीए फाउंडेशन परीक्षा में एआईआर 50 और इंटरमीडिएट स्तर की परीक्षा में एआईआर 20वें नंबर पर रखा गया था। अब शिवम मिश्रा ने सीए फाइनल मई 2024 परीक्षा में टॉप किया है। शिवम को 600 में से 500 अंक मिले हैं। शिवम को 83.33 प्रतिशत अंक मिला है। शिवम 2019 में सीए फाउंडेशन परीक्षा में एआईआर 50 और 2020 के इंटरमीडिएट स्तर की परीक्षा में एआईआर 20वें नंबर पर थे। उनके पिता पुजारी हैं। शिवम अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं जो नौकरी करने वाले हैं। शिवम का कहना है मेरे परिवार का कोई सदस्य नौकरी नहीं करता है। मेरा परिवार लंबे समय से पूजा व कथाएं आयोजित करता रहा है। मैं परिवार में पहला हूं जो कुछ अलग कर रहा हूं। पिता ने दक्षिणा में मिलने वाले पैसों से उनकी फीस भरी है। उनकी मां एक गृहिणी हैं। बीते कुछ माह शिवम ने अपनी सीए फाइनल की तैयारी के लिए हर दिन 10-12 घंटे समय दिए। मॉक टेस्ट व पिछले कई सालों के प्रश्न पत्र सॉल्व करने के अभ्यास ने उन्हें सफलता दिलाई। वह एक ऑनलाइन कोचिंग क्लास भी किये। उनका कहना है, ऑनलाइन क्लासेस मुझे सही लगी, क्योंकि मैं अपनी ट्रेनिंग भी बीएसआर-केपीएमजी बीआईजी 4 से कर रहा हूं। मैं अपना ऑफिस खत्म करने के बाद रिकॉर्ड किए गए क्लास के मार्फत सीख सकता था। मुझे उससे बहुत मदद मिली। ऑनलाइन कोचिंग के मार्फत उनका यात्रा करने का समय बच गया। उन्होंने अपनी तैयारी के अंतिम साढ़े पांच माह रिवीजन व मॉक टेस्ट देने में दिए। उन्होंने आगे बताया, इस समय मैंने सब्जेक्ट्स को चार बार दोहराया। नोट्स खुद नहीं बनाए बल्कि कोचिंग संस्थान व आईसीएआई ने जो नोट्स दिए उसी से पढ़ाई की। उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रेस खत्म करने के लिए वह ऑनलाइन गेम खेलते थे। 22 वर्षीय शिवम ने 2022 में दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम में ऑनर्स किया। 2019 में केंद्रीय विद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी।

भाजपा ने अरविंद केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए इस्तीफा मांगा है। भाजपा ने कहा कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। आज जो आदेश आया है, उसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जीत नहीं है।

एजुकेशन/करियर

रजनीश । माइनिंग इंजीनियरिंग जमीन के नीचे और ऊपर पाए जाने वाले मिनरल्स से जुड़ी हुई है। माइनिंग इंजीनियरिंग कई अन्य स जेक्ट से भी जुड़ी हुई है, जैसे- मिनरल्स प्रोसेसिंग, एक्सप्लोरेशन, एक्सकैवेशन, जियोलॉजी और मेटलर्जी, जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग और सर्वे। एक माइनिंग इंजीनियर मिनरल्स संसाधन की खोज, खान डिजाइन, योजना को विकसित करने तक के सब काम करता है।

माइनिंग इंजीनियरिंग खोलता है भविष्य के द्वार

क्यों करना ताहिए मइनिंग इंजीनियरिंग

- जमीन के नीचे और ऊपर पाए जाने वाले खनिजों के बारे जानने में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए माइनिंग इंजीनियरिंग बेस्ट है।
- माइनिंग इंजीनियरिंग में खनिज प्रोसेसिंग, एक्सप्लोरेशन, एक्सकैवेशन, जियोलॉजी और धातु विज्ञान, जियो टेक्निकल इंजीनियरिंग और सर्वे आदि के बारे में सीखने को मिलता है।
- माइनिंग इंजीनियरिंग में खनिजों के पहचान करने से लेकर उसकी उपयोगिता और प्रोसेसिंग के बारे में भी पढ़ाया जाता है। जो ज्ञान को बढ़ाने के साथ साथ रिसर्च में भी मदद करती है।
- सार्वजनिक क्षेत्र या गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशंस में माइनिंग इंजीनियरिंग में नौकरी के कई अवसर हैं। माइनिंग इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री वाले उम्मीदवारों का शिक्षण पेशे में एक आशाजनक भविष्य है।
- माइनिंग इंजीनियरों के लिए रोजगार के कई विकल्प हैं। सऊदी अरब, कुवैत, कतर और यूके सहित अरब राष्ट्र योग्य आवेदकों को आकर्षक पेशेवर संभावनाएं प्रदान करते हैं।

कोर्सेज

- डिप्लोमा इन माइनिंगइंजीनियरिंग
- बीई मेकेनिकल इंजीनियरिंग
- बीई हॉनर्स साइंस मेजर इन माइनिंग इंजीनियरिंग
- बीएससी माइनिंगइंजीनियरिंग
- एमई माइनिंग इंजीनियरिंग
- बीटेक और एमटेक माइनिंग इंजीनियरिंग

भारतीय विश्वविद्यालय

- आईआईटी खरगपुर – इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी , खरगपुर
- आईआईटी वाराणसी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, वाराणसी
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईएसएम), धनबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कर्नाटका, सुरथकाल, मंगलौर
- एनआईटी राउरकेला- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, राउरकेला
- विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, नागपुर
- एनआईटी रायपुर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, रायपुर
- कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, अन्ना यूनिवर्सिटी गाइड, चेन्नई
- रूंगटा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई

विदेशी यूनिवर्सिटीज

- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ क्वींसलैंड
- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यू साउथ वेल्स
- वर्जिनिया टेक
- कर्टिन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ वोलांगोंग
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ एक्सेटर
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ एरिज़ोना
- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिलेड
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ अल्बर्टा
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- इम्पीरियल कॉलेज लंदन
- मोनाश विश्वविद्यालय
- कैम्ब्रियन कॉलेज
- ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय
- एडिलेड विश्वविद्यालय

नौकरी देने वाली कंपनियां

- टाटा माइंस
- आदित्य बिड़ला
- हिंडाल्को
- वेदांता लिमिटेड
- भारत एल्युमीनियम कंपनी
- लार्सन एंड टर्बो
- अदानी माइनिंग प्रा. लिमिटेड
- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड
- एस्सेल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
- राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड
- कोल इंडिया लिमिटेड

जॉब करने का क्षेत्र

- **माइनिंग इंजीनियर:** एक माइनिंग इंजीनियर, मामाइनिंग में नए प्रोपोसड वेंचर्स की कमर्शियल प्रक्टिकलिटी को रिव्यु करते हैं। माइनिंग इंजीनियर, संभावित खनन स्थलों की डिजाइन और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स के सुपरविजन करते हैं।
- **व्याख्याता:** व्याख्याता अपने विषय के विशेषज्ञ हैं, जो तरीके और मंच की सहायता से कोर्सेज को डिजाइन, विकसित और सामग्री वितरित करने में मदद करते हैं। व्याख्याता, शोध और क्षेत्र कार्य भी करते हैं।
- **माइनिंग सेफ्टी इंजीनियर:** माइनिंग सेफ्टी इंजीनियर, कर्मचारियों की सुरक्षा का ध्यान रखने के साथ-साथ राज्य और फ़ेडरल सेफ्टी रेगुलेशन को फॉलो करता है।
- **ऑपरेशंस मैनेजर:** एक ऑपरेशंस मैनेजर विभाग में सभी विकास गतिविधियों की जानकारी और कंपनी के उद्देश्यों और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए रणनीतियाँ बनाता है।
- **डिजाइन इंजीनियर:** एक डिजाइन इंजीनियर, गणना और संरचनात्मक डिजाइन का ऑब्जर्वेशन और संचालन करता है।